भोपाल ■ शुक्रवार 15 मई 2026 ■ वर्ष -10 ■ अंक-80 ■ पृष्ठ-12 ■ मूल्य-₹04

दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज

**सुविचार**
जितना कठिन संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी।

# अर्थव्यवस्था की अग्निपरीक्षा

## भारत में थोक महंगाई अप्रैल में 8.30 फीसदी पहुंची, एक महीने में दोगुनी

- दावा-अप्रैल में महंगाई 42 माह में सबसे ज्यादा
- रोजाना जरूरत के सामान और गैस-बिजली के दाम बढ़े
- ईरान जंग का असर: कच्चे तेल के दाम में उछाल से दबाव

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। गुरुवार को वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में भारी उछाल दर्ज किया गया है। दरअसल, अप्रैल में थोक महंगाई दोगुने से ज्यादा बढ़कर 8.30 फीसदी पर पहुंच गई है। मार्च में यह 3.88 फीसदी पर थी। अप्रैल में महंगाई 42 महीने में सबसे ज्यादा है। अक्टूबर 2022 में ये 8.39 फीसदी पर पहुंच गई थी। महंगाई बढ़ने की वजह रोजाना जरूरत की चीजें और फ्यूल के दाम बढ़ना है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। यह तनाव लंबा चला तो महंगाई आगे और बढ़ सकती है। इस तनाव के वजह से क्रूड ऑयल के दाम 100 डॉलर के पार पहुंच गए हैं। थोक महंगाई में आया यह तेज उछाल सीधे तौर पर पश्चिम एशिया में चल रहे संकट को दर्शाता है।



### जरूरत का सामान महंगा

रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई 6.36 से बढ़कर 9.17 फीसदी हो गई। खाने-पीने की चीजों की महंगाई 1.85 से बढ़कर 1.98 फीसदी पर पहुंच गई है। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 3.39 से बढ़कर 4.62 प्रतिशत रही।

### विभिन्न क्षेत्रों और उत्पादों पर असर

**ईंधन और बिजली:** इस क्षेत्र में महंगाई दर मार्च के 1.05 प्रतिशत से उछलकर अप्रैल में 24.71 प्रतिशत हो गई है।

**कच्चा पेट्रोलियम:** कच्चे पेट्रोलियम की महंगाई दर पिछले महीने के 51.5 प्रतिशत के मुकाबले अप्रैल में 88.06 प्रतिशत तक पहुंच गई।

**पेट्रोल डीजल:** पेट्रोल में महंगाई दर 2.50 प्रतिशत से बढ़कर 32.40 प्रतिशत हो गई, जबकि हाई-स्पीड डीजल में यह 3.26 प्रतिशत से बढ़कर 25.19 प्रतिशत पर पहुंच गई।

**एलपीजी:** एलपीजी की महंगाई दर मार्च के (-) 1.54 प्रतिशत के मुकाबले अप्रैल में सकारात्मक 10.92 प्रतिशत दर्ज की गई।

**खाद्य-गैर-खाद्य वस्तुएं:** खाद्य पदार्थों की महंगाई दर मार्च के 1.90 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल में मामूली बढ़कर 1.98 प्रतिशत रही। वहीं, गैर-खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 11.5 प्रतिशत से बढ़कर 12.18 प्रतिशत हो गई।

# दिल्ली में अब दो दिन वर्क फ्रॉम होम

- प्रधानमंत्री के पेट्रोल-डीजल बचाने के आह्वान का असर
- महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस बाइक से विधानसभा पहुंचे
- यूपी में 50 कर्मचारियों वाले ऑफिस में 2 दिन घर से काम
- ओडिशा के सीएम ने काफिले में गाड़ियां घटाईं
- त्रिपुरा में 50 फीसदी कर्मचारी ऑफिस आएंगे
- हरियाणा के सीएम 1 दिन बिना गाड़ी के चलेंगे
- राजस्थान सीएम के काफिले में अब 5 गाड़ियां



पीएम नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने के आह्वान का असर 12 राज्यों में दिख रहा है। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस गुरुवार को एमएलसी शपथ ग्रहण समारोह के लिए बाइक से विधान भवन पहुंचे। वहीं दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने पेट्रोल-डीजल की बचत के लिए नए आदेश जारी किए। अब दिल्ली में सरकारी कर्मचारी हफ्ते में 2 दिन वर्क फ्रॉम होम करेंगे। 50 फीसदी सरकारी बैठकें ऑनलाइन होंगी और कोई भी मंत्री 1 साल तक विदेशी दौरे पर नहीं जाएगा। त्रिपुरा में सिर्फ 50 फीसदी कर्मचारी ही ऑफिस आएंगे, बाकी कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे। इधर, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सप्ताह में कम से कम एक दिन मेट्रो, बस, ई-रिक्शा, कारपूलिंग या साइकिल का उपयोग करें। इमरजेंसी छोड़कर विदेशी यात्रा करना छोड़ना होगा। सीएम ने यह भी कहा कि जिन कार्यालयों में 50 से अधिक कर्मचारी हैं, वहां 2 दिन वर्क फ्रॉम होम की सुविधा दी जाए।



## भारत ने शुगर निर्यात पर सितंबर तक रोक

इधर, केंद्र ने चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। ये रोक देश में चीनी यानी शुगर की उपलब्धता बनाए रखने और कीमतों को काबू में रखने के लिए लगाई गई है। रोक 30 सितंबर 2026 तक या अगले आदेश तक लागू रहेगी। केंद्र ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, रॉ शुगर, व्हाइट शुगर और रिफाइंड शुगर की एक्सपोर्ट पॉलिसी में बदलाव किया गया है। अब बिना सरकारी इजाजत के चीनी का निर्यात नहीं किया जा सकेगा।

## सोना अब 1.61 लाख रुपए तोला



उधर, सोना के दाम में बढ़त दर्ज की गई। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 382 बढ़कर 1.61 लाख पर पहुंच गया है। वहीं 1 किलो चांदी का भाव 370 गिरकर 2.87 लाख पर आ गया है। सोने-चांदी की कीमत में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 28 और चांदी 57 हजार महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख पर था, जो अब 1.61 लाख पर पहुंच गया है।

# अब 19 राज्यों में मतदाता का होगा 'शुद्धिकरण'

## भारत चुनाव आयोग ने एसआईआर के तीसरे चरण का किया एलान

- 30 मई से 23 दिसंबर के बीच होगा वेरिफिकेशन
- पंजाब, उत्तराखंड व मणिपुर में अगले साल चुनाव
- हिमाचल,जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बाद में होगा



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

केंद्रीय चुनाव आयोग ने एसआईआर के तीसरे चरण की घोषणा की है। इसके तहत देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा। आयोग के अनुसार, जनगणना के तहत चल रही गृह-सूचीकरण प्रक्रिया के साथ साझा जमीनी तंत्र को ध्यान में रखते हुए एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम तय कर लिया गया है। एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ वोटर के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। यह पूरा कार्यक्रम 30 मई से शुरू होकर दिसंबर 2026 तक चलेगा और अलग-अलग राज्यों में अंतिम मतदाता सूची सितंबर से दिसंबर 2026 के बीच प्रकाशित की जाएगी।

### तीन राज्यों में नहीं होगा

आयोग ने बताया कि एसआईआर का तीसरा चरण पूरा होने के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरा देश इसमें कवर हो जाएगा। हिमाचल, जम्मू और लद्दाख में मतदाता सूची के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी, जिसमें बर्फ से ढके क्षेत्रों में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखा जाएगा। मतदाता सूची के तीसरे चरण में दिल्ली को शामिल किया जाएगा, जहां 7 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

### एसआईआर वोले राज्य

आंध्र प्रदेश, झारखंड, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, ओडिशा, उत्तराखंड, तेलंगाना, हरियाणा, मिजोरम, सिक्किम, पंजाब, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, दिल्ली, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली और दमन-दीव शामिल है।

### 12 राज्य में हो चुका सत्यापन

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर का दूसरा चरण नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवंबर 2205 से किया गया था। इस चरण में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुदुचेरी, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एसआईआर किया गया। इनमें से चुनावी राज्य तमिलनाडु, पुदुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल थे।

## यूसीसी लागू होने के बाद हरिद्वार में पहली एफआईआर दर्ज

**देश में पहला हलाला का मामला आया सामने**

**रुड़की।** हरिद्वार जिले के रुड़की में देश पहला हलाला का मामला सामने आया है जिसमें पुलिस ने यूसीसी के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही चार्जशीट भी फाइल कर दी है। उत्तराखंड में लागू यूसीसी के बाद हरिद्वार जिले के भगवानपुर क्षेत्र से एक बड़ा मामला सामने आया है। बुग्गावाला थाना क्षेत्र के मुजाहिदपुर बंदरजूड गांव में दर्ज दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक केस की जांच के दौरान पुलिस ने पहली बार हलाला को भी अपराध मानते हुए चार्जशीट में शामिल किया है। पीड़िता ने पति दानिश पर जबरन हलाला कराने, मारपीट करने और घर से निकालने के आरोप लगाए थे। जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई आगे बढ़ाई। इसे देश में हलाला को अपराध की श्रेणी में शामिल करने का पहला मामला माना जा रहा है।

# देवास की पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, तीन लोगों की मौत

- 25 लोग घायल,यूपी-बिहार के रहने वाले श्रमिक
- शवों के टुकड़े फैक्ट्री बाहर 20-25 फीट दूर गिरे
- फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में लिया गया
- मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता का एलान

**सत्ता सुधार ■ देवास/ भोपाल**

मध्यप्रदेश के देवास जिले के टोंककलां इलाके में गुरुवार सुबह 11:30 बजे पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका हुआ। हादसे में धीरज, सनी और सुमित नाम के तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए हैं। मजदूर यूपी, बिहार और मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। धमाका इतना तेज था कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। विस्फोट में फैक्ट्री की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद प्रशासन ने फैक्ट्री को सील कर दिया। वहीं, पुलिस ने फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है।



### सीएम ने दिए जांच के आदेश 4-4 लाख रुपए मुआवजा

इधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दु:ख जताया। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा समेत वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर जांच के निर्देश दिए। साथ ही सरकार ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और घायलों के मुफ्त इलाज की घोषणा की।

**7 इंदौर किए गए रेफर-** देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया-12 घायल देवास जिला अस्पताल में भर्ती हैं। छह लोग देवास के अमलतास अस्पताल में भर्ती हैं। इंदौर के एमवाय अस्पताल में तीन और चोइथराम में 4 घायलों का इलाज चल रहा है।

# एक मिनट में बुक होंगे 1.5 लाख टिकट रेलवे बदलेगा 40 साल पुराना सिस्टम

- अगस्त माह से नया सिस्टम तेजी से बुक करेगा
- लोगों को पसंदीदा सीट चुनने का विकल्प मिलेगा
- अब क्षेत्रीय भाषाओं में बुकिंग की सुविधा होगी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे अगस्त से चार दशक पुराना पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम बदलने जा रहा है। मौजूदा पीआरएस 1986 में शुरू हुआ था, जो इटेनियम सर्वर और ओपन वीएमएस तकनीक पर आधारित है। अब इस तकनीक को बदलकर रेलवे क्लाउड आधारित नया सिस्टम लागू करेगा। पुराने सिस्टम में एक मिनट में 32,000 टिकट बुक होते हैं, जबकि नया सिस्टम 1.5 लाख टिकट प्रति मिनट बुक कर सकेगा। ट्रेन उपलब्धता देखने की क्षमता 4 लाख हो जाएगी। यात्रियों को प्लेन की तरह सीट चुनने का रेलवे टिकट में भी विकल्प मिलेगा।

## केरलम के नए सीएम होंगे वीडी सतीशन

**तिरुवनंतपुरम।** खींचतान के बीच अंततः कांग्रेस ने केरलम का सीएम गुरुवार को घोषित कर दिया। जी हां.. कांग्रेस नेता वीडी सतीशन केरलम के नए सीएम होंगे। कांग्रेस ने राज्य के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद इसका ऐलान किया। 61 साल के सतीशन परावूर सीट से विधायक हैं। नाम के ऐलान के बाद वीडी ने कहा- मैं इस पद को निजी उपलब्धि नहीं, दैवीय कृपा मानता हूं। मैं वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला समेत सभी नेताओं को अपने विश्वास में लूंगा। शपथ ग्रहण समारोह 18 मई को होगा।

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में 'हाजी अली' पर ड्रोन अटैक

- समंदर में समा गया जहाज, भारत बोला-ये बर्दाश्त नहीं
- सभी सदस्यों ने लाइफ बोट का इस्तेमाल कर जान बचाई

**नई दिल्ली।** स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में भारत के एक जहाज पर हमला हुआ है। हाजी अली नाम के इस जहाज पर ओमान के समुद्री तट पर ड्रोन से हमला हुआ है। ड्रोन का ये हमला इतना भीषण था कि पूरा का पूरा जहाज ही समंदर में डूब गया है। ये एक कार्गो शिप था। ईरान वॉर के दौरान भारत के शिप पर ड्रोन हमले की ये चुनिंदा घटना है। हालांकि अभी ये पता नहीं चल पाया है कि हमला किसने किया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस हमले की तीखी निंदा की है और इसे अस्वीकार्य बताया और कहा- हम इस बात की कड़ी निंदा करते हैं कि वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक नाविकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। जहाज पर क्रू के 14 लोग सवार थे। ओमान की नेवी ने दावा किया है कि इन 14 लोगों को बचा लिया गया है। मालवाहक जहाजहाजी अली गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले का है। अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में भारतीय जहाज डूबने की ये दूसरी घटना है।

# खजुराहो में पारा 45.4 और जैसलमेर में 46.1 पर पहुंचा

- मध्यप्रदेश-गुजरात और राजस्थान में भीषण गर्मी का कहर
- भोपाल में 45 पर पहुंचा पारा, जिलों में रेड अलर्ट

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**



देश के अधिकांश राज्यों के साथ मध्य प्रदेश और उत्तर-पश्चिम भारत भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। मध्यप्रदेश के खजुराहो, रतलाम और धार जैसे कई शहरों में तापमान 45-46 तक पहुंच गया है। 18 मई तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में रेड/ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। यही नहीं, रातों का तापमान भी काफी अधिक बना हुआ है। गुरुवार को मध्यप्रदेश में सर्वाधिक तापमान 45.4 डिग्री खजुराहो में दर्ज किया गया। वहीं मई में राजधानी भोपाल में पहली बार पारा 45 डिग्री पहुंच गया। इधर, इंदौर और उज्जैन सहित मालवा क्षेत्र में रातें भी बहुत गर्म हो गई हैं। न्यूनतम तापमान सामान्य से छह डिग्री ऊपर पहुंच गया है, जिससे राहत नहीं मिल रही है।

| शरह | तापमान |
|---|---|
| खजुराहो | 45.4 |
| रतलाम | 45.2 |
| धार | 45.0 |
| भोपाल | 44.9 |
| विदिशा | 44.8 |

**महाराष्ट्र में हीटवेव -** राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और हरियाणा के भी कई हिस्सों में हीटवेव की स्थिति है। राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 46 डिग्री तक दर्ज किया गया। जैसलमेर 46.1 डिग्री दर्ज किया गया। इसके साथ ही राज्य के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

**विरोध** पूर्व सीएम ममता बनर्जी वकील की पोशाक में पहुंचीं कलकत्ता हाईकोर्ट, बार काउंसिल ने मांग लिया सर्टिफिकेट

# वकालत करने पहुंची ममता, बुआ चोर-भतीजा चोर के लगे नारे

## चुनावी हिंसा से जुड़े केस की पैरवी, कहा-बंगाल बुलडोजर स्टेट नहीं

**एजेंसी ■ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी एक बार फिर वकीलों की पोशाक पहनकर कोर्ट में दलीलें देने पहुंची। ममता गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुजॉय पाल और जस्टिस पार्थसारथी सेन के सामने पेश हुईं। मामला हाल के राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद हुई चुनावी हिंसा से जुड़ी जनहित याचिका का था। सुनवाई के दौरान ममता ने कोर्ट को बताया कि राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। इसमें बुलडोजर एक्शन भी शामिल है। पुलिस एफआईआर दर्ज करने की अनुमति नहीं दे रही है। उन्होंने टीमएसी कार्यकर्ताओं पर हमले, आगजनी और हत्याओं के आरोप लगाते हुए कोर्ट से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की।



### मेरा नाम 1995 में वकील के तौर पर दर्ज हुआ था, रजिस्ट्रेशन भी अपडेट

अदालत में ममता ने कहा कि बंगाल कोई बुलडोजर स्टेट नहीं है और कानून के दायरे में रहकर ही कार्रवाई होनी चाहिए। राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से मामलों को नहीं देखा जाना चाहिए। वहीं पुलिस ने कोर्ट में कहा कि सभी घटनाएं चुनाव के बाद नहीं हुए हैं। इसके साथ ही सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जा रही है। ममता ने कोर्ट में कहा मेरा नाम 1995 में वकील के तौर पर दर्ज हुआ था, मैंने रेगुलर रजिस्ट्रेशन अपडेट करवाया है। कोर्ट रूम में वकीलों के बीच बैठीं ममता बनर्जी, वे अपनी सिग्नेचर सफेद साड़ी पर काला कोट पहने नजर आईं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने पश्चिम बंगाल बार काउंसिल को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एनरोलमेंट और वकालत के रिकॉर्ड मांगे हैं। बीसीआई ने एनरोलमेंट, प्रैक्टिस के निलंबन और प्रैक्टिस सर्टिफिकेट की जानकारी दो दिन के भीतर देने को कहा है।

इधर, सुनवाई के बाद जब ममता कोर्ट रूम से बाहर निकलीं, तो गलियारों में मौजूद वकीलों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। सभी वकीलों ने ममता को देखकर बुआ चोर-भतीजे चोर के नारे लगाने लगे। यही नहीं, नारेबाजी के दौरान कुछ अपशब्दों का भी प्रयोग किया गया। इस तनावपूर्ण स्थिति के बीच ममता ने वकीलों की ओर इशारा करते हुए कहा कि इन लोगों ने मुझे मारा है।

## ब्रीफ न्यूज

### छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान

**भोपाल।** फर्जी विश्वविद्यालयों और अवैध शिक्षण संस्थानों के जाल से विद्यार्थियों को बचाने के लिए मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशों के तहत व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है। प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यूजीसी ने वर्तमान प्रवेश सत्र को देखते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शैक्षणिक संस्थानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। आयोग के अनुसार कुछ संस्थान स्वयं को विश्वविद्यालय या उच्च शिक्षण संस्थान बताकर छात्रों को आकर्षक विज्ञापनों और भ्रामक दावों के माध्यम से भ्रमित कर रहे हैं। ऐसे संस्थानों द्वारा प्रदान की गई डिग्रियां न तो उच्च शिक्षा के लिए मान्य होंगी और न ही रोजगार के लिए उपयोगी होंगी।

### नारी सशक्तिकरण मिशन के लिए समिति गठित

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नारी सशक्तिकरण के लिए सामान्य सभा समिति का गठन किया गया है। समिति में मंत्री गृह, परिवहन, खेल और युवा कल्याण, किसान कल्याण एवं कृषि विकास, श्रम, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, नगरीय विकास एवं आवास, स्कूल शिक्षा, विधि और विधायी कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनसम्पर्क विभाग, जनजातीय कार्य, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, पर्यटन, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार, महिला एवं बाल विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री, मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री द्वारा मनोनीत सदस्य सत्यकीर्ति राने सदस्य होंगी। भार साधक प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास समिति के समन्वयक होंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता साधारण सभा की बैठक वर्ष में न्यूनतम एक बार आयोजित की जाएंगी।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जल आत्मनिर्भरता की ओर मध्यप्रदेश

# 'जल गंगा संवर्धन अभियान' निर्णायक दौर में

- 6 हजार की लागत से 1.77 लाख जल संरक्षण कार्य पूरे
- जल गंगा संवर्धन अभियान में 2.42 लाख कार्यों का लक्ष्य
- टॉप-5 में खंडवा, खरगोन, बड़वानी, उज्जैन और राजगढ़

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्यप्रदेश 'जल आत्मनिर्भरता' का एक नया इतिहास लिख रहा है। प्रदेश की जल संरचनाओं के पुनरुद्धार और नवीन जल स्रोतों के निर्माण के उद्देश्य से शुरू किया गया 'जल गंगा संवर्धन अभियान' अब अपने निर्णायक दौर में है। अभियान में न केवल लुप्त हो रही जल संरचनाओं को जीवनदान मिल रहा है, बल्कि वैज्ञानिक पद्धतियों से वर्षा जल के संग्रहण की क्षमता में भी ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। प्रदेश में अब तक 1 लाख 77 हजार 121 जल संरक्षण संबंधी कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है, जो राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरणीय संतुलन के लिए एक सुखद संकेत है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महात्मा गांधी नरेगा (मनरेगा) के समन्वय से संचालित इस विशाल अभियान के लिए राज्य सरकार ने व्यापक वित्तीय प्रावधान किए हैं। पूरे प्रदेश में कुल 2 लाख 42 हजार 188 कार्यों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए 6,201.81 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में अब तक 4,443.85 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है। अभियान का मुख्य उद्देश्य 'खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में' रोकने की अवधारणा पर है, ताकि आगामी मानसून में वर्षा की हर बूंद का संचयन सुनिश्चित किया जा सके।

अभियान के अंतर्गत कार्यों को विभिन्न श्रेणियों में विभाजित कर सूक्ष्म स्तर पर मॉनिटरिंग




की जा रही है। विशेष रूप से 'डग वेल रिचार्ज' में प्रदेश ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, जहां 88,123 से अधिक कुओं को रिचार्ज करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई और पशुपालन की सुविधा के लिए 53,568 खेत तालाबों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। जल संरक्षण और पुनर्भरण की अन्य विधियों के तहत 27,332 कार्य संपन्न हुए हैं। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण को मजबूती देने के लिए वृक्षारोपण और स्कूलों में जल टैंकों की सफाई जैसे रचनात्मक कार्यों को भी इस अभियान का हिस्सा बनाया गया है।

### अभियान की सफलता जन-भागीदारी का परिणाम

मुख्यमंत्री ने अभियान की सफलता को जन-भागीदारी का परिणाम बताया है। जल संरक्षण समाज के अस्तित्व से जुड़ा विषय है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि इन स्थायी जल संरचनाओं के माध्यम से भू-जल स्तर को बढ़ाया जाए, ताकि भविष्य में पेयजल संकट का स्थायी समाधान हो सके और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो। 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के माध्यम से मध्य प्रदेश आज देश के अन्य राज्यों के लिए जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक मार्गदर्शक बनकर उभर रहा है।

**खंडवा अग्रणी जिलों में शामिल :** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिलों के प्रदर्शन की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, खंडवा जिला 7.51 के स्कोर के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। खंडवा में अब तक कुल 9,131 कार्य शुरू किए गए हैं, जिनमें से 2,944 कार्य पूर्ण हो चुके हैं और 5,400 कार्यों की भौतिक पूर्णता सुनिश्चित की गई है। रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खरगोन जिला (स्कोर 7.38) है, जिसने 81.17 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक 'बुक्ड एक्सपेंडिचर' (वित्तीय प्रगति) दर्ज की है। इसके पश्चात बड़वानी 7.23 के स्कोर के साथ तीसरे, उज्जैन 7.08 के स्कोर के साथ चौथे और राजगढ़ 6.90 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर है।

# मजबूत अधोसंरचना किसी भी विकसित राष्ट्र की सबसे बड़ी जरूरत : मुख्यमंत्री

- मप्र में अधोसंरचना विकास को मिल रही नई गति
- पीएम मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना साकार कर रहा मप्र
- लोक निर्माण विभाग ने समग्र रोड नेटवर्क मास्टर प्लान किया तैयार
- लोक निर्माण सर्वेक्षण मोबाइल एप किया गया विकसित

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आज अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में तेजी से एक नई पहचान बना रहा है। पीएम मोदी की 'विकसित भारत' की परिकल्पना को मध्यप्रदेश साकार कर रहा है। प्रदेश में अभूतपूर्व गति से सड़क, पुल, एक्सप्रेसवे और आधुनिक सार्वजनिक अधोसंरचना निर्माण हो रहा है। लोक निर्माण विभाग ने 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' को अपना मूल मंत्र बनाकर विकास को सीधे जनता की सुविधा, आर्थिक प्रगति और सामाजिक समृद्धि से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि मजबूत अधोसंरचना किसी भी विकसित राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश के सड़क नेटवर्क को अधिक वैज्ञानिक, व्यवस्थित और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सड़क श्रेणियों के पुनर्गठन तथा रोड नेटवर्क रैशनलाइजेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, जिससे सड़क निर्माण और रखरखाव की प्राथमिकताएं अधिक स्पष्ट हुई हैं। विभाग द्वारा 'लोक निर्माण सर्वेक्षण मोबाइल ऐप' विकसित किया गया है। यह ऐप त्वद्गस आधारित तकनीक पर कार्य करता है और इसके माध्यम से प्रदेश में 71 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों, लगभग 3 हजार भवनों तथा 1400 से अधिक पुलों का विस्तृत सर्वेक्षण किया जा चुका है।

डॉ. यादव ने कहा कि पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था के अनुरूप लोक निर्माण विभाग ने जीआईएस आधारित बजट मॉड्यूल लागू किया है। इस प्रणाली से प्रत्येक सड़क प्रस्ताव को डिजिटल नक्शे पर दर्ज किया जाता है। इस व्यवस्था ने योजनाओं में दोहराव को समाप्त करने के साथ विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा विकसित 'लोकपथ' ऐप को अब उन्नत स्वरूप में 'लोकपथ 2.0' के रूप में विकसित किया गया है। यह ऐप नागरिकों के लिए स्मार्ट ट्रैवल गाइड की तरह कार्य कर रहा है।



### एक्सप्रेस-वे से मिलेगा नया आयाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बड़े स्तर पर कनेक्टिविटी विस्तार के लिए 6 प्रमुख विकास पथ परियोजनाओं पर कार्य शुरू किया गया है। इसके साथ ही भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में रिंग रोड परियोजनाओं पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद शहरों में यातायात दबाव कम होगा, यात्रा समय घटेगा और औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी।

### 600 नए सरोवर विकसित करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान खुदाई से निर्मित गड्ढों को 'लोक कल्याण सरोवर' के रूप में विकसित किया जा रहा है। अब तक 506 सरोवर तैयार किए जा चुके हैं और 600 नए सरोवर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा शासकीय भवनों को ऊर्जा दक्ष, पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ बनाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

### विकसित मप्र की दिशा में मजबूत कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी की विकासोन्मुखी सोच से मध्यप्रदेश का लोक निर्माण विभाग आधुनिक तकनीक, पारदर्शिता, गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर अधोसंरचना विकास की नई कहानी लिख रहा है। 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' की अवधारणा को केंद्र में रखकर प्रदेश में सड़क, पुल, एक्सप्रेसवे और सार्वजनिक अधोसंरचना निर्माण के माध्यम से आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में यह विकास यात्रा मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार सिद्ध होगी।

## डिप्टी सीएम देवड़ा देवास अग्निकांड के घायलों से मिले

# सभी घायलों का समुचित और निःशुल्क उपचार किया जाए



सत्ता सुधार ■ भोपाल

डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने गुरुवार को इंदौर के एमवाय अस्पताल एवं चोईथराम अस्पताल पहुंचकर देवास जिले के टोंककला की फटाखा फैक्ट्री में हुए दुखद अग्निकांड में घायल मरीजों का हाल जाना। उन्होंने बर्न वार्ड में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा चिकित्सकों को सभी घायलों के समुचित और निःशुल्क उपचार के निर्देश दिए।

देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रत्येक घायल को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि मरीजों को समय पर दवाइयां, आवश्यक जांच और विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। देवड़ा ने घायलों के परिजन से भी बातचीत कर आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देगी। उन्होंने घायलों से मुलाकात कर चिकित्सकों को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एमवाय अस्पताल में डॉ. अशोक यादव और अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उपचार की जानकारी दी। इस दौरान जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट भी एमवाय अस्पताल पहुंचे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के साथ की बैठकें

# एयरपोर्ट, सिंहस्थ, कृषि, सिंचाई और यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे कई मुद्दों पर किया मंथन

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को नई दिल्ली में केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों, आधारभूत संरचना, धार्मिक पर्यटन, कृषि, सिंचाई, शहरी विकास और कानून व्यवस्था जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इन बैठकों को मध्यप्रदेश के विकास एजेंडे और आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में नक्सल उन्मूलन अभियान की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशेष रूप से डिंडोरी और बालाघाट क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और प्रशासन द्वारा किए जा रहे विकास एवं शांति प्रयासों का उल्लेख किया। बैठक में नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा तकनीक आधारित पुलिसिंग पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह को बालाघाट दौरे का निमंत्रण भी दिया। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कानून-व्यवस्था



और विकास के क्षेत्र में राज्य की पहल को सकारात्मक बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री एन राजू राम मोहन नायडू से मुलाकात कर उज्जैन एयरपोर्ट परियोजना को लेकर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाकाल लोक और उज्जैन में धार्मिक पर्यटन के तेजी से बढ़ते दायरे को देखते हुए एयर कनेक्टिविटी का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एयरपोर्ट परियोजना के भूमि-पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री को औपचारिक निमंत्रण भी दिया। बैठक में उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग अथॉरिटी के स्वरूप, क्षेत्रीय विकास और इंदौर-उज्जैन कॉरिडोर में बढ़ती आर्थिक गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे एयर इंफ्रास्ट्रक्चर, नए एयर रूट्स और पर्यटन आधारित विकास मॉडल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को देश के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार तेजी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल से मुलाकात कर सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ को विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए राज्य सरकार अभी से अधोसंरचना विकास, शहरी विस्तार और यातायात प्रबंधन पर काम कर रही है। केन्द्रीय मंत्री के साथ हुई बैठक में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, नगरीय अधोसंरचना, स्वच्छता मिशन और आधुनिक शहरी नियोजन पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर-उज्जैन और भोपाल मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी के गठन और उनकी कार्य योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में मेट्रोपॉलिटन आधारित विकास मॉडल तैयार किया जा रहा है।

# मंत्री टेटवाल ने बस में यात्रा कर राष्ट्रहित का दिया संदेश

### पचोर में हुई दुःखद घटना में प्रभावित परिवारों से भेंट की

सत्ता सुधार ■ भोपाल

पीएम मोदी के 'राष्ट्र प्रथम' के आह्वान और ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने के संदेश से प्रेरित होकर कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सारंगपुर से पचोर तक सार्वजनिक परिवहन बस सेवा से यात्रा कर अपने कार्य क्षेत्र पर पहुंचे। मंत्री टेटवाल ने कारकेड और औपचारिक प्रोटोकॉल से अलग आम नागरिकों के बीच बस में यात्रा कर पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रहित का संदेश दिया।



उन्होंने विगत दिनों पचोर में पेट्रोल पंप पर हुई दुःखद घटना में प्रभावित परिवारों से भेंट की। उन्होंने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। टेटवाल ने परिवारों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने पचोर नगर में नागरिकों से जनसंपर्क कर विभिन्न स्थानीय समस्याओं एवं विकास कार्यों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

मंत्री टेटवाल ने पचोर से सारंगपुर तक बस से यात्रा की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन अपनाना केवल यात्रा का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रहित से जुड़ा एक जिम्मेदार प्रयास है। इससे ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने नागरिकों से भी अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन के उपयोग की अपील करते हुए कहा कि छोटे-छोटे सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण और देशहित के बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

### उदासीनता व लापरवाही बरतने पर निगमकर्मी निलंबित

**भोपाल।** भारत की जनगणना-2027 संबंधी महत्वपूर्ण कार्य संपादित करने में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने पर निगम प्रशासन ने आकाश प्रजापति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार वार्ड क्र. 32 में पदस्थ आकाश प्रजापति को जनगणना-2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण हेतु प्रगणक नियुक्त कर उनके कार्य की स्पष्ट पहचान कराये जाने का दायित्व संबंधित चार्ज अधिकारी-14 द्वारा सौंपा गया था परन्तु दूरभाष पर सूचित किये जाने के उपरांत भी प्रजापति आज दिनांक तक अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं हुए जिसके कारण जनगणना-2027 जैसे राष्ट्रीय महत्व का कार्य प्रभावित हुआ है।

# स्वच्छता अब सिर्फ आदत नहीं, बल्कि एक अनिवार्य जिम्मेदारी है

**आयुक्त बोले- लापरवाही व नियमों के उल्लंघन पर होगी दंडात्मक कार्वाई**



सत्ता सुधार ■ भोपाल

नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने सभी नगरीय निकायों को 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026' का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब शहर से कचरा केवल हटाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि 'वेस्ट टू वेल्थ' की परिकल्पना को साकार करते हुए रिसायकल के लिए इसका जिम्मेदारी से प्रबंधन करना जरूरी है। इन नवीन नियमों के तहत अब प्रत्येक घर में कचरे का अलग संग्रहण अनिवार्य किया है, अब नागरिकों को गीला, सूखा और घरेलू हानिकारक कचरा पृथक डस्टबिन में देना होगा।

इस सुव्यवस्थित प्रक्रिया के माध्यम से गीले कचरे से जैविक खाद का निर्माण किया जाएगा तथा सूखे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से पुनर्चक्रण होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्वच्छता अब सिर्फ आदत नहीं, बल्कि एक अनिवार्य जिम्मेदारी है। खुले में कचरा फेंकने, प्लास्टिक जलाने या सार्वजनिक स्थानों को गंदा करने जैसी गतिविधियों पर अब कड़ी कार्रवाई होगी तथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में दंडात्मक प्रक्रिया के साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा। इसके अतिरिक्त, थोक कचरा उत्पादकों को भी अपने परिसर में ही कचरे का ऑन-साइट प्रसंस्करण करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत सुरक्षित पर्यावरण और स्वस्थ भविष्य के निर्माण के लिए राज्य के 406 नगरीय निकाय पूर्णतः कटिबद्ध हैं, जिनमें 28 नए निकाय पहली बार इस प्रतिस्पर्धा में शामिल हो रहे हैं। सुदृढ़ जनभागीदारी और इन व्यापक प्रशासनिक तैयारियों के बल पर मध्यप्रदेश का लक्ष्य अपने शहरों को पूर्णतः स्वच्छ बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर अपना गौरव स्थापित करना है।

## समीक्षा — एमएसएमई मंत्री काश्यप और लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष ने ली बैठक

# लघु उद्योग के क्रियाकलापों को व्यापक स्वरूप देकर व्यवसाय और मुनाफा बढ़ाएं

सत्ता सुधार ■ भोपाल

एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कहा है कि लघु उद्योग निगम के क्रियाकलापों को मौजूदा बाजार और आनलाइन प्लेटफार्म के जरिए व्यापक स्वरूप देकर व्यवसाय बढ़ाना चाहिए। मंत्री काश्यप और निगम के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह गुरुवार को पंचानन भवन स्थित सभागार में निगम के कार्यों और योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में प्रबंध संचालक और एमएसएमई विभाग के सचिव दिलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि विगत दस सालों से निगम घाटे में नहीं रहा है और हाल ही में मुख्यमंत्री को 8 करोड़ का लाभांश भी सौंपा है। उन्होंने प्रबंधकों सहित अन्य रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही भी समय सीमा में करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि निगम ने अपने 8 एम्पोरियम, कोयला व्यवसाय, कच्चा माल, संपदा एवं निर्माण और टेस्टिंग लैब जैसी सभी गतिविधियों में लाभ अर्जित किया है।बैठक में निगम के कुल व्यवसाय और कार्य परिणाम पर भी विमर्श किया गया। बैठक में 36 औद्योगिक क्षेत्रों के नवीन कार्य और 17 केंदों के उन्नयन, 20 जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्रों के विकास कार्यों और गोविन्दपुरा औद्योगिक क्षेत्र में बहुमंजिला इंडस्ट्री पार्क के निर्माण की



प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान 3 एमएसएमई सीडीपी क्लस्टर और 4 अपग्रेडेशन क्लस्टर कार्य को भी संतोषजनक पाया गया।

### अधिकारियों को किया जाए सक्रिय

मंत्री काश्यप ने कहा कि लक्ष्य की पूर्ति के लिए नवीन उद्योगों तक एप्रोच बढ़ाने के लिए कलेक्टर्स से कहा जाए और जिले के अधिकारियों को भी सक्रिय किया जाए। बैठक में बताया गया कि निगम की जबलपुर और इंदौर की टेस्ट लैब का आधुनिक उन्नयन करने के कार्य प्रारंभ किए गये हैं। निगम के अध्यक्ष श्री सिंह ने 8 एम्पोरियम की संख्या में और बढ़ोतरी करने पर ध्यान केंद्रित करने का कहा है। निगम के मृगनयनी एंपोरियम विभिन्न प्लेटफार्म पर आन लाइन व्यवसाय भी कर रहे हैं। निगम ने स्वयं के शापिंग पोर्टल से भी 65 लाख का व्यवसाय किया है।



**भोपाल आज का तापमान**

MIN 21 | MAX 36

## ब्रीफ न्यूज

### महिला मित्र से बात कर रहे युवक की हत्या का प्रयास

**भोपाल।** बाग सेवनियां थाना इलाके में नर्मदापुरम सड़क पर विगत रात एम्प्री के पास साइकिल ट्रैक के पास बैठकर महिला मित्र से बात कर रहे युवक पर स्कूटर सवार आरोपियों ने धारदार बका से जानलेवा हमला कर दिया। बताया गया है कि तीन आरोपी मिसरोद की तरफ से एक दो पहिया वाहन पर सवार होकर आए थे। एक युवक वाहन को स्टार्ट रखते हुए उस पर ही बैठा रहा जबकि दो आरोपियों ने घायल के के साथ मारपीट करते हुए बके से हमला कर दिया। घटना में बके के तीन वार चेहरे, हाथ पर लगने से युवक को गंभीर चोट आई हैं। बदमाशों ने हमले के दौरान उसे युवती से दूर रहने की बात कही थी। यह देख युवक के साथ मौजूद 20 वर्षीय उसकी महिला मित्र की चीख निकल गई और उसने शोर मचाते हुए सड़क पर आकर लोगों से मदद मांगी। इसके बाद आरोपी युवक को धमकाते हुए मौके से भाग गए।

### मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट, आरोपित गिरफ्तार

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित पारस धाम कालोनी में बच्चों के क्रिकेट खेलने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देर रात हिंसक झगड़े में बदल गया। गेंद लगने के बाद गुस्साए पड़ोसियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक परिवार के घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ कर दी। घटना में महिलाओं समेत तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ बलवा, मारपीट और तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। 41 वर्षीय संजू महंत परिवार सहित भानपुर रोड स्थित पारस धाम कॉलोनी में रहते हैं और व्यापार करते हैं। बुधवार शाम कॉलोनी के ग्राउंड में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान खेलते समय गेंद पड़ोस में रहने वाले नीरज साहू की पत्नी पूजा को जा लगी। इससे नाराज पूजा ने संजू महंत के बेटे को थप्पड़ मार दिया।

**पुलिस महानिदेशक मकवाणा ने परेड का निरीक्षण कर सलामी**

# दीक्षांत समारोहः वर्दी का एकमात्र धर्म जनसेवा और राष्ट्रहितः डीजीपी

### 25वीं वाहिनी एसएएफ में प्रशिक्षण, पुलिस बेड़े में शामिल हुए नव आरक्षक

सत्ता सुधार ■ भोपाल

विशेष सशस्त्र बल की 25वीं वाहिनी में गुरुवार को नव आरक्षकों का भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। राष्ट्रगान के साथ शुरू हुए इस गरिमामय समारोह में 11 माह के कड़े प्रशिक्षण के बाद तैयार नव आरक्षक औपचारिक रूप से पुलिस परिवार का हिस्सा बने। समारोह को संबोधित करते हुए डीजीपी मकवाणा ने कहा कि मध्य प्रदेश पुलिस का इतिहास गौरवशाली रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, आरक्षक संगठन की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति हैं। 11 माह के कठिन प्रशिक्षण के बाद ये जवान विभाग की कार्यक्षमता को नई मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने जवानों को सीख दी कि वर्दी धारण करने के बाद शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, ईमानदारी और संवेदनशीलता ही उनकी पहचान होनी चाहिए। पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि जनसुरक्षा का बड़ा दायित्व है।

### पहली बार प्रशिक्षण में सोशल मीडिया अपराध शामिल

सेनानी नागेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 15 जून से शुरू हुए इस बुनियादी प्रशिक्षण में पहली बार साइबर क्राइम और सोशल मीडिया अपराध जैसे विषयों को पाठ्यक्रम में जोड़ा गया। इसके अलावा जवानों को वेपन ट्रेनिंग, बलवा ड्रिल और भीड़ नियंत्रण का विशेष अभ्यास कराया गया। इन जवानों ने खेल के मैदान (हॉकी व कबड्डी) में भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरी है।



### साइबर सुरक्षा और सिंहस्थ 2028 पर फोकस

बदलते अपराधों के दौर पर चर्चा करते हुए डीजीपी ने कहा कि अब पुलिसकर्मियों को तकनीकी रूप से सशक्त होना अनिवार्य है। उन्होंने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों का जिक्र करते हुए ड्रोन सर्विलांस, सीसीटीवी मॉनिटरिंग और इंटीग्रेटेड कमांड सिस्टम में दक्षता हासिल करने पर जोर दिया। साथ ही नक्सल विरोधी अभियानों और चुनाव ड्यूटी में एसएएफके साहस की सराहना भी की।

# भोपाल में घरेलू गैस सिलेंडरों में चोरी पकड़ी, 18 सिलेंडर जब्त

## ऑन आर्मी ड्यूटी स्टीकर लगे वाहन से 2-3 किलो कम गैस मिली

सत्ता सुधार ■ भोपाल

राजधानी में घरेलू गैस सिलेंडरों से गैस चोरी कर अवैध तरीके से बेचने वाले एक गिरोह का प्रशासन ने भंडाफोड़ किया है। कलेक्टोरेट के सामने की गई इस कार्रवाई में एक संदिग्ध वाहन को पकड़ा गया, जिस पर ऑन आर्मी ड्यूटी का स्टीकर लगा हुआ था। जांच के दौरान कई सिलेंडरों में 2 से 3 किलोग्राम तक गैस कम पाई गई, जिसके बाद टीम ने वाहन समेत 18 सिलेंडरों को जब्त कर लिया। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव के नेतृत्व में टीम ने संदेह के आधार पर वाहन को रोककर तलाशी ली। वाहन में 9 भरे और 9 खाली गैस सिलेंडर रखे हुए थे। पूछताछ में चालक देवेंद्र मेवाड़ा ने बताया कि वाहन मिलिट्री स्टेशन गैस एजेंसी से संबंधित है, लेकिन वह मौके पर सभी सिलेंडरों के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। 9 भरे सिलेंडरों में से केवल 5 की ही पर्चियां उसके पास मिलीं, जबकि बाकी सिलेंडरों के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा सकी।



### वजन कराया तो खुली पोल

आपूर्ति विभाग की टीम ने मौके पर कांटा मंगवाकर सिलेंडरों का वजन कराया। जांच में कई सिलेंडरों में निर्धारित मात्रा से 2 से 3 किलोग्राम तक गैस कम पाई गई। इसके बाद अधिकारियों ने पूरे वाहन और सिलेंडरों को जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि आरोपी भरे हुए सिलेंडरों से गैस निकालकर खाली सिलेंडरों में भरते थे और फिर उन्हें बाजार में बेच देते थे। इससे उपभोक्ताओं को कम गैस मिलने के साथ ही सरकारी नियमों का भी उल्लंघन हो रहा था।

### एडीएम कोर्ट में पेश होगा मामला

प्रशासन ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण तैयार कर लिया है, जिसे एडीएम कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही विभाग यह भी जांच कर रहा है कि इस पूरे नेटवर्क में गैस एजेंसी के अन्य कर्मचारियों या डिलीवरी से जुड़े लोगों की कोई भूमिका तो नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपूर्ति विभाग ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लेते समय उसका वजन अवश्य जांचना चाहिए। यदि सिलेंडर में गैस कम पाई जाती है या कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है तो तुरंत संबंधित एजेंसी या प्रशासन को सूचना दें, ताकि ऐसे मामलों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### हादसे को न्योता दे रही थी लापरवाही

अधिकारियों का कहना है कि सिलेंडरों से गैस की अवैध ट्रांसफरिंग बेहद खतरनाक प्रक्रिया है। थोड़ी सी चूक होने पर गैस रिसाव से भीषण आग या विस्फोट हो सकता है, जिससे आसपास के लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती है। खासतौर पर आबादी वाले इलाकों में इस तरह की गतिविधियां गंभीर हादसे का कारण बन सकती हैं।

# रिटायर्ड जज की बहू की मौत पर हंगामा





- मायके वाले बोले- दामाद ने मार डाला, सबूत भी मिटाए
- पुलिस ने आधीरात की बदसलूकी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

राजधानी के कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में रिटायर्ड जज गिरीबाला सिंह की बहू ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गुरुवार को परिजनों ने महिला थाने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस रसूख के दबाव में काम कर रही है और मृतका के पति समर्थ सिंह को बचाने की कोशिश की जा रही है। परिजनों ने पुलिस से पिछले 24 घंटे की कार्रवाई का हिसाब मांगते हुए जल्द से जल्द एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

**सिस्टम और पुलिस पर गंभीर आरोप :** मृतका ट्विशा के परिजनों ने आरोप लगाया कि सरकारी सिस्टम उन्हें न्याय देने के बजाय सता रहा है। बुधवार रात जब वे न्याय की गुहार लेकर कटारा हिल्स थाने पहुंचे, तो पुलिस ने मुख्य गेट बंद कर दिया और उन्हें रात 12 बजे तक बाहर खड़ा रखा गया। परिजनों का दावा है कि थाने के भीतर उनके साथ बदसलूकी की गई। उनका कहना है कि आरोपी पक्ष ट्विशा की मौत के बाद अब उसे बदनाम करने में जुटा है और उसे ड्रग एडिक्ट बता रहा है।

**ससुराल पक्ष की दलील- डिप्रेशन में थी ट्विशा :** दूसरी ओर, रिटायर्ड जज गिरीबाला सिंह ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि घटना वाली रात 9:30 बजे तक पूरा परिवार साथ बैठकर टीवी देख रहा था, जिसके सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध हैं। उन्होंने दावा किया कि ट्विशा का मनोवैज्ञानिक उपचार चल रहा था और वह नशे की आदी थी। उनके अनुसार, ट्विशा ने छत पर जाकर एक्सरसाइज रबर के सहारे फांसी लगाई।

# एनएचएम और भार्गवी हेल्थ केयर के बीच एमओयू

## सर्वाइकल कैंसर की जांच, प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने अहम पहल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए सतत प्रयासरत है। इसी क्रम में प्रदेश में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की समय पर जांच एवं प्रभावी प्रबंधन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश एवं भार्गवी हेल्थ केयर (बीजीएच), हैदराबाद के मध्य एमओयू किया गया है। यह समझौता राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिये क्षमता निर्माण एवं तकनीकी सहयोग पर केंद्रित है। एमओयू में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में रीवा जिले में 25 से 65 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 10 हजार महिलाओं की एचपीवी डीएनए आधारित सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश द्वारा राज्य स्तर पर प्रभावी समन्वय के लिए एएनएम, स्टाफ नर्स, सीएचओ एवं आशा कार्यकर्ताओं का चयन एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। भार्गवी हेल्थ केयर, हैदराबाद द्वारा सर्वाइकल कैंसर की जांच एवं उपचार के लिये विशेषज्ञ तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा। संस्था द्वारा प्रशिक्षण सामग्री एवं मानकीकृत दिशा निर्देश विकसित किए जाएंगे तथा 'ट्रेन-द-ट्रेनर' कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य में दक्ष मास्टर ट्रेनर्स की टीम तैयार की जाएगी। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतत तकनीकी सहयोग, अनुसंधान एवं ज्ञान-साझेदारी से संबंधित गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी।




### एलबीएस के पास तालाब में तैरता मिला अज्ञात शव

**भोपाल।** राजधानी के कोहेफिजा थाना क्षेत्र अंतर्गत एलबीएस अस्पताल के सामने स्थित तालाब में गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह जब राहगीरों ने पानी में शव को उतराते देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर स्थानीय लोगों का भारी मजमा लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र और पहचान के संबंध में फिलहाल कोई ठोस दस्तावेज या सुराग नहीं मिले हैं। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों का मिलान कर रही है ताकि मृतक की पहचान सुनिश्चित की जा सके। वही पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। मौत किन परिस्थितियों में हुई और यह मामला हत्या, आत्महत्या या दुर्घटना है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

# पुलिस कमिश्नर ने रोशनपुरा में नागरिकों से किया जनसंवाद

- नशाखोरी और साइबर ठगी पर जनता ने रखे सवाल
- सीपी बोले- सूचना देने वालों का नाम रहेगा गुप्त

सत्ता सुधार ■ भोपाल

राजधानी में अपराधों की रोकथाम, साइबर सुरक्षा और नशा मुक्ति के अभियान को गति देने के लिए पुलिस कमिश्नर संजय कुमार लगातार जनता के बीच पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में बीती रात उन्होंने अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र के रोशनपुरा में नागरिकों के साथ सीधा संवाद किया। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने पुलिसिया कार्यप्रणाली और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। जनसंवाद के दौरान एक नागरिक ने पुलिस की धारा 151 के तहत होने वाली कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो लोग सुधर चुके हैं और लंबे समय से किसी अपराध में संलिप्त नहीं हैं, पुलिस उन्हें भी इस धारा में बंद कर देती है। वहीं, एक अन्य व्यक्ति ने नशाखोरी की समस्या उठाते हुए शिकायत की कि नशा करने वालों की सूचना देने पर पुलिस आती तो है, लेकिन उन्हें पकड़कर नहीं ले जाती। कार्यक्रम में एक महिला ने अपने पारिवारिक विवाद की शिकायत भी कमिश्नर के समक्ष रखी।



### महिला सुरक्षा और साइबर जागरुकता पर जोर

महिलाओं को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रखने के लिए सीपी ने निर्देश दिए कि एसीपी एमपी नगर द्वारा विशेष रूप से महिलाओं के लिए अलग से साइबर जागरुकता संवाद आयोजित किया जाएगा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को प्राप्त सभी शिकायतों और सुझावों के त्वरित निराकरण के आदेश दिए।

**पुलिस को सूचना देने के लिए विशेष नंबर जारी :** पुलिस कमिश्नर ने जनता से अपील की कि वे अपने आसपास होने वाली किसी भी अवैधानिक गतिविधि की जानकारी तत्काल डायल 112 पर दें। विशेष रूप से मादक पदार्थों और अवैध हथियारों की तस्करी रोकने के लिए उन्होंने मोबाइल नंबर 7587648330 जारी किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस नंबर पर सूचना देने वाले नागरिक का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी नागरिकों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई और उन्हें साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके सिखाए गए।

**अभियान** | कहा-जलस्रोतों को साफ रखना सबकी जिम्मेदारी

# मंत्री और महापौर ने प्राचीन बावड़ी की सफाई कर किया श्रमदान

सत्ता सुधार ■ भोपाल

सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नरेला विधानसभा के द्वारका नगर स्थित प्राचीन बावड़ी की सफाई के लिये श्रमदान किया एवं स्वच्छता मित्रों को किट वितरित कर उनका सम्मान एवं उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और जल स्त्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रदेश में जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्जीवन के लिये व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परंपरागत जल स्त्रोतों जैसे बावड़ी, कुएं, तालाब एवं सरोवर हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं जिन्हें संरक्षित करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। मंत्री सारंग ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाते हुए वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

### विद्युत संबंधी सेवाओं के शिविर का शुभारंभ

मंत्री सारंग ने नरेला विधानसभा के चांदबड़ में संपर्क अभियान के तहत विद्युत संबंधी सेवा शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में कनेक्शन संबंधी, बिल संबंधी, तकनीकि सेवाएं सहित मीटर व केवल सर्विस संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मंत्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार में जनता को सरकार के द्वार नहीं आना पड़ता बल्कि सरकार जनता के द्वार आकर समस्याओं का हल करती है। मध्यप्रदेश सरकार में बिलजी आपूर्ति में देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। मंत्री सारंग ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास और कल्याण सुनिश्चित किया जा रहा है। मंत्री सारंग ने जानकारी देते हुए बताया कि संपर्क अभियान के तहत प्रत्येक माह विभिन्न क्षेत्रों में 8 विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिनके माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से आमजन को सरल, सुलभ एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस दौरान उन नागरिकों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए जिनकी समस्याओं का समाधान 24 घंटे के भीतर किया गया। कार्यक्रम में भोपाल महापौर मालती राय, नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# भोपाल मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट पर फैसला टला

- अब 23 जून को दोनों पक्ष रखेंगे अपना पक्ष
- मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट पर आपत्ति

सत्ता सुधार ■ भोपाल

भोपाल में कब्रिस्तान के नीचे से मेट्रो के गुजरने को लेकर गुरुवार को वक्फ ट्रूब्नल में सुनवाई नहीं हो पाई। आज स्टे पर बहस होनी थी। अब अगली सुनवाई 23 जून को होगी। बता दें कि मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर वक्फ संपत्तियों पर विवाद अब कानूनी हो गया है। भोपाल टॉकीज स्थित प्राचीन कब्रिस्तान के नीचे प्रस्तावित अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन और नारियलखेड़ा की वक्फ जमीन पर निर्माण के खिलाफ कमेटी इंतेजामियां औकाफ-ए-अम्मा ने मध्यप्रदेश राज्य वक्फ अधिकरण में दो अलग-अलग प्रकरण दायर किए हैं। कमेटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अंसार उल हक और अधिवक्ता इब्राहिम सरवत शरीफ खान पैरवी कर रहे हैं। अधिवक्ता खान ने बताया कि दोनों मामलों में मेट्रो निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। इसे लेकर दो सुनवाई हो चुकी है। आज सुनवाई थी, लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर होने से यह तारीख 23 जून हो गई है।



## ब्रीफ न्यूज

### दो जरूरतमंदों को मिला आधार, लौटीं मुस्कानें



**भोपाल।** कभी-कभी एक आवश्यक दस्तावेज का अभाव व्यक्ति के जीवन में बड़ी कठिनाइयां उत्पन्न कर देता है। ऐसे ही दो मामले हाल ही में एसडीएम कार्यालय टीटी नगर पहुंचे, जहां समय पर मिले प्रशासनिक सहयोग और उचित मार्गदर्शन से दोनों हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान संभव हो सका। पहला मामला एक महिला का था, जो लंबे समय से आधार कार्ड उपलब्ध न होने के कारण विभिन्न समस्याओं का सामना कर रही थीं। कोविड काल के बाद उनके आवश्यक दस्तावेज ससुराल में रह गए थे तथा बीमारी के कारण उन्हें यह जानकारी भी नहीं थी कि उनका आधार कार्ड वर्षों पूर्व महाराष्ट्र में बनाया गया था। एसडीएम टीटी नगर डॉ. अर्चना शर्मा के मार्गदर्शन में ई-गवर्नेंस टीम एवं यूआईडीएआई के सहयोग से उनका पुराना आधार रिकॉर्ड ट्रेस कर उन्हें उपलब्ध कराया गया। आधार प्राप्त होने के बाद महिला ने राहत महसूस की और अब वे अपने आवश्यक कार्य आत्मविश्वास के साथ कर सकेंगी। दूसरा मामला 'मुस्कान मिट्टी का घर' संस्था से जुड़ी एक बालिका का था, जो पिछले एक वर्ष से आधार कार्ड उपलब्ध न होने के कारण कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो पा रही थी। एसडीएम कार्यालय टीटी नगर में प्रकरण पहुंचने पर ई-गवर्नेंस टीम और यूआईडीएआई के समन्वय से नागपुर से बना उसका आधार कार्ड ट्रेस कर बालिका को उपलब्ध कराया गया। आधार मिलने के बाद अब वह बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकेगी।

### गुरुवेश्वर महादेव के रूप में सजे बाबा बटेश्वर

**भोपाल।** श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा गुरु प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का गुरुवेश्वर महादेव के रूप में श्रृंगार किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में केसर, अष्टगंध, पंचामृत एवं आमरस से बनी विजया से बाबा बटेश्वर का अभिषेक कर गेंदे के पीले, भगवा, गुलाब, मोगरा आदि फूलों से श्रृंगार कर पीले फल व मिठाई का भोग लगाया गया। रात्रि 10 बजे महाआरती हुई इस अवसर पर आकाश अग्रवाल, अन्नु सोनी, मोनू राठौर, केशव फुलवानी, प्रकाश मालवीय सहित अनेक भक्त उपस्थित थे।

### प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य तीव्र गति से जारी

**भोपाल।** भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य तीव्र गति से जारी है। प्रगणकों, पर्यवेक्षकों ने जनगणना ब्लाक क्षेत्रों में 04 लाख 20 हजार से अधिक मकानों का सूचीकरण कर लिया गया है जबकि 250 जनगणना ब्लाकों का संपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया। प्रगणकों, सुपरवाइजरों द्वारा अपने आवंटित क्षेत्रों में मेहनत, लगन और समर्पण के साथ तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है।

---

### मोबाइल मालिकों ने जताया पुलिस का आभार

# पुलिस ने चोरी गए 1021 मोबाइलों को किया बरामद, मालिकों को लौटाए

सत्ता सुधार ■ भोपाल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में आमजन की संपत्ति की सुरक्षा एवं गुम/चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए लगातार कार्यवाहियां की जा रहीं हैं। आधुनिक तकनीक, सीईआईआर पोर्टल, साइबर विश्लेषण एवं स्थानीय आसूचना के प्रभावी उपयोग से विगत दो सप्ताह में मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 1021 मोबाइल फोन जिनकी कीमत लगभग 2 करोड़ 26 लाख रुपए से अधिक है, नागरिकों को लौटाए है। मोबाइल मालिकों ने अपने गुम हुए मोबाइल वापस मिलने पर मध्यप्रदेश पुलिस का हार्दिक आभार व्यक्त किया।



**प्रमुख कार्यवाही:** ग्वालियरः जिले में 'तेरा तुझको अर्पण' अभियान के तहत ग्वालियर कीसाइबर सेल टीम द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभिन्न राज्यों एवं शहरों से 571 गुम मोबाइल फोन जब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 41 लाख रुपए है। साथ ही लावारिस मिले मोबाइलों को स्वयं साइबर सेल में जमा कराने वाले जागरुक नागरिकों को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

**सतना:** पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन रिंगटोन 2.0' के तहत सीईआईआर पोर्टल की सहायता से 155 गुम मोबाइल फोन ट्रेस कर जब्त किए गए, जिनकी कीमत लगभग 29 लाख 31 हजार रुपए है।

**गुना:** पुलिस ने तकनीकी दक्षता एवं सीईआईआर पोर्टल की सहायता से 64 गुम मोबाइल फोन जब्त कर संबंधित धारकों को सुपुर्द किए हैं। जब्त मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख 50 हजार रुपए है।

**जबलपुर:** जिले में साइबर सेल टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 106 गुम मोबाइल फोन (लगभग 18 लाख रुपए) जब्त किए गए।

**आगर मालवा:** पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन रिंगटोन' के तहत 81 गुम मोबाइल फोन जब्त कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए गए। इस दौरान नागरिकों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड एवं यातायात नियमों के प्रति भी जागरुक किया गया।

**बुरहानपुर:** जिले के थाना लालबाग पुलिस ने मोबाइल शॉप में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एप्पल एवं अन्य कंपनियों के 3 मोबाइल फोन, 2 टैबलेट, 01 आईपोड एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित लगभग 3 लाख 20 हजार रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है।

**रेलवे पुलिस:** जीआरपी की विभिन्न इकाइयों द्वारा भी मोबाइल चोरी के मामलों में प्रभावी कार्यवाही की गई। जीआरपी कटनी ने शातिर मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर 10 मोबाइल फोन सहित लगभग 3 लाख 20 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की है। जीआरपी जबलपुर ने आरोपी से 67 हजार कीमत के 4 मोबाइल जप्त किए। वहीं जीआरपी-आरपीएफ उज्जैन ने मोबाइल चोरी का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए 18 मोबाइल फोन, जिनकी कीमत लगभग 1 लाख 88 हजार रुपए है, जब्त किए।

**विदिशा:** जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर 1 लाख 50 हजार रुपए कीमत के चोरी हुए 6 मोबाइल फोन जब्त किए। अब आमजन घर बैठे ही अपनी शिकायत दर्ज कर पा रहे हैं।

---

# साइबर फ्रॉड पर उदासीनता, आधा दर्जन थाना प्रभारियों पर जुर्माना

### अब दो लाइन की शिकायत पर भी होगी एफआईआर

सत्ता सुधार ■ भोपाल

भोपाल पुलिस ने साइबर अपराधों में देरी पर सख्ती दिखाते हुए जीरो एफआईआर समय पर दर्ज न करने पर छह थाना प्रभारियों पर जुर्माना लगाया। पिछले 24 घंटे में 19 लाख रुपए से अधिक की साइबर ठगी के पांच मामले दर्ज हुए। अब 'पहले एफआईआर, बाद में जांच' की नीति लागू की गई है। साइबर अपराधों में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए भोपाल पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। साइबर फ्रॉड से जुड़ी जीरो एफआईआर समय पर दर्ज नहीं करने पर राजधानी के आधा दर्जन थाना प्रभारियों पर अर्थदंड लगाया गया है। हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में निगरानी एजेंसी ने पाया कि कई थानों में साइबर शिकायतें एक सप्ताह तक लंबित पड़ी रहीं, जिसके बाद संबंधित निरीक्षकों पर 500 से 2000 रुपये तक का जुर्माना लगाया गया है।



#### तुरंत एफआईआर के निर्देश

दरअसल, राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन से मिलने वाली शिकायतों में अक्सर सीमित जानकारी होती है। पीड़ितों से अतिरिक्त जानकारी लेने के लिए संपर्क करती है, कई फरियादी थाने पहुंचने में देरी करते हैं। इसी वजह से कार्रवाई अटक रही थी। अब अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शिकायत में भले ही केवल प्रारंभिक जानकारी हो, लेकिन तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए।

#### भोपाल में 24 घंटे में पांच केस दर्ज

भोपाल पुलिस आयुक्त संजय कुमार की इसी सख्ती के बाद बीते 24 घंटों में भोपाल पुलिस ने साइबर ठगी के पांच मामले दर्ज किए हैं, जिनमें कुल 19 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी सामने आई है। कोलार पुलिस के अनुसार सरिता बर्मन नामक महिला ने पुलिस को बताया कि साइबर जालसाजों ने उनसे 1 लाख 20 हजार ठग लिए। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### दो साल बाद दर्ज हुई 4.23 लाख की शिकायत

कोलार बंजारी के सी-सेक्टर निवासी सोनाली साहू ने शिकायत दर्ज कराई कि अप्रैल 2024 में उनके साथ 4 लाख 23 हजार 450 रुपए की साइबर ठगी हुई थी।

#### बिजली काटने की धमकी देकर 10.77 लाख उड़ाए

सबसे बड़ा मामला 67 वर्षीय शिवचरण के साथ हुआ। उन्हें व्हाट्सएप पर बिजली कंपनी के नाम से मैसेज भेजा गया, जिसमें बिल अपडेट नहीं होने पर बिजली काटने की धमकी दी गई। आरोपी ने एक लिंक भेजकर यूनियन बैंक एप डाउनलोड करवाया। लिंक वास्तव में एपीके फाइल थी, जिसने मोबाइल का एक्सेस हासिल कर लिया। जालसाजों ने ओटीपी अपडेट के नाम पर कई ट्रांजेक्शन करवाए और देखते ही देखते उनके खाते से 10 लाख 77 हजार रुपये निकाल लिए।

#### जांच के लिए बनी नई नीति

अधिकारियों का कहना है कि अब साइबर अपराधों में पहले एफआईआर, बाद में जांच की नीति अपनाई जा रही है, ताकि पीड़ितों को तुरंत कानूनी संरक्षण मिल सके और रकम ट्रैक करने में देरी न हो। हालांकि, कुछ थाना अधिकारी इसे औपचारिकता निभाने जैसा कदम मान रहे हैं, क्योंकि अधूरी जानकारी के बावजूद प्रकरण दर्ज करने का दबाव बढ़ गया है।

अब इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

---

## बी.टेक, बीसीए और बीबीए विद्यार्थियों को मिलेगा प्रशिक्षण का अवसर



#### स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी और गीक्स ऑफ गुरुकुल के बीच शैक्षणिक सहयोग

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य भारत की अग्रणी स्किल्स यूनिवर्सिटी, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) ने उच्च शिक्षा को उद्योग से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए गीक्स ऑफ गुरुकुल के साथ शैक्षणिक सहयोग की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत बी.टेक, बीसीए और बीबीए के छात्रों को आईआईटी और आईआईएम के पूर्व छात्रों तथा अनुभवी उद्योग विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करना और उन्हें उद्योग की जरूरतों के अनुसार सक्षम बनाना है। इस कार्यक्रम में छात्रों को वास्तविक उद्योग परियोजनाओं पर काम करने, केस स्टडी के माध्यम से सीखने, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और नियमित मार्गदर्शन सत्रों का अवसर मिलेगा। इसका उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर छात्रों को व्यावहारिक और उद्योग आधारित कौशलों से मजबूत बनाना है।

#### विद्यार्थियों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना

इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। यह सहयोग राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप है, जिसमें कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि यह सहयोग विद्यार्थियों को देश के श्रेष्ठ विशेषज्ञों, आईआईटी एवं आईआईएम एलुमनी तथा उद्योग विशेषज्ञों से सीखने का अवसर प्रदान करेगा। इससे उनका ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा उनका भविष्य अधिक उज्ज्वल एवं सशक्त बनेगा। एसजीएसयू के कुलगुरु डॉ. विजय सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक अध्ययन तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें वास्तविक उद्योग अनुभव से सक्रिय रूप से जोड़ते हुए उनकी रोजगार क्षमता को सशक्त बनाती है।

---

# ईमानदारी की मिसाल बना पर्यटन निगम का यूनिट डोडी का स्टॉफ

### ज्वेलरी और सामान से भरा बैग सुरक्षित लौटाया

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की इंदौर भोपाल हाईवे स्थित इकाई डोडी में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी ईमानदारी, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक परिवार की खोई हुई कीमती ज्वेलरी एवं सामान से भरा बैग सुरक्षित लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। जानकारी के अनुसार, अशोक गुप्ता एवं उनका परिवार उज्जैन में पारिवारिक विवाह समारोह में शामिल होकर भोपाल लौट रहा था। यात्रा के दौरान वे कुछ समय के लिए इंदौर उज्जैन- भोपाल हाईवे पर स्थित निगम की इकाई डोडी पर रुके थे। इसी दौरान अनजाने में उनका एक बैग वहीं छूट गया, जिसमें कीमती आभूषण और निजी सामान रखा हुआ था। जब गुप्ता परिवारजन को बैग के गुम हो जाने का पता चला तो वे पुनः



डोडी पहुंचे और वहां सहायता की गुहार लगाई, इस दौरान डोडी इकाई के प्रबंधक राजेश छुगानी ने व्यक्तिगत रूप से करीब दो घंटे तक सीसीटीवी फुटेज की जांच कर परिवार की मदद की, जांच के दौरान पता चला कि गुप्ता का वाहन निकलने के बाद यूनिट के रेस्टोरेंट में कार्यरत कर्मचारी पप्पू बागवान एवं अशोक बागवान को लावारिस बैग दिखाई दिया था, जिसे उन्होंने पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ इकाई के सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षित रखने के लिए सौंप दिया। कर्मचारियों की सतर्कता और प्रबंधन के सहयोग से गुप्ता परिवार को उनका पूरा सामान सुरक्षित वापस मिल गया। इस घटना से प्रभावित होकर अशोक गुप्ता एवं उनके परिवार ने डोडी के समस्त स्टॉफ, विशेष रूप से प्रबंधक राजेश छुगानी, पप्पू बागवान एवं अशोक बागवान के प्रति आभार व्यक्त किया है। गुप्ता परिवार ने कहा कि आज के समय में ऐसी ईमानदारी और नैतिकता दुर्लभ है तथा पर्यटन निगम की इकाई डोडी के स्टॉफ न केवल उनका कीमती सामान लौटाया बल्कि मानवता और विश्वास को भी मजबूत किया है।

### निगम ने शहर के कई क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन, महापौर हेल्पलाईन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से नाली पर रखी फर्शियां, अवैध बनें चबूतरे, छप्पर को तोड़ा तथा बड़ी संख्या में ठेले, गुमठी, बोर्ड, कुर्सी, टेबिल, बेंच, फुटपाथ आदि पर लगी सब्जी आदि की दुकानें, दुकानों के बाहर रखा सामान व आवागमन में बाधक दो पहिया, चार पहिया वाहन सहित अन्य अतिक्रमणों को हटाकर ठेले, गुमठी, पान पार्लर, दो पहिया वाहन की बॉडी, पाईप, बोर्ड, कुर्सी, टेबिल, बेंच सहित अन्य प्रकार का सामान जप्त किया। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने टीला जमालपुरा में नाली के ऊपर से अवैध रूप से बना 01 चबूतरा तोड़ा।

# अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर जीडीए प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

### कौशल विकास आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

सत्ता सुधार ■ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर एफवीटीआरएस संस्था द्वारा आयोजित जीडीए (जनरल ड्यूटी असिस्टेंट) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्रद्धा दयाल एवं उनके सहयोगी आदित्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में फंडिंग पार्टनर मनाल फाउंडेशन से सेंथिल कुमार एवं सबा करीमुन्निसा विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं एफवीटीआरएस संस्था के डायरेक्टर फेलिक्स डीसूजा एवं सिल्ली दलई ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सर्वधर्म कॉलोनी, कोलार रोड की पार्षद सविता भदौरिया रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत



स्वागत गीत के साथ हुआ, जिसने पूरे माहौल को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कौशल विकास आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने युवाओं को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में समर्पण एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर जानकारी दी गई कि जीडीए प्रशिक्षण का प्रैक्टिकल सेशन शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायक पहल बताया।

---

**शिविर** | 20 जिलों के 4000 ओबीसी युवाओं को सेना और पुलिस भर्ती के लिए मिलेगा 45 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

# राज्यमंत्री गौर आज करेंगी 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना' का शुभारंभ

### मप्र पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया भी होंगे शामिल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर शुक्रवार 15 मई 2026 को सुबह 11 बजे 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026' का शुभारंभ करेंगी। अपेक्स बैंक परिसर स्थित समन्वय भवन में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया और स्थानीय विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित रहेंगे। भोपाल, रायसेन और नर्मदापुरम जिलों के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। राज्यमंत्री गौर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन



यादव के मार्गदर्शन में पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए ये योजना विभाग द्वारा शुरू की गई है।

यह योजना प्रदेश के 20 चयनित जिलों में संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य ओबीसी वर्ग के प्रतिभावान युवाओं को भारतीय सेना, पुलिस, होमगार्ड और अन्य अर्ध सैनिक बलों की भर्ती परीक्षाओं के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना है। योजना में प्रदेश भर से चयनित 4000 प्रतिभागियों को जिला स्तर पर 45 दिनों का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक जिले में 100-100 के बैच में पुरुष और महिला वर्ग के युवाओं को अलग-अलग केंद्रों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

#### चार अलग-अलग काउंटर लगाए गए

राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने बताया कि युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को बेहद वैज्ञानिक और सघन बनाया गया है। इसमें कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन 4 घंटे का सैद्धांतिक प्रशिक्षण और 3 घंटे का शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को निशुल्क आवास और भोजन के साथ स्टाइपेंड, अध्ययन सामग्री भी मिलेगी। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि यह योजना युवाओं के लिए एक 'ऐतिहासिक सौगात' है, जो न केवल उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करेगी बल्कि उनमें देश सेवा का जज्बा और अनुशासन भी पैदा करेगी।

# सीएमएचओ ने किया जेपी अस्पताल की ओपीडी का निरीक्षण

### तीन डॉक्टर अनुपस्थित मिले, नोटिस जारी



**भोपाल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने जयप्रकाश जिला चिकित्सालय की ओपीडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन डॉक्टर अनुपस्थित मिले। सीएमएचओ ने अनुपस्थित चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। डॉ. मनीष शर्मा ने शाम करीब 5.15 से 5.30 बजे के बीच दंत रोग, नेत्र रोग, मानसिक रोग, अस्थि रोग, मेडिसिन, शल्य क्रिया, नाक-कान-गला तथा त्वचा रोग विभाग की ओपीडी का जायजा लिया। इस दौरान दंत चिकित्सक डॉ. नीलिमा सोनी, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. जय कुमार साहू और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलू गुप्ता अपने कक्ष में मौजूद नहीं पाए गए। सीएमएचओ ने बताया कि अनुपस्थिति के कारण मरीजों को हुई असुविधा को गंभीरता से लिया गया है और संबंधित डॉक्टरों को नोटिस जारी किया जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### लिपुलेख विवाद पर नेपाल में फिर गरमाई बहस, विशेषज्ञ ने सरकार को दी सलाह

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच लिपुलेख विवाद फिर चर्चा में है। नेपाल में नई राजनीतिक परिस्थितियों और मानसरोवर यात्रा मार्ग को लेकर बढ़ती बहस के बीच, रणनीतिक विशेषज्ञों ने सरकार से इस मुद्दे पर भारत के साथ तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर बातचीत करने की अपील की है।

नेपाल के विदेश मंत्रालय में प्रोटोकॉल के पूर्व प्रमुख गोपाल बहादुर थापा ने लेख में दावा किया है कि लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से नेपाल का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 1816 की सुगौली संधि का हवाला देकर कहा कि काली नदी को नेपाल और ब्रिटिश भारत की पश्चिमी सीमा माना गया था और उस समय इसका वास्तविक उद्गम लिम्पियाधुरा क्षेत्र था। थापा ने आरोप लगाया कि 1856 के बाद ब्रिटिश शासन के दौरान नक्शों में बदलाव कर सीमा को धीरे-धीरे पूर्व की ओर खिसकाया गया और लिपुलेख क्षेत्र को भारत की ओर दिखाया जाने लगा। विशेषज्ञ का कहना है कि 1816 से 1856 के बीच के कई आधिकारिक नक्शे, ब्रिटिश काल के सर्वे रिकॉर्ड, राजस्व दस्तावेज और प्रशासनिक आदेश नेपाल के दावे का समर्थन करते हैं।

### ब्रिटेन में सियासी भूचालः पीएम स्टॉर्मर पर कुर्सी छोड़ने का दबाव, मंत्री ने छोड़ा पद

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन वर्तमान में एक बड़े राजनीतिक संकट की चपेट में है, जहां प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर पर इस्तीफा देने का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। उनकी लेबर सरकार को तब गहरा झटका लगा जब आवास मंत्री मियाटा फानबुले ने पद छोड़ दिया। हालांकि, स्टॉर्मर ने साफ किया है कि वह अपनी कुर्सी नहीं छोड़ने वाले और सरकार का कामकाज जारी रखूंगा। डाउनिंग स्ट्रीट से जारी बयान के अनुसार, स्टॉर्मर ने कैबिनेट बैठक में कहा कि पार्टी के भीतर नेतृत्व चुनौती की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। देश इस अस्थिरता के आर्थिक प्रभावों को महसूस कर रहा है, लेकिन जनता सरकार से काम जारी रखने की उम्मीद करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लेबर पार्टी में नेता को चुनौती देने की एक स्थापित प्रक्रिया है और वह अभी तक सक्रिय नहीं हुई है। फानबुलेह ने स्टॉर्मर से देश और पार्टी के हित में व्यवस्थित नेतृत्व परिवर्तन की समयसीमा तय करने की अपील करते हुए कहा कि जनता अब उन पर उस बदलाव को लाने का विश्वास नहीं करती जिसका उन्होंने वादा किया था। मंगलवार सुबह डाउनिंग स्ट्रीट पर मंत्रियों और सांसदों की आवाजाही बढ़ गई, जो सरकार के भीतर बढ़ती हलचल का संकेत थी। ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी हेडी अलेक्जेंडर और ट्रेजरी मंत्री जेम्स मरे जैसे वरिष्ठ मंत्रियों को नंबर 10 पर देखा गया, हालांकि उन्होंने मीडिया से कोई बात नहीं की। कई लेबर सांसदों ने भी सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री से पद छोड़ने की मांग करनी शुरू कर दी है। हालिया चुनावी नतीजों के बाद से लेबर पार्टी के भीतर असंतोष पनप रहा है, जहां कई नेताओं का मानना है कि पार्टी जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या लेबर पार्टी के भीतर औपचारिक नेतृत्व चुनौती शुरू होती है।

---

केंद्रीय कृषि मंत्री से दिल्ली में पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान ने की मुलाकात, कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा

# पंजाब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी केंद्र सरकारः शिवराज सिंह

एजेंसी ■ नई दिल्ली

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने भगवंत मान के साथ पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस उच्चस्तरीय चर्चा में धान की मिलिंग में आ रही समस्याओं, फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देने, जल संसाधनों के संरक्षण तथा तिलहन, दलहन, कॉटन और बागवानी मिशनों के जरिए कृषि के सतत विकास जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पंजाब ने देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है और आज भी वह भारत का अन्न भंडार बना हुआ है। उन्होंने पंजाब के किसानों के राष्ट्रीय खाद्यान्न उत्पादन



में योगदान की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार कृषि से संबंधित सभी मिशनों में राज्य को पूरा सहयोग प्रदान करेगी। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार कृषि और जल संरक्षण से संबंधित सभी पहलों में पंजाब को हर संभव सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की कपास, दलहन, तिलहन और बागवानी मिशनों और अन्य योजनाओं का लाभ पंजाब की कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों के कल्याण के लिए किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और पंजाब सरकार मिलकर राज्य में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने, जल संसाधनों के संरक्षण तथा कृषि के सतत विकास के लिए कार्य करेंगी। पंजाब की उपजाऊ भूमि में अपार कृषि क्षमता है, लेकिन साथ ही जल संरक्षण और टिकाऊ खेती पद्धतियों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। चौहान ने कहा कि हम पंजाब के साथ मिलकर कार्य करेंगे ताकि किसानों को फसल विविधीकरण में नुकसान न हो, जल संसाधनों की रक्षा हो, मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर बने और कृषि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अधिक सक्षम बने। इसके साथ ही चौहान ने कहा कि देश में उर्वरकों की कमी नहीं है लेकिन मृदा का संतुलन बनाए रखने के लिए उर्वरकों के संतुलित उपयोग जरुरी है।

भगवंत मान ने कहा कि पंजाब वर्तमान सीजन के लिए निर्धारित गेहूं खरीद लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करेगा। उन्होंने कहा, पंजाब 125 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद लक्ष्य को पूरा करेगा और खाद्यान्न उत्पादन में देश का नेतृत्व जारी रखेगा। पंजाब द्वारा अतिरिक्त वित्तीय सहायता की मांग से जुड़े प्रश्नों के उत्तर में मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार विभिन्न कृषि, सिंचाई और किसान कल्याण मिशनों के माध्यम से राज्य को सहयोग देती रहेगी।

---

# प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता के मुरीद हुए यूरोपीय देश

## नॉर्डिक देशों को दी सीख लेने की सलाह

एजेंसी ■ ओस्लो/ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी नॉर्वे यात्रा से पहले अंतरराष्ट्रीय मीडिया में उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता की जबरदस्त चर्चा हो रही है। नॉर्वे के प्रमुख व्यापारिक समाचार पत्र दा-गन्स नैरीस्लिव ने एक विशेष लेख प्रकाशित कर प्रधानमंत्री मोदी की जमकर सराहना की है। अखबार ने उन्हें न केवल दुनिया का सबसे लोकप्रिय राजनेता बताया, बल्कि नॉर्डिक देशों के नेताओं को उनसे सीखने की सलाह भी दी है। यह लेख ऐसे समय में आया है जब 18 मई को प्रधानमंत्री मोदी नॉर्वे की महत्वपूर्ण यात्रा पर पहुंचने वाले हैं।

अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी नॉर्वे के राजा किंग हैरल्ड से मुलाकात करेंगे और भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। नॉर्वे के अखबार ने आंकड़ों का हवाला देते हुए लिखा कि जहां यूरोपीय देशों के अधिकांश नेताओं की घरेलू लोकप्रियता 30 प्रतिशत के



आसपास सिमट जाती है, वहीं पीएम मोदी 70 प्रतिशत की रेटिंग के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 12 वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद उनकी लोकप्रियता का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, जिसका मुख्य कारण भारत का तेज आर्थिक विकास और उनका व्यक्तिगत संघर्षपूर्ण जीवन है। अखबार ने उन्हें एक सेल्फ-मेड नेता बताते हुए कहा कि एक साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर वैश्विक मंच पर छा जाना उनकी असाधारण क्षमता को दर्शाता है।

आर्थिक मोर्चे पर भी लेख में मोदी सरकार की उपलब्धियों का लोहा माना गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की अर्थव्यवस्था वर्तमान में लगभग 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जो कई विकसित देशों और चीन से भी तेज है। अनुमान जताया गया है कि यदि यही गति बनी रही तो वर्ष 2050 तक भारत विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसके साथ ही ग्रीन एनर्जी, विशेषकर सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के तीसरे स्थान पर पहुंचने की सराहना करते हुए इसे विकास और पर्यावरण के संतुलन का एक बेहतरीन मॉडल बताया गया है। अखबार ने भारतीय जनता पार्टी को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री के संगठन कौशल की प्रशंसा की। लेख के अंत में यह स्पष्ट किया गया कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में नॉर्वे और अन्य यूरोपीय देशों के लिए भारत अब केवल एक बड़ा बाजार नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था का एक अनिवार्य केंद्र बन चुका है। ऐसे में यूरोप को भारत के साथ अपने कूटनीतिक और व्यापारिक रिश्तों को नए स्तर पर ले जाने की आवश्यकता है।

---

## जीसीसी, कनाडा, चिली, मैक्सिको और अन्य प्रमुख क्षेत्रों के साथ भारत व्यापार वार्ता को आगे बढ़ा रहा हैः पीयूष गोयल

एजेंसी ■ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित लीप्स पुरस्कार 2025 समारोह और लीड्स रिपोर्ट 2025 के विमोचन के अवसर पर कोर रसद, एमएसएमई, स्टार्टअप, संस्थानों और विशेष श्रेणियों के साथ 13 श्रेणियों में लीप्स पुरस्कार 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया। गोयल ने लीप्स पुरस्कार 2025 समारोह में लीड्स 2025 रिपोर्ट भी जारी की। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, उद्योग संघों, रसद हितधारकों, स्टार्टअप्स, एमएसएमई, शैक्षणिक संस्थानों, मूल्यांकन समितियों के सदस्यों और लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पीयूष गोयल ने लीप्स पुरस्कार 2025 और लीड्स रिपोर्ट 2025 के विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने बीते साढ़े तीन वर्ष में नौ मुक्त व्यापार समझौतों के माध्यम से 38 विकसित और समृद्ध अर्थव्यवस्थाओं को शामिल किया है, जिनमें से चार पहले से ही लागू हैं और अगले 12 महीने में पांच और लागू होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि जापान, कोरिया और आसियान देशों के साथ पहले हुए एफटीए के साथ, ये समझौते अब वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्थाओं के दो-तिहाई से



अधिक हिस्से को कवर करते हैं। गोयल ने कहा कि भारत चिली और मालदीव सहित कई देशों और क्षेत्रों के साथ व्यापार समझौतों पर सक्रिय आधार पर बातचीत कर रहा है, और उम्मीद है कि दोनों समझौते इस साल के अंत से पहले पूरे हो जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि खाड़ी सहयोग परिषद् के साथ भी वार्ता चल रही है, मंत्री ने यह भी कहा कि भारत व्यापारिक संबंधों और बाजार पहुंच के अवसरों को बढ़ाने के लिए कनाडा, यूरेशिया, मैक्सिको, एसएसीयू और मर्कोसुर के साथ सक्रिय तौर पर चर्चा कर रहा है। अधिक सीमा शुल्क, यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया संकट जैसी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, भारत ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में 863 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सर्वोच्च निर्यात आंकड़ा हासिल किया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रगति की गति धीमी के बावजूद, भारत का निर्यात लगातार बढ़ता रहा है।

---

# ब्रिटेन में भारतीय ट्रांसजेंडर छात्र बना स्कॉटलैंड का सांसद

## ब्रिटेन में दो फाड़ होती राजनीति के आ रहे परिणाम

एजेंसी ■ लंदन

ब्रिटेन से हाल के दिनों में सामने आई दो विपरीत खबरों ने वैश्विक राजनीति और सामाजिक ढांचे को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। इस नीतिगत बदलाव का सबसे सुखद परिणाम भारतीय छात्र क्यू मणिवन्नन की जीत के रूप में सामने आया है। मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले मणिवन्नन यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट ऐंड्रूज से पीएचडी कर रहे थे। स्कॉटिश ग्रीन्स पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने न केवल जीत दर्ज की, बल्कि छात्र वीजा पर रहते हुए सांसद बनने वाले पहले भारतीय और ट्रांसजेंडर प्रतिनिधि बनकर इतिहास रच दिया। मणिवन्नन की यह जीत जहां एक वर्ग के लिए लोकतंत्र की जीत है, वहीं दूसरा वर्ग इसे लेकर सवाल उठा रहा है। ब्रिटेन की जमीन पर उपजी ये दो अलग-अलग धाराएं भविष्य की अंतरराष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। एक तरफ इंग्लैंड में प्रवासियों के प्रति स्थानीय लोगों का गुस्सा चरम पर पहुंच रहा है, तो दूसरी तरफ स्कॉटलैंड ने समावेशी लोकतंत्र की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इंग्लैंड में हाल ही में संपन्न हुए स्थानीय परिषद चुनावों के परिणामों ने राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया है। सत्ताधारी लेबर पार्टी को इन चुनावों में भारी नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि मुख्य विपक्षी दल कंजरवेटिव पार्टी को भी इसका सीधा लाभ नहीं मिला। इस चुनाव में सबसे बड़ी विजेता बनकर उभरी रिफॉर्म यूके पार्टी, जिसने अपने कट्टर प्रवासी-विरोधी एजेंडे के दम पर जबरदस्त बढ़त हासिल की। इस पार्टी का स्पष्ट मानना है कि अवैध रूप से आने वाले लोग देश की संस्कृति और संसाधनों के लिए खतरा हैं। विशेषकर नावों के जरिए पहुंचने वाले सीरिया, इराक, पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिकों के साथ-साथ अब भारतीय मूल के लोगों को भी इस विरोध की आंच झेलनी पड़ रही है। इसके बिल्कुल विपरीत, स्कॉटलैंड एक अलग ही रास्ते पर चलता दिखाई दे रहा है। स्कॉटिश सरकार ने वर्ष 2020 में एक क्रांतिकारी कानून पारित किया था, जिसके तहत वहां रहने वाले और टैक्स देने वाले विदेशी नागरिकों को मतदान का अधिकार दिया गया। इसी कानून का विस्तार करते हुए विदेशी नागरिकों को चुनाव लड़ने की अनुमति भी दी गई।

### अमेरिका को करीब 29 अरब डॉलर का भारी-भरकम खर्च उठाना पड़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष और तनावपूर्ण युद्धविराम के बीच वैश्विक राजनीति में हलचल तेज हो गई है। एक ओर जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ईरान के मुद्दे और व्यापारिक रिश्तों पर चर्चा के लिए बीजिंग रवाना हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर इस युद्ध की बढ़ती आर्थिक कीमत ने अमेरिका के भीतर चिंता की लहर पैदा कर दी है। अमेरिकी अधिकारियों के ताजा आंकड़ों के अनुसार, ईरान के खिलाफ सैन्य अभियानों में अब तक अमेरिका को करीब 29 अरब डॉलर का भारी-भरकम खर्च उठाना पड़ा है, जो पेंटागन के पिछले अनुमानों से कहीं अधिक है। वह इस युद्ध को शांतिपूर्ण तरीके से या किसी और तरीके से समाप्त करेंगे, जिसे जानकारों ने फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी के रूप में देखा है। हालांकि, इस युद्ध का सीधा असर अब अमेरिकी जनता की जेब पर भी पड़ने लगा है।

# ईरान युद्ध के बीच इजराइली पीएम नेतन्याहू ने किया था यूएई का 'सीक्रेट दौरा'

## यूएई ने दावे को किया सिरे से खारिज, पूरे क्षेत्र में सस्पेंस और तनाव बढ़ा

**तेलअवीव।** पश्चिम एशिया की सियासत में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के एक दावे ने पूरे क्षेत्र में सस्पेंस और तनाव बढ़ा दिया है। नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान युद्ध के दौरान उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात का 'सीक्रेट दौरा' किया था और वहां राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से मुलाकात की थी। हालांकि यूएई ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है।

नेतन्याहू के दफ्तर के मुताबिक 26 मार्च को ओमान सीमा के पास अल ऐन शहर में दोनों नेताओं के बीच घंटों बातचीत हुई थी। इसे इजराइल-यूएई संबंधों में 'ऐतिहासिक सफलता' बताया गया, लेकिन यूएई के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर साफ कहा कि उनके और इजराइल के रिश्ते पहले से सार्वजनिक हैं और किसी 'गुप्त



बैठक' का दावा बेबुनियाद है। दरअसल, इस पूरे घटनाक्रम की जड़ें 2020 में हुए अब्राहम अकॉर्ड्स से जुड़ी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल में हुए इस समझौते ने पहली बार यूएई और इजराइल के बीच औपचारिक संबंध स्थापित किए थे। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के साथ 28 फरवरी को शुरू हुए युद्ध के बाद इस रिश्ते को और मजबूती मिली है। अमेरिका के इजराइल में राजदूत माइक हकाबी ने खुलासा किया कि इजराइल ने यूएई की सुरक्षा के लिए अपना आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम और सैन्य विशेषज्ञ तैनात किए थे यानी यूएई ने ईरान के हमले से बचाया। इससे साफ है कि दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग अब खुलकर सामने आने लगा है। हालांकि इन दावों को यूएई ने इनकार किया है। संभव है कि ईरान के बढ़ते खतरे को देखते हुए यूएई खुलकर सामने आने से बच रहा है, ताकि वह सीधे निशाने पर न आ जाए। पहले भी ऐसा हुआ है कि यूएई पर ईरान अचानक मिसाइल और ड्रोन हमला करने लगा। यही वजह हो सकती है कि वह इस तरह की किसी भी 'सीक्रेट मुलाकात' को सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं कर रहा है। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भी तंज कसते हुए कहा कि जो देश इजराइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ साजिश कर रहे हैं।

---

**स्वागत** रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर भी प्रमुखता से चर्चा होगी,

# भारत में उतरा ईरानी विदेश मंत्री का विमान, जयशंकर ने किया स्वागत

एजेंसी ■ नई दिल्ली

पश्चिमी एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच, ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। गुरुवार को ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री से हाथ मिलाकर स्वागत किया। यह दौरा अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध शुरू होने के दो माह से अधिक समय बाद भारत के साथ तेहरान की पहली उच्च स्तरीय राजनयिक बैठक है, जो इसके महत्व को रेखांकित करता है।

उनके दौरे का मुख्य उद्देश्य ब्रिक्स बैठक में भाग लेना है, हालांकि अराघची विदेश मंत्री जयशंकर के साथ व्यापक द्विपक्षीय वार्ता भी करने वाले है। इन वार्ताओं में ईरान, संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल के बीच चल रहे संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर चर्चा केंद्रित होने की उम्मीद है। रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर भी प्रमुखता से चर्चा होगी, जहां भारत इस संकरे जलमार्ग से व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही को लेकर अपनी चिंता जता रहा है। यह जलडमरूमध्य वैश्विक कच्चे तेल और एलएनजी आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बात दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य, फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ता है और वैश्विक तेल व द्रवीकृत प्राकृतिक गैस व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इससे गुजरता



है। ईरान द्वारा समुद्री यातायात को प्रभावी ढंग से प्रतिबंधित करने के बाद अतीत में वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया है। अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से, तेहरान ने नई दिल्ली के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखने के प्रयास में जयशंकर के साथ अराघची की कई बार फोन पर बातचीत कराई है। ब्रिक्स सम्मेलन से संबंधित उच्च स्तरीय राजनयिक मुलाकातों के तहत, अराघची और अन्य ब्रिक्स विदेश मंत्री गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करने वाले है। राजनयिक पर्यवेक्षक इस बात पर बारीकी से नजर रख रहे हैं कि क्या ब्रिक्स मंत्रिस्तरीय बैठक पश्चिम एशिया संघर्ष पर एक सर्वसम्मत बयान जारी कर पाएगी, क्योंकि इस गुट के भीतर स्पष्ट मतभेद दिखाई दे रहे हैं। पिछले महीने, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मतभेदों के कारण संकट पर ब्रिक्स का एक साझा रुख बनाने के भारत के प्रयासों में बाधाएं आई थीं।

## पाकिस्तानी एयरबेस पर संदिग्ध सी130 हरकुलस विमान आया नजर, अमेरिका चिंतित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस को लेकर बड़ा खुलासा अब सामने आया है, जिसने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। चीन की सेटेलाइट तस्वीर कंपनी ने एक ऐसी तस्वीर जारी की है, जिसमें एयरबेस पर संदिग्ध सी130 हरकुलस विमान दिखाई दिया है। दावा किया जा रहा है कि यह विमान ईरान का हो सकता है। इस खबर के सामने आते ही अमेरिका समेत कई देशों में बहुत ज्यादा चिंता बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये तस्वीरें अप्रैल 2026 की है। पाकिस्तान के बेहद अहम नूर खान एयरबेस पर खड़ा एक ऐसा विमान दिख रहा है जिसका रंग और डिज़ाइन पाकिस्तान एयरफोर्स के विमानों से बहुत अलग है। विमान पर रेगिस्तानी इलाके में इस्तेमाल होने वाला सैंड कैमोफ्लाज़ पेंट किया गया है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान आमतौर पर ग्रे रंग के सैन्य विमान इस्तेमाल करता है। जबकि यही खास पैटर्न ईरान की एयरफोर्स अपने सी130 विमानों में इस्तेमाल करती है। यही वजह है कि अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या पाकिस्तान अपने एयरबेस में ईरानी सैन्य विमानों को छिपा कर रख रहा है। पाकिस्तान गुप्त रूप से ईरान को मदद पहुंचा रहा है और इसके विमानों को सुरक्षित जगह दे रहा है। इस पूरे मामले में इसलिए भी ज्यादा तूल पकड़ लिया क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन के दौरे पर हैं।

# मॉडर्न ज़माने में ऊंचा रुतबा पाना है अपराध का कारण




आज का समाज भौतिकवादी दौड़ में शामिल होकर मॉडर्न बनना चाहता है और इस मॉडर्न ज़माने में ऊंचा रुतबा पाना चाहता है। इसके लिए पैसे की ज़रूरत होती है। इस ज़माने में, कोई भी इंसान ईमानदारी से दो वक्त की रोटी कमाए बिना इज्ज़त की ज़िंदगी नहीं जी सकता। इसलिए, ऊंचा रुतबा पाने के लिए लोग दूसरे गैर-कानूनी धंधे करने लगते हैं और ज़्यादा पैसे कमाने की चाहत क्राइम को जन्म देती है। साफ़ है कि क्राइम से इंसान का सामाजिक और आर्थिक नुकसान होता है। क्राइम से उसका परिवार और समाज टूटता है। आर्थिक गिरावट आती है। उसका कल्चरल और नैतिक पतन होता है। इसलिए, क्राइम के खिलाफ़ आवाज़ उठाना और अपराधियों को सुधारने की कोशिश करना ज़रूरी है।यह निर्विवाद सर्व स्वीकार्य तथ्य है कि अपराध से कानून की अवहेलना और अपराधों में वृद्धि होती है। आज जो अपराध है वह कल परिवर्तित सामाजिक परिस्थिति में अपराध नहीं रह सकता है और जो आज अपराध नहीं है वह कल अपराध के स्वरूप का मानक बन सकता है। अपराध को परिभाषित करने के सम्बन्ध में दो विचार धारायें हैं, एक को शास्त्रीय, सनातन तथा मिश्रयवादी और द्वितीय को नवउन्मेषकारी, सांदर्भिक तथा परिमार्जनवादी कहना संगत होगा। प्रथम कानून की सीमाओं में ही संकुचित रहती है, दूसरी सामाजिक जीवन के व्यापक परिवेश में विचरण निन्दनीय अथवा अनौचित्यपूर्ण क्यों न हो, अपराध तब तक नहीं माना जाता जब तक कि उसे आपराधिक कानून के द्वारा निषिद्ध नहीं घोषित किया गया है। डोनाल्ड आर. टैफ्ट के शब्दों में, ''वैधानिक रूप से अपराध एक ऐसी क्रिया है जो कानूनतः दण्डनीय है।'' गिलिन एवं गिलिन के अनुसार कानूनी दृष्टिकोण से अपराध किसी देश के कानून के विरुद्ध कार्य है। इस प्रकार उपर्युक्त सभी परिभाषाओं का विश्लेषण किया जाय तो निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि अपराध जानबूझकर किया गया व्यवहार है। आपराधिक परिवारों के पुरुष एवं महिलाओं का विभिन्न प्रकार के करती हो। प्रथम को परम्परागत तथा द्वितीय को आधुनिकतम अपराधों में संलिप्तता का क्या उद्देश्य रहा है, जब इन कहना भी प्रथम की मर्यादा एवं उपयुक्तता का हनन किये बिना समीचीन होगा। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपराध कानून का उल्लंघन है। यह वह व्यवहार है जिसे आपराधिक संहिता में निषिद्ध तथा दण्डनीय घोषित किया गया है। विवेचनागत अध्ययन की सुगमता हेतु अपराध की अन्य वैज्ञानिक परिभाषाएँ जो आपराधिक परिवारों से प्राप्त आँकड़ों की मदद से निष्कर्ष निकाला गया तो 53.01 प्रतिशत अपराधियों ने अपराध करने की सहमति स्वीकार किया एवम् 46.99 प्रतिशत का कहना है कि पुलिस ने अनावश्यक रूप से वैसे ही झूठे, फर्जी केस दर्ज करके अपनी कार्यवाही पूरी की। 1. अक्सर गरीबी रेखा के नीचे के परिवार कहीं न कहीं न कहीं, वे किसी न किसी रूप में अपराध में शामिल हो जाते हैं, जैसा कि लगभग 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना।



सुनील कुमार महला

# सोना बचत और वर्क फ्रॉम होम का संदेश

**प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल और बड़ी मात्रा में सोना आयात करता है। ऐसे में पेट्रोल-डीजल और सोने पर अधिक खर्च से विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता है तथा व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। इसलिए हमें यह चाहिए कि हम हर क्षेत्र में बचत को महत्व दें। वास्तव में मनुष्य के जीवन में बचत का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है।**

हाल ही में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने, अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने, वर्क फ्रॉम होम( जैसा कि हमने कोविड काल के दौरान इसे अमल में लाया था) जैसे उपाय अपनाने तथा एक वर्ष तक गैर-जरूरी सोना नहीं खरीदने की अपील की है। वास्तव में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह अपील पश्चिम एशिया संकट, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव के संदर्भ में की गई है। पिछले कुछ समय से हमारे देश के साथ ही साथ पूरे विश्व ने पश्चिम एशिया संकट का सामना किया। मसलन, युद्ध के कारण पूरे विश्व में खाद्य पदार्थों में जहां एक ओर महंगाई का सामना करना पड़ा, वहीं दूसरी ओर तेल-गैस संकट के बादल भी मंडराए। गैस के लिए लंबी-लंबी कतारें हमें हर कहीं पर देखने को मिलीं,कई स्थानों पर तो तेल के लिए भी कमोबेश यही स्थिति देखने को मिली। इस क्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल और बड़ी मात्रा में सोना आयात करता है। ऐसे में पेट्रोल-डीजल और सोने पर अधिक खर्च से विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता है तथा व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। इसलिए हमें यह चाहिए कि हम हर क्षेत्र में बचत को महत्व दें। वास्तव में मनुष्य के जीवन में बचत का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। बचत केवल हमारे अर्थ( धन) को ही सुरक्षित रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे भविष्य की सुरक्षा, हमारी आत्मनिर्भरता और संतुलित जीवन का आधार भी बनता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि मनुष्य के जीवन में कभी भी अचानक बीमारी, आर्थिक संकट, बेरोजगारी या अन्य कठिन परिस्थितियाँ आ सकती हैं। ऐसे समय में बचत ही मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा बनती है। यही कारण है कि कहा जाता है- बूंद-बूंद से घड़ा भरता है। छोटी-छोटी बचतें भविष्य में बड़ी शक्ति बन जाती हैं।हमारी सनातन भारतीय संस्कृति में बचत की परंपरा प्राचीन काल से रही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे यहां तो लोग सदैव सादा जीवन, उच्च विचार और विवेकपूर्ण खर्च को महत्व देते आए हैं। प्राचीन काल गांवों में लोग अनाज, घी, धन और अन्य आवश्यक वस्तुओं का संग्रह करके रखते थे, ताकि कठिन समय में परिवार सुरक्षित रह सके। गृहिणियाँ भी घर के खर्च से थोड़ा-थोड़ा बचाकर भविष्य के लिए संचित करती थीं। यही पारिवारिक बचत भारतीय समाज की आर्थिक मजबूती का आधार रही है।हमारे बुजुर्ग हमेशा यह शिक्षा देते थे कि आय से कम खर्च करना चाहिए और अनावश्यक दिखावे



से बचना चाहिए। भारतीय परिवारों में बच्चों को भी छोटी उम्र से ही गुल्लक में पैसे जमा करने की आदत डाली जाती रही है। यह केवल आर्थिक शिक्षा नहीं, बल्कि संयम और दूरदर्शिता का संस्कार भी है। बहरहाल, यहां यह कहना चाहूंगा कि बचत की प्रेरणा हमें चींटियों से लेनी चाहिए। वास्तव में, चींटियां हमें बचत, परिश्रम और दूरदर्शिता की अद्भुत प्रेरणा देती हैं। छोटी-सी दिखाई देने वाली चींटी अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर मेहनत करती रहती है। वह अनुकूल समय में भोजन के छोटे-छोटे कण इकट्ठा करके अपने बिल में जमा करती है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में उसे कठिनाई न हो। यही कारण भी है कि चींटी को बचत और अनुशासन का प्रतीक माना जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि थोड़ी-थोड़ी बचत भविष्य में बड़े संकटों से बचा सकती है। जिस प्रकार चींटी कभी आलस्य नहीं करती और लगातार अपने लक्ष्य में लगी रहती है, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में परिश्रम, संयम और बचत की आदत अपनानी चाहिए। चींटियां यह संदेश देती हैं कि भविष्य की चिंता केवल सोचने से नहीं, बल्कि आज से तैयारी करने से दूर होती है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि छोटी कोशिशें और छोटी बचतें ही आगे चलकर बड़ी ताकत बनती हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि चींटियां केवल प्रकृति का जीव नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन की एक महान शिक्षक भी हैं।आज उपभोक्तावाद और दिखावे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण बचत की आदत कमजोर होती जा रही है, जबकि वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता और भी अधिक बढ़ गई है। बचत व्यक्ति को आत्मविश्वास देती है और देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाती है। इसलिए हमें अपनी पुरानी परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए बचत को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। हाल फिलहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने की भी अपील की। साथ ही विदेश यात्राओं, डेस्टिनेशन वेडिंग और गैर-जरूरी खर्चों को टालने का आग्रह किया।लोकल फॉर वोकल से देश का पैसा देश में ही रहेगा और देश और अधिक आर्थिक तरक्की तथा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा। हाल फिलहाल, प्रधानमंत्री की यह अपील आर्थिक अनुशासन, विदेशी मुद्रा संरक्षण और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश की आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। आज हम अनावश्यक खर्च करते हैं। हम संसाधनों का सही व विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें और जहां तक हो सके बचत को जीवन में अपनाएं। वास्तव में प्रधानमंत्री की यह कटौती की नहीं, बल्कि स्मार्ट लाइफ स्टाइल की सलाह है, और हम मिलकर ये सब आसानी से कर सकते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि समझदारी से खर्च बनेगा देश के लिए आर्थिक रूप से बहुत ही सहायक सिद्ध हो सकता है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार यह नहीं कह रहे कि कोई संकट है, जिसमें हमें खर्च घटाने हैं, बल्कि उन्होंने तो यह अपील की हैं कि युद्ध के इस दौर में हमें ऐसे खर्च कम करने हैं, जिससे देश की विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। हम स्मार्ट लाइफ स्टाइल अपनाकर इस बर्बादी को रोक सकते हैं, ताकि देश के सामने आर्थिक संकट न आए।कोविड काल में हमने बचत के बड़े उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। मसलन, घर से कामकाज किया, तेल की बचत हुई, पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिली।

# भारत के बच्चों को भोजन के अलावा भी और चीजों की आवश्यकता है

कुछ समय पहले मेरे क्लिनिक में पांच साल की एक बच्ची लाई गई। वह अपनी उम्र के बच्चों की तुलना में विकास के कई चरणों में पीछे लग रही थी। उसकी बोलने की गति धीमी थी और वह अपने हमउम्र बच्चों जितनी सक्रिय या जुड़ी हुई नहीं दिख रही थी। उसके विकास के आकलन में वह तीन साल की बच्ची के स्तर पर पाई गई। उसकी मां बहुत चिंतित थीं। बच्ची बीमार नहीं थी। कोई ऐसी बीमारी या निदान नहीं था जो इसकी वजह समझा सके। लेकिन जब हमने कोविड-19 के पिछले दो वर्षों के बारे में बात की, तो तस्वीर साफ होने लगी। लंबे लॉकडाउन के कारण स्कूल बंद रहे, वह ज्यादातर समय घर पर रही, खेल की जगह स्क्रीन ने ले ली और



भोजन पहले की तुलना में अधिक साधारण और सीमित हो गया। उन शांत वर्षों में उसके मस्तिष्क को वह सब नहीं मिल पाया जिसकी उसे बढ़ने के लिए जरूरत थी। वह कोई अपवाद नहीं थी। अलग-अलग क्लिनिकों में बाल रोग विशेषज्ञ और विकास विशेषज्ञ एक ही तरह की स्थिति देख रहे थे-ऐसे बच्चे जो शारीरिक रूप से स्वस्थ थे, लेकिन विकास में पीछे रह गए थे। यह वायरस की वजह से नहीं था, बल्कि उसके बाद पैदा हुई परिस्थितियों की वजह से था। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मस्तिष्क का 90% विकास पांच वर्ष की आयु से पहले ही हो जाता है, जिससे प्रारंभिक वर्ष बच्चे के संज्ञानात्मक, भावनात्मक और सामाजिक भविष्य को आकार देने का सबसे बड़ा अवसर बन जाते हैं। इस दौरान बनने वाले तंत्रिका संबंध सीखने, भाषा, स्मृति और जीवन भर के लिए लचीलेपन को मजबूत करते हैं।



डॉ. सरथ गोपालन

इस अवधि में सही पोषण प्राप्त करना सबसे शक्तिशाली निवेशों में से एक है जो हम कर सकते हैं। आयरन, जिंक और सेलेनियम जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व, जिन्हें अक्सर तंत्रिका पोषक तत्व कहा जाता है, स्वस्थ मस्तिष्क विकास और कार्य के लिए आवश्यक हैं। फिर भी आंकड़े एक चिंताजनक कहानी बयां करते हैं। अकेले आयरन की कमी भारत में पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 50% बच्चों को प्रभावित करती है ( एनएफएचएस-5)। पांच वर्ष से कम आयु के 67.1% बच्चों में एनीमिया दर्ज किया गया, जो पिछले सर्वेक्षण से अधिक है। 12-59 महीने की आयु के बच्चों के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि विश्लेषण सहित हाल के साक्ष्यों से पता चला है कि 60% से अधिक बच्चों में एनीमिया के साथ या उसके बिना सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी थी। यह अकेले हीमोग्लोबिन की संख्या से कहीं अधिक व्यापक पोषण संबंधी अंतर की ओर इशारा करता है। डोकोसाहेक्सानोइक एसिड (डीएचए), एक ओमेगा-3 फैटी एसिड, मस्तिष्क की संरचना, स्मृति निर्माण और दृश्य विकास में सहायक होता है। कोलीन, एक अन्य आवश्यक पोषक तत्व, अब मस्तिष्क के विकास के लिए अनिवार्य माना जाता है। जब माताएं गर्भावस्था के दौरान कोलीन का सेवन करती हैं, तो यह स्वस्थ जीन गतिविधि और कोशिका संरचना, तथा मस्तिष्क के प्रमुख क्षेत्रों - जिनमें स्मृति और चिंतन के लिए जिम्मेदार क्षेत्र शामिल हैं - के विकास में सहायक होता है। ये पोषक तत्व बच्चे के आहार में वैकल्पिक नहीं हैं, बल्कि उनकी क्षमता के लिए मूलभूत हैं।

बच्चे के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण पोषण संबंधी हस्तक्षेप जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। मस्तिष्क का विकास भ्रूण अवस्था में ही शुरू हो जाता है, और मां की पोषण स्थिति सीधे तौर पर उस तंत्रिका आधार को आकार देती है जिससे बच्चा जन्म लेता है। डीएचए गर्भ में तंत्रिका संपर्क को सहारा देता है; गर्भावस्था के दौरान आयरन और फोलिक एसिड का सेवन कम जन्म वजन और विकास में देरी के जोखिम को कम करता है। फिर भी, भारत में केवल 44% गर्भवती महिलाओं ने अनुशंसित 180 या उससे अधिक दिनों तक आयरन-फोलिक एसिड सप्लीमेंट का सेवन किया (एनएफएचएस-5), जो एक बहुत बड़ा और लक्षित करने योग्य अवसर प्रस्तुत करता है। यही कारण है कि किशोरियों में निवेश करना अगली पीढ़ी में निवेश करना है। एक स्वस्थ लड़की स्वस्थ मां बनती है, और एक स्वस्थ मां अपने बच्चे को सर्वोत्तम संभव शुरुआत देती है। भारत में 59% किशोरियों में एनीमिया की समस्या है, इसलिए स्कूलों, सामुदायिक कार्यक्रमों और लक्षित पूरक आहार के माध्यम से इस समूह को प्राथमिकता देना संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा में प्रभावी उपायों में से एक है।

हालांकि पोषण महत्वपूर्ण है, मस्तिष्क के विकास के लिए दो समानांतर इनपुट आवश्यक हैं: पर्याप्त पोषण और भावनात्मक-सामाजिक उत्तेजना। महामारी ने इसे सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। यूनिसेफ का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर सात में से एक बच्चे ने कोविड-19 के दौरान विकास या सीखने में महत्वपूर्ण हानि का अनुभव किया, जो मुख्य रूप से बीमारी के कारण नहीं, बल्कि साथियों के साथ मेलजोल, बातचीत और खेल की कमी के कारण हुआ। स्क्रीन ने मानवीय संपर्क का स्थान ले लिया, और भाषा, शारीरिक और सामाजिक विकास प्रभावित हुआ।

संवेदनशील देखभाल, मौखिक संवाद, स्पर्श संबंधी जुड़ाव और एक उत्तेजक वातावरण तंत्रिका तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं और स्वस्थ मस्तिष्क संरचना के लिए आवश्यक हैं। प्रारंभिक बचपन के कार्यक्रम जो पोषण संबंधी सहायता और विकासात्मक उत्तेजना दोनों को एकीकृत करते हैं, ऐसे परिणाम देते हैं जो इनमें से कोई भी अकेले प्राप्त नहीं कर सकता। भारत की कार्यक्रम संरचना इस पर अमल करने के लिए अच्छी स्थिति में है। पोषण अभियान और पीएम पोषण जैसे कार्यक्रम पहले से ही देश भर में लाखों माताओं और छोटे बच्चों तक पहुंच रहे हैं। पोषण पखवाड़ा जैसी पहल पोषण के इर्द-गिर्द निरंतर, सामुदायिक स्तर पर लामबंदी की शक्ति को दर्शाती है। वितरण संरचना, जिसमें आंगनवाड़ी नेटवर्क, अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी और सामुदायिक स्तर पर पहुँच शामिल है, स्थापित है। अब अवसर यह है कि इस ढांचे से मिलने वाले लाभों को और अधिक बढ़ाया जाए।

उचित प्रशिक्षण और सहयोग से, वे शारीरिक विकास पर नज़र रखने से लेकर माता-पिता को प्रारंभिक प्रोत्साहन, संवेदनशील देखभाल और बाल विकास प्रथाओं पर मार्गदर्शन देने तक अपनी भूमिका का विस्तार कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ के नर्चरिंग केयर फ्रेमवर्क को एकीकृत करना, जो पोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा, प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल को एक सुसंगत इकाई में जोड़ता है, इस विकास के लिए एक स्पष्ट और वैज्ञानिक रोडमैप प्रदान करता है। यह लक्ष्य को केवल बच्चों को भोजन कराने से आगे बढ़ाकर उन्हें वास्तव में फलने-फूलने में मदद करने की ओर ले जाता है।

शुरुआती बचपन में पोषण किसी भी देश के लिए सबसे अधिक लाभ देने वाला निवेश है। जब बच्चों को उनके विकसित होते मस्तिष्क के लिए जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्व, सही देखभाल का वातावरण और सही मानसिक व सामाजिक प्रोत्साहन मिलता है तो उसका लाभ पूरी जिंदगी मिलता है। ऐसे बच्चे बेहतर विद्यार्थी बनते हैं, आगे चलकर अधिक सक्षम और उत्पादक नागरिक बनते हैं, और समाज भी अधिक मजबूत और सक्षम बनता है। भारत के पास विकसित भारत का सपना है। उसके पास व्यवस्थाएं हैं। उसके पास विज्ञान है। अब जरूरत इस बात की है कि शुरुआती बचपन के पोषण को केवल कल्याणकारी योजना का हिस्सा न माना जाए, बल्कि उसे उस बुनियाद के रूप में देखा जाए, जिस पर बाकी सब कुछ टिका है।

**(लेखक, नई दिल्ली के मधुकर रेनबो चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल में बाल चिकित्सा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार और न्यूट्रिशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (एनएसआई) के अध्यक्ष हैं।)**

# क्या नीट परीक्षा दोबारा कराने से समस्या हल हो जायेगी?

सौरभ वार्ष्णेय

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट हर वर्ष लाखों छात्रों के भविष्य का निर्धारण करती है। ऐसे में यदि परीक्षा की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं, पेपर लीक या धांधली की आशंका सामने आती है, तो छात्रों और अभिभावकों में आक्रोश स्वाभाविक है। इसी संदर्भ में यह सवाल उठ रहा है कि क्या नीट परीक्षा दोबारा कराने से समस्या का समाधान हो जाएगा? या इस पर केंद्र सरकार कड़ी कार्रवाई करते हुए ऐसे सिस्टम के नकारा लोगों पर हंटर चलायेगी जिससे इस लीक माफिया पर ऐसा करना भूल जायें। पहली दृष्टि में पुनर्परीक्षा एक न्यायसंगत कदम प्रतीत होता है। जिन छात्रों ने ईमानदारी से मेहनत की और परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी के कारण स्वयं को ठगा हुआ महसूस किया, उनके लिए दोबारा परीक्षा एक अवसर बन सकती है। इससे यह संदेश भी जाएगा कि सरकार और परीक्षा एजेंसियां निष्पक्षता के प्रति गंभीर हैं तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता को स्वीकार नहीं किया जाएगा। लेकिन समस्या केवल पुनर्परीक्षा तक सीमित नहीं है। यदि व्यवस्था की खामियां जस की तस बनी रहती हैं, तो दोबारा परीक्षा भी नए विवादों को जन्म दे सकती है। लाखों छात्रों पर मानसिक दबाव, अतिरिक्त आर्थिक बोझ और तैयारी की अनिश्चितता का प्रभाव पड़ता है। कई विद्यार्थी पहले ही अत्यधिक तनाव में रहते हैं; पुनर्परीक्षा उनकी मानसिक स्थिति को और कठिन बना सकती है। असल प्रश्न यह है कि बार-बार परीक्षा कराने की नौबत क्यों आती है? जब तक परीक्षा प्रणाली में तकनीकी सुरक्षा, प्रश्नपत्र की गोपनीयता, परीक्षा केंद्रों की निगरानी और जवाबदेही मजबूत नहीं होगी, तब तक केवल पुनर्परीक्षा स्थायी समाधान नहीं बन सकती। आवश्यकता इस बात की है कि परीक्षा संचालन में आधुनिक तकनीक, सख्त निगरानी और पारदर्शी जांच व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही, दोषियों पर त्वरित और कठोर कार्रवाई भी उतनी ही आवश्यक है। यदि पेपर लीक या भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण मिलता रहेगा, तो छात्रों का विश्वास लगातार कमजोर होगा। शिक्षा व्यवस्था में विश्वास बनाए रखना किसी भी लोकतंत्र की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि व्यापक स्तर पर अनियमितता सिद्ध होती है तो पुनर्परीक्षा आवश्यक कदम हो सकता है, लेकिन इसे अंतिम समाधान नहीं माना जा सकता। वास्तविक समाधान परीक्षा प्रणाली में सुधार, जवाबदेही तय करने और छात्रों के विश्वास को पुनर्स्थापित करने में निहित है। केवल परीक्षा दोबारा कराने से नहीं, बल्कि व्यवस्था को ईमानदार और मजबूत बनाने से ही भविष्य सुरक्षित होगा। लाखों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की मेहनत पर पानी फेरने वाले पेपर लीक गिरोहों के खिलाफ आखिर ठोस कार्रवाई कब होगी, यह सवाल आज पूरे देश में गूंज रहा है। हर वर्ष परीक्षा के बाद पेपर लीक, धांधली और नकल माफिया की खबरें सामने आती हैं, लेकिन कार्रवाई की गति इतनी धीमी रहती है कि लोगों का भरोसा व्यवस्था पर कमजोर पड़ने लगता है।सरकार और जांच एजेंसियां दावा करती हैं कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। कई राज्यों में गिरफ्तारियां भी हुई हैं, कुछ कोचिंग सेंटरों और दलालों पर छापेमारी भी हुई।

फीचर



# ज्वेलरी डिजाइन के क्षेत्र में बनाये करियर

**ज्वेलरी डिजाइन में कलात्मक अभिव्यक्ति का विशेष स्थान होता है। लेकिन इसके साथ तकनीकी ज्ञान होना भी बहुत जरूरी होता है। इन कोर्स में छात्रों को धातु-रत्नों से लेकर कंप्यूटर आधारित डिजाइन तकनीकों के बारे में शिक्षा दी जाती है।**

अगर आप किसी अलग क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो ज्वेलरी डिजाइन का है। ज्वेलरी डिजाइन के क्षेत्र में उतरें। इसमें आप किसी बड़ी डिग्री के बिना भी एक अच्छा पैकेज हासिल कर सकते हैं। इसमें सुंदरता, कारीगरी और रचनात्मकता को अधिक महत्व दिया जाता है। ज्वेलरी डिजाइन कोर्स सिर्फ अंगूठी या नेकलेस का डिजाइन बनाने से कहीं ज्यादा है। इसमें ज्वेलरी के सांस्कृतिक महत्व को समझने के साथ, फंक्शन, मटेरियल, फॉर्म और मार्केट की मांग को ध्यान में रखना शामिल है। ज्वेलरी डिजाइन में कलात्मक अभिव्यक्ति का विशेष स्थान होता है। लेकिन इसके साथ तकनीकी ज्ञान होना भी बहुत जरूरी होता है। इन कोर्स में छात्रों को धातु-रत्नों से लेकर कंप्यूटर आधारित डिजाइन तकनीकों के बारे में शिक्षा दी जाती है। इसमें 3डी मॉडलिंग, जेमोलॉजी और बहुमूल्य धातुओं की केमेस्ट्री भी सिखाई जाती है। यह कोर्स छात्रों को तकनीकी ज्ञान और रचनात्मकता के बीच संतुलन बनाना सिखाता है। इसके जरिए छात्र खुद को मार्केट के हिसाब से तैयार करते हैं। बता दें कि ज्वेलरी डिजाइनर सिर्फ आभूषण के डिजाइन पर ही नहीं बल्कि फैशन के रुझान और उपभोक्ता के व्यवहार की समझ होनी जरूरी है। इस कोर्स में वैश्विक बाजार, फैशन ट्रेंड्स और खरीददार की मानसिकता जैसी चीजों पर ध्यान दिया जाता है। इससे स्टूडेंट्स ऐसे आभूषण डिजाइन कर सकते हैं, जो दिखने में सुंदर और आकर्षक होने के साथ ही उपभोक्ता और बाजार के रुझानों में भी फिट हों। स्टूडेंट्स आभूषण स्टाइलिस्ट, जेमोलॉजिस्ट, आभूषण डिजाइनर, मर्चेंडाइजर और उद्यमी के तौर पर अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकते हैं।

## अपनी बात



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को पड़ोसी देश पाकिस्तान को आगाह करते हुए कहा कि यदि उसने फिर से भारत के ऊपर नजर उठाने की जुर्रत करने की कोशिश की ''तो जो अब तक नहीं हुआ है वह होकर रहेगा।'' सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है कि हम आतंकवाद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे।



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसफ विजय ने कहा कि महिलाओं को कलैग्नार मगलीर उरिमाई थोगई योजना की मई माह की किस्त जल्द ही दी जाएगी। इस योजना के तहत महिलाओं को 1,000 रुपये दिए जाते हैं। इसकी शुरुआत पूर्ववर्ती द्रविड मुनेत्र कषगम सरकार ने की थी और इसका नाम पार्टी के दिग्गज नेता एम. करुणानिधि के नाम पर रखा गया। विजय के हवाले से जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया कि राशि लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### मंडी में फसल बेचकर लौट रहे किसान के ट्रैक्टर से 90 हजार रुपये चोरी

**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र में एक किसान की मेहनत की कमाई पर अज्ञात चोर ने हाथ साफ कर दिया। ग्राम भूतमढ़ी निवासी किसान संजीव रघुवंशी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी गेहूं की फसल बेचने के लिए आरोन कृषि उपज मंडी आया था। फरियादी के अनुसार गत दिवस मंडी में फसल बेचने के बाद उसे 1,12,080 रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ था। इसमें से संजीव ने 90 हजार रुपये एक कपड़े के थैले में भरकर ट्रैक्टर के गियर बॉक्स के पास रख दिए और बाकी राशि अपने पास रख ली। शाम करीब साढ़े चार बजे घर लौटते समय वह खामखेड़ा पेट्रोल पंप के पास वेयरहाउस पर ट्रैक्टर की ट्रॉली बदलने लगा। कुछ देर बाद जब वह वापस ट्रैक्टर पर लौटा, तो वहां रखा पैसों से भरा थैला गायब था। आस-पास तलाश करने के बाद भी जब रुपयों का पता नहीं चला, तो किसान ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कराया।

### पुलिस अधीक्षक ने थानों और चौकियों की कमान बदली, 5 अधिकारियों के तबादले

**गुना।** जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल को पुलिस महकमे में महत्वपूर्ण फेरबदल किया है। जारी किए गए आधिकारिक आदेश के अनुसार, जिले के तीन थानों और एक महत्वपूर्ण पुलिस चौकी में नए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इस प्रशासनिक बदलाव में पुलिस लाइन में पदस्थ अधिकारियों को मैदानी जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं कुछ अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। आदेश के तहत निरीक्षक प्रमोद कुमार साहु को पुलिस लाइन से थाना प्रभारी विजयपुर बनाया गया है। इसी तरह, उपनिरीक्षक संदीप यादव को मधुसूदनगढ़ से स्थानांतरित कर थाना प्रभारी मृगवास की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक गोपाल चौबे को थाना मधुसूदनगढ़ भेजा गया है। महिला अधिकारियों में उपनिरीक्षक रचना खत्री को उमरी चौकी प्रभारी से हटाकर थाना बमौरी पदस्थ किया गया है, जबकि उनकी जगह बुंदेल सिंह तुनेरिया को बमौरी से हटाकर उमरी चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### 300 साल बाद कल चार शुभ योग में मनेगी शनि जयंती

**रुठियाई।** ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या पर मनाई जाने वाली शनि जयंती 16 मई को रुठियाई स्थित शनिदेव व नवग्रह मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। इस बार शनि जयंती का विशेष महत्व माना जा रहा है। करीब 300 साल बाद इस दिन कई शुभ योगों का संयोग बन रहा है। वहीं 13 साल बाद शनि जयंती शनिवार को पड़ रही है। इसे ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जा रहा है। इस मौके पर शनिदेव मंदिर रुठियाई में विभिन्न हवन, पूजन, जाप और अनुष्ठान के कार्यक्रम होंगे। मंदिर के पुजारी कैलाश नारायण ज्योतिषी व सह पुजारी बृजेश महाराज ने बताया कि, सुबह 7 बजे शनिदेव के तेलाभिषेक व महाआरती के साथ धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके बाद पूरेदिन हवन, जाप, अनुष्ठान के होंगे। शाम 7 बजे से शनि चालीसा का सामूहिक पाठ व भक्तिमय संकीर्तन होगा।

# नीट परीक्षा धांधली के खिलाफ़ कॉलेज गेट पर NSUI का उग्र प्रदर्शन, पुलिस को चकमा देकर फूंका पुतला



**सत्ता सुधार ■ गुना**

नीट परीक्षा में हुई कथित धांधली और पेपर लीक के विरोध में छात्र संगठन एनएसयूआई ने गुना के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने न केवलोंस कॉलेज के अंदर जमकर नारेबाजी की, बल्कि पुलिस की घेराबंदी को चकमा देते हुए कॉलेज गेट के बाहर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला भी फूंक दिया। प्रदर्शन के दौरान पीजी कॉलेज और एक्सीलेंस कॉलेज परिसर में भारी पुलिस बल तैनात था। पुलिस प्रदर्शनकारियों को कॉलेज गेट के बाहर रोकने की तैयारी में ही थी कि छात्र संगठन के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए परिसर के अंदर तक जा पहुंचे। इससे पहले कि पुलिस स्थिति को पूरी तरह संभाल पाती, कार्यकर्ताओं ने दौड़कर गेट के बाहर पुतला जला दिया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष फलेशुराज सिसोदिया के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन के दौरान सरकार पर तीखे हमले किए गए। छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के शासनकाल में पिछले 7 वर्षों में लगभग 70 परीक्षाओं के पेपर या तो लीक हुए हैं या उन्हें निरस्त करना पड़ा है। परीक्षाओं के दौरान छात्रों के साथ तो बेहद सख्ती बरती जाती है। कलावा और कान की बाली तक उतरवा ली जाती है। लेकिन पेपर माफियाओं और लीक करने वालों पर सरकार का कोई वश नहीं चलता। नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा का पेपर लीक होना लाखों मेधावी छात्र-छात्राओं के भविष्य और उनकी वर्षों की मेहनत के साथ जघन्य खिलवाड़ है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह केवल एक घोटाला नहीं बल्कि एक जघन्य अपराध है, जिसमें कहीं न कहीं सरकार की मिलीभगत नजर आती है।

यही कारण है कि सरकारी भर्ती परीक्षाओं से लेकर प्रवेश परीक्षाओं तक का भविष्य अंधकार में है। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई और छात्रों को न्याय नहीं मिला, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप धारण करेगा।

# ईंधन बचत की मुहिम, पूर्व विधायक सलूजा की पहल



**सत्ता सुधार ■ गुना**

देश के प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोल-डीजल की बचत और फिजूलखर्ची रोकने के आह्वान से प्रेरणा लेकर गुना नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह सलूजा ने एक नई मुहिम शुरू की है। उन्होंने इस संबंध में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर जिले में शासकीय वाहनों के उपयोग में कटौती करने और युवाओं से महीने में 8 दिन फोर-व्हीलर का उपयोग न करने का अनूठा सुझाव दिया है।

**कलेक्टर से की शासकीय वाहनों में कटौती और ऑनलाइन बैठकों की मांग**

### शासकीय काफिलें में कटौती और इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर

पूर्व विधायक सलूजा ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ने अपने काफिलों को छोटा कर मितव्ययिता का संदेश दिया है, उसी तर्ज पर गुना जिला प्रशासन को भी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि विभिन्न विभागों में किराए पर लगे डीजल-पेट्रोल वाहनों की संख्या सहानुभूतिपूर्वक कम की जाए और उनके स्थान पर इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही, शासकीय वाहनों का उपयोग केवल अति आवश्यक होने पर ही करने का सुझाव दिया है।

### ऑनलाइन बैठकों और युवाओं से विशेष अपील

ईंधन बचाने के लिए सलूजा ने सुझाव दिया कि जिला मुख्यालय से होने वाली सभी महत्वपूर्ण बैठकों को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ऑनलाइन संचालित करें, जिससे अधिकारियों के वाहनों का आवागमन और ईंधन खर्च कम हो सके। उन्होंने गुना के युवाओं, सामाजिक संगठनों और विभिन्न क्लबों से भी अपील की है कि वे प्रधानमंत्री की इस मुहिम को आगे बढ़ाएं और महीने में कम से कम कुछ दिन निजी फोर-व्हीलर वाहनों का उपयोग स्वेच्छा से बंद कर पर्यावरण और अर्थव्यवस्था में सहयोग दें। सलूजा का मानना है कि यदि गुना जिला प्रशासन इस दिशा में शुरुआत करता है, तो पूरे मध्यप्रदेश में एक सकारात्मक संदेश जाएगा।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित चार घायल, पुलिस ने दर्ज किया क्रॉस केस

**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत बायपास रोड स्थित सारथी सिटी कॉलोनी के सामने गुरुवार सुबह दो मोटरसाइकिलों की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दोनों पक्षों के कुल चार लोग घायल हुए हैं, जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष के फरियादी नीतेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह करीब 10:30 बजे जब वह सारथी सिटी कॉलोनी की ओर मुड़ रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार बाइक एमपी 08-0329 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनके पैर और हाथ में चोटें आईं। वहीं, दूसरे पक्ष की 15 वर्षीय रिया अहिरवार ने बताया कि वह अपने भाई राहुल और मां राजकुमारी के साथ बाइक से जा रही थी, तभी सामने जा रहे बाइक चालक एमपी 08-1285 ने अचानक लापरवाही से वाहन मोड़ दिया, जिससे उनकी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में राहुल और राजकुमारी को सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों का उपचार आरोन अस्पताल में कराया गया है।

# कैंट पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3.395 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सत्ता सुधार ■ गुना**




पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कैंट थाना पुलिस ने एक गांजा तस्कर को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। एएसपी मानसिंह ठाकुर और सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में कैंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। गत शाम पुलिस को सूचना मिली कि मालपुर रोड पर एक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टे में गांजा लेकर बेचने की फिराक में बैठा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और हुलिए के आधार पर घेराबंदी कर चरण सिंह धाकड़ (45), निवासी ग्राम बरखेड़ा गिर्द को धर दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से 3.395 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 75 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया है।

### टीम का विशेष योगदान

नशे के विरुद्ध इस प्रभावी कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक ज्योति राजपूत, प्रधान आरक्षक दीपेन्द्र परिहार, आरक्षक महेन्द्र वर्मा, आरक्षक विनोद धाकड़, आरक्षक मयंक गोस्वामी, आरक्षक रामनिवास शर्मा, आरक्षक विकाश राजपूत, आरक्षक गौरव देवलिया और आरक्षक गौरव शर्मा की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अब तस्कर के अन्य नेटवर्क और गांजा सप्लाई के स्रोतों की गहनता से जांच कर रही है।

# क्लब फुट से पीड़ित मासूम का हुआ सफल शासकीय उपचार

**सत्ता सुधार ■ गुना**

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषेश्वर के निर्देशन में जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निरंतर प्रयास रंग ला रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड चांचौड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज की आरबीएसके टीम ने एक मासूम को नई जिंदगी दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम गेहूखेड़ी निवासी बालक रियांश कुशवाह पिता राकेश कुशवाह, माता पवित्र कुशवाहा का जन्म मार्च 2025 में जन्मजात विकृति क्लब फुट (टेढ़े पैर) के साथ हुआ था। आरबीएसके टीम ए के चिकित्सक डॉ. अमित जायसवाल एवं डॉ. ज्योति मीणा ने परिजनों को निःशुल्क शासकीय उपचार की जानकारी दी और बीएमओ डॉ. राजेश कुमार पुष्पक के सहयोग से बालक को जिला चिकित्सालय गुना के डीईआईसी रेफर किया।



### सफल उपचार और जागरूकता का प्रभाव

जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक विनीता सोनी एवं अनुष्का फाउंडेशन के समन्वय से जिला अस्पताल के क्लब फुट क्लीनिक में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र धाकड़ द्वारा चरणबद्ध प्लास्टर और टेनाटॉमी ऑपरेशन किया गया। उपचार के बाद अब रियांश सामान्य रूप से चलने लगा है। इस सफलता से प्रेरित होकर ग्राम के एक अन्य बालक नीलम पिता पवन अहिरवार जिसका निजी अस्पताल में इलाज असफल रहा था, के माता-पिता भी शासकीय उपचार हेतु सहमत हुए हैं। उक्त बालक का उपचार भी अब गुना जिला अस्पताल में प्रगतिरत है, जिससे क्षेत्र में शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# गुनिया के गंदे नाले में मिले विक्षिप्त युवक को समाजसेवी ने परिवार से मिलाया

## नवजात की मौत के गम में खोया था मानसिक संतुलन



**सत्ता सुधार ■ गुना**

भीषण गर्मी और 44.6 डिग्री तापमान के बीच पिछले दिनों शहर की सड़कों पर नग्न अवस्था में घूम रहे और गुनिया नदी के गंदे नाले में स्नान करने वाले युवक को आखिरकार उसका परिवार मिल गया है। बदबूदार नाले में लोट रहे इस युवक की पहचान पुष्पेंद्र यादव नंदू के रूप में हुई है, जो अशोकनगर जिले के पिपरई के रहने वाले हैं।

### समाजसेवी के प्रयास से मिला परिवार

जब दुनिया तमाशबीन बनी गुनिया नदी के मजे ले रही थी, तब समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने उसे एबी रोड गादेर से जिला अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने न केवल युवक का उपचार कराया, बल्कि मनोचिकित्सक डॉक्टर भाटी से भी परामर्श दिलाया। युवक के पिपरई बताने पर समाजसेवी ने कड़ी मशक्कत के बाद उसके साले सुरजीत यादव से संपर्क किया। परिजनों के आने तक प्रमोद भार्गव ने पुष्पेंद्र की साफ-सफाई करवाकर नए कपड़े पहनाए, जिसके बाद मित्र पवन धाकरे व परिजनों के साथ वह अपने घर रवाना हुआ।

### गम में बिगड़ा मानसिक संतुलन

परिजनों ने बताया कि पुष्पेंद्र के नवजात बेटे का जन्म के समय निधन हो गया था, जिसके सदमे के कारण उनकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई और वे बिना बताए घर से निकल गए थे। परिजनों ने इस मानवीय कार्य के लिए समाजसेवी का आभार माना। प्रमोद भार्गव का कहना है कि वे निराश्रितों की मदद का यह अभियान जारी रखेंगे।

# गुना-शिवपुरी की सियासत में पोस्टर वॉर और जुबानी जंग तेज

## भाजपा ने सिंधिया समर्थक के बाद केपी समर्थकों को थमाया नोटिस, टशन बरकरार




**सत्ता सुधार ■ गुना**

गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र की राजनीति इन दिनों सोशल मीडिया के अखाड़े में तब्दील हो चुकी है। पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव को मध्य प्रदेश राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से ही उनके और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों के बीच खींचतान चरम पर है। इस गुटीय टशन को गंभीरता से लेते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अनुशासन का डंडा चलाया है और दोनों खेमों के सक्रिय नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

### केपी समर्थक के दबदबे वाले पोस्ट पर संगठन सख्त

डॉ. केपी यादव की नई नियुक्ति के बाद उनके समर्थकों का उत्साह सातवें आसमान पर है। इसी कड़ी में मंडल उपाध्यक्ष कृष्णपाल यादव ने सोशल मीडिया पर एक विवादास्पद टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने लिखा कि कोई माने या न माने, दो साल तो मंत्री हैं। आगे भी दबदबा था और आगे भी बना रहेगा। ये इतिहास ही लिखते हैं, जैसा 2019 में लिखा था। इस पोस्ट को भाजपा संगठन ने पार्टी विरोधी माना है। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार के निर्देश पर जिला महामंत्री संतोष धाकड़ ने कृष्णपाल यादव को नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि ऐसी पोस्ट से पार्टी की छवि धूमिल हो रही है और जवाब संतोषजनक न होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सिंधिया समर्थक के बालक बुद्धि तंज पर भोपाल से नोटिस

विवाद केवल एक तरफा नहीं है। केपी यादव के उस बयान पर जिसमें उन्होंने कहा था कि अब दो साल तक मैं हर मंच पर दिखूंगा—सिंधिया समर्थक नेता कृष्णा घाड़गे ने तीखा तंज कसा। अडानी सीमेंट प्लांट के शिलान्यास कार्यक्रम में केपी यादव की अनुपस्थिति को लेकर घाड़गे ने फेसबुक पर लिखा, आज तो नहीं दिखे बालक बुद्धि नेता। इस टिप्पणी के बाद विवाद बढ़ गया और भोपाल जिलाध्यक्ष रविंद्र यती ने कृष्णा घाड़गे को भी अनुशासनहीनता का नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है।

### मंच और बयानों से भी चल रहे सियासी तीर

बीते कुछ दिनों से अशोकनगर और गुना के राजनीतिक मंचों पर भी यह तल्खी साफ देखी जा रही है। डॉ. केपी यादव ने हाल ही में बिना नाम लिए सिंधिया समर्थकों पर निशाना साधते हुए कहा था कि कुछ लोग फूट डालकर राज करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी चुटकी ली थी कि समाज का हर व्यक्ति उन्हें आशीर्वाद देने आया, लेकिन यह अलग बात है कि कुछ लोग मंच पर नहीं दिखे। फिलहाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया इस पूरे घटनाक्रम पर मौन साधे हुए हैं, लेकिन उनके और केपी यादव के समर्थकों के बीच छिड़ी यह डिजिटल जंग भाजपा के भीतर बढ़ते आंतरिक कलह की ओर इशारा कर रही है। अब देखना यह है कि नोटिस का जवाब मिलने के बाद संगठन इन नेताओं पर क्या कार्रवाई करता है या यह टशन और अधिक गहराता है।

**ससुरालियों पर हत्या का आरोप**

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत से सनसनी, भाई के सामने ही उजड़ गई बहन की दुनिया

**सत्ता सुधार ■ गुना**

जिले के म्याना थानांतर्गत ग्राम नसीरा में एक 24 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतिका भावना यादव के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए गला घोंटकर या पत्थर पटककर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है।

घटना उस वक्त की है जब बुधवार दोपहर भावना का भाई उसे लेने ससुराल पहुंचा था, लेकिन वहां खुशियों के बदले उसे अपनी बहन की लाश नसीब हुई।

### भाई के साथ मारपीट और इलाज में देरी का आरोप

सिरनी (अशोकनगर) निवासी भाई अभिषेक और सुनील यादव ने बताया कि वे बुधवार दोपहर करीब 1 बजे अपनी बहन को लेने नसीरा गांव पहुंचे थे। जैसे ही भाई-बहन घर से निकलने लगे, पति गिर्राज यादव, ससुर मेहरबान यादव, राहुल यादव और सुगन बाई ने सुनील पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर सुनील को छुड़ाया, लेकिन इसी बीच ससुराल पक्ष के लोग भावना को जबरन घर के अंदर ले गए। करीब 15 मिनट बाद परिजनों ने बाहर आकर कहा कि भावना ने कोई जहरीली गोली खा ली है और वह बेहोश है। भाई अपनी बहन को तुरंत अस्पताल ले जाने की मिन्नतें करता रहा, लेकिन आरोप है कि ससुरालियों ने काफी देर तक उसे जाने नहीं दिया। मदद न मिलने पर राहुल खुद भावना को बाइक पर बैठाकर अस्पताल ले जाने लगा। लेकिन उसकी हालत इतनी खराब थी कि वह बाइक पर बैठ ही नहीं पा रही थी। इसके बाद गांव वालों के दबाव पर ससुराल वाले उसे जीप से अस्पताल ले जाने को राजी हुए। राहुल ने कहा कि रास्ते में जीप से उसे उतार दिया गया। उसने तुरंत परिजन को फोन कर घटना की जानकारी दी। जब मायके वाले संपर्क कर गुना पहुंचे, तो भावना एक निजी अस्पताल में मृत हालत में मिली।



### दहेज की मांग और ऑडियो रिकॉर्डिंग का दावा

जिला अस्पताल में गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे परिजनों का आक्रोश फूटा। उन्होंने बताया कि भावना की शादी दो साल पहले ही हुई थी और शादी में करीब 18 लाख रुपये खर्च किए गए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग लगातार दहेज की मांग कर प्रताड़ित कर रहे थे। परिजनों का दावा है कि उनके पास बुलेट मोटरसाइकिल मांगने की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। घटना की जानकारी मिलते ही म्याना थाना पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा होगा, जिसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस घटना से पूरे गांव में मातम और तनाव का माहौल है।

**इनका कहना है**

भावना को गुना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने से भोपाल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। जांच की जा रही है।

– विवेक अष्ठाना, एसडीओपी

# बजरंगगढ़ पुण्योदय तीर्थ पर भगवान शांतिनाथ का महामस्तकाभिषेक आज

**गुना।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य श्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद और मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज की प्रेरणा से बजरंगगढ़ स्थित पुण्योदय अतिशय क्षेत्र पर 15 मई को भव्य आयोजन होने जा रहा है। 900 वर्ष प्राचीन भगवान शांतिनाथ के जन्म, तप और मोक्ष कल्याणक दिवस को इस वर्ष भी श्रद्धापूर्वक शांतिधारा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। पुण्योदय क्षेत्र के अध्यक्ष एस.के. जैन और महामंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि शुक्रवार प्रातः 7 बजे मंगलाष्टक के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात मुख्य पात्रों का चयन कर भगवान का महामस्तकाभिषेक और शांतिधारा की जाएगी। पूजन के बाद विशेष रूप से निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में आगे श्री शांतिनाथ भक्तामर महामंडल विधान आयोजित होगा और शाम 7:30 बजे भक्तामर जी के 48 काव्यों पर 48 दीपकों के साथ भव्य महाआरती की जाएगी। पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि क्षेत्र तक पहुंचने के लिए जयस्तंभ चौराहे स्थित पवनश्री मांगलिक भवन से निःशुल्क वाहन व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। पुण्योदय क्षेत्र कार्यकारिणी कमेटी ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## ब्रीफ न्यूज

### चाचा ने किया मकान पर कब्जा, हटवाने कलेक्टर से लगाई गुहार



**सीहोर।** कोलीपुरा बड़ियाखेड़ी रेशम केंद्र के सामने 4 दुकानों वाले मकान को लेकर विवाद सामने आया है। राकेश कुमार यादव ने बुधवार को अपनी पांच बहनों के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय में शिकायती आवेदन दिया है। उनका कहना है कि मकान पर उनके चाचा ने कब्जा कर लिया। मकान के बंटवारे का केस कोर्ट में चल रहा है। राकेश यादव के मुताबिक उन्होंने निर्माण का विरोध किया और 25 फरवरी 2020 को कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में आवेदन दिया था। जिसके बाद नगर पालिका ने स्टे ऑर्डर दिया था। इसमें लिखा है कि मकान का निर्माण नियम के खिलाफ है। इसके बाद 12 मार्च 2020 को नायब तहसीलदार ने भी निर्माण रोकने के लिए स्टे ऑर्डर जारी किया। राकेश यादव का कहना है कि कोर्ट ने भी 13 फरवरी 2020 को स्टे ऑर्डर दिया था कि निर्माण तुरंत रोका जाए। शिकायत में कहा गया है कि इन आदेशों के बाद भी चाचा ने 4 दुकानों का निर्माण कर लिया।

### चंदेरी जनपद की ग्राम पंचायत मूड़राकला में कर रहे 54 मजदूर डिमांड पर काम

**अशोकनगर।** चंदेरी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मूड़राकला में मनरेगा में जमकर फर्जी वाला और भ्रष्टाचार चल रहा है। सरपंच सचिव रोजगार सहायक मिलकर मजदूरों का हक छीनकर शासन की राशि से अपनी जेबें में भर रहे हैं। गुरुवार को ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा पोर्टल पर 54 मजदूरों की डिमांड पर काम चलाया गया। जिसमें हितग्राही खेत तालाब निर्माण कार्य संजय /राकेश कोरी के खेत में तथा पीएम आवास के काम चलना दर्शाया गया। जबकि मौके पर कोई काम चलना, मजदूरों द्वारा काम किया जाना नहीं पाया गया। इस तरह मनरेगा में सरपंच सचिव रोजगार सहायक मिलकर खूब कमाई कर रहे हैं और अपनी जेब में भर रहे हैं अधिकारी भी काम की जांच करने नहीं जाते जिससे मजदूरों को गांव में रोजगार की दिक्कत हो रही है।

### मुंगावली जनपद की ग्राम पंचायत किरोला में 53 मजदूर प्रेजेंट पर दो काम

**अशोकनगर।** जिले की मुंगावली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत करोल में मनरेगा में जमकर फर्जी वाड़ा चल रहा है। यहां सरपंच सचिव रोजगार सहायक मिलकर मनरेगा पोर्टल पर फर्जी काम चलाकर एवं मजदूरों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर लाखों रुपए कमा रहे हैं। गुरुवार को मनरेगा पोर्टल पर फर्जी 53 मजदूरों की प्रजेंट लगाकर दो काम चलाए गए। जिसमें चेक डैम निर्माण कार्य किरोला, खेत तालाब निर्माण कार्य हजरत सिंह/ राम सिंह के यहां चलना दर्शाया गया। तथा समरथ आदिवासी, राम सिंह आदिवासी और जमुना, नीतेश यादव, दलीपसिह , सुनीता बाई, उमाकार सिंह, मुसाइनी वाई चंदनसिह जमनावाई, स्वरभंग की काम करते हुए उपस्थिति दर्ज की गई।

---

**अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर लेकर संविधान निर्माता बाबा साहेब के झंडे निकालने हिंगानी पहुंचा प्रशासन**

# पीड़ित परिवार ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर दिया शिकायती पत्र

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**






बाबा साहेब के झंडे निकालने प्रशासन बुल्डोजर लेकर पहुंच गया। ग्रामीण दलित परिवार ने विरोध किया तो पुलिस ने महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटनाक्रम श्यामपुर तहसील के हिंगोनी गांव में घटित हुआ। बाबा साहेब के फोटो झंडे हटाने और अपमान से दुखी परिवार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में शिकायती पत्र दिया। कलेक्ट्रेट पहुंचे अनुसूचित जाति वर्ग के घुड़ीलाल ने बताया कि बर्री ग्राम पंचायत ने घर बनाने के लिए भूमि का पटटा दिया है इस भूमि पर घर बना रहा था। कालम लगाए जा रहे थे निर्विरोध मकान का निर्माण जारी था बीते दिनों नाबालिक पोते कृष्णा ने निर्माणाधीन कालमों पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के फोटो वाले नीले झंडे लगा दिए। झंडे लगाने के विरोध में कुछ ग्रामीणों ने श्यामपुर थाना और तहसील कार्यालय में शिकायत दर्ज करा दी। साथ ही शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने के आरोप भी लगा दिए। श्यामुपर तहसीलदार ने 2000 रूपये का अर्थदंड लगाया और झंडों और कालम को अतिक्रमण बताकर हटाने का आदेश दिया। पीड़ित घुड़ीलाल ने बताया कि झंडे और अतिकमण हटाने सहित पैसे की व्यवस्था करने के लिए समय मांगा लेकिन प्रशासन ने समय नहीं दिया। मंगलवार को पुलिस बल और बुलडोजर के साथ ग्राम हिंगोनी पहुंचे तहसीलदार और थाना प्रभारी पटवारी ने सबसे पहले संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के फोटो वाले नीले झंडे को उखाड़ कर फेक दिया। बाबा साहेब के झंडे निकालने फाडने कालम तोड़ का सोरमबाई, अंगूरीबाई, सौदान और नाबालिक कृष्णा ने विरोध किया तो पुलिस ने मारपीट करनी शुरू कर दी। पीड़ित परिवार ने कलेक्टर से न्याय दिलाने और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाही करने की मांग की है।

---

# नगर पत्रकार परिषद धनपुरी ने सादगी और सम्मान के साथ मनाया शर्मा का 70वाँ जन्मोत्सव

**स्वस्थ एवं यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन किया**

**सत्ता सुधार ■ शहडोल**



धनपुरी नगर की पत्रकारिता जगत की एक प्रतिष्ठित और प्रेरणास्पद हस्ती, वरिष्ठ पत्रकार पंडित सनत कुमार शर्मा का 70वाँ जन्मदिन नगर पत्रकार परिषद धनपुरी द्वारा अत्यंत गरिमामय एवं सादगीपूर्ण वातावरण में परिषद कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर नगर पत्रकार परिषद के अध्यक्ष मोहम्मद शमीम खान सहित नगर के अनेक वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी, व्यापारी एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने श्री शर्मा के दीर्घायु, स्वस्थ एवं यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन किया। पंडित सनत कुमार शर्मा को धनपुरी नगर ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में 'कलम का जादूगर' कहा जाता है। उन्होंने अपने जीवन के लगभग 55 वर्ष पत्रकारिता और समाजसेवा को समर्पित कर दिए हैं। उनकी लेखनी सदैव गरीब, शोषित, पीड़ित और जरूरतमंद लोगों की आवाज बनकर सामने आई है। उन्होंने न केवल समाचारों के माध्यम से जनसमस्याओं को उठाया, बल्कि समाज में जागरूकता और जनचेतना फैलाने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. विजय सिंह ने कहा कि पंडित सनत कुमार शर्मा जैसे व्यक्तित्व आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचार लिखने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की पीड़ा को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने का सशक्त दायित्व है, और श्री शर्मा ने अपने पूरे जीवन में इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया है। डॉ. सिंह ने आगे कहा कि 'आज जब पत्रकारिता कई चुनौतियों के दौर से गुजर रही है, ऐसे समय में सनत कुमार शर्मा जी का संघर्ष, सादगी और निष्पक्षता युवाओं के लिए एक आदर्श उदाहरण है। उन्होंने अपनी निर्भीक लेखनी से सदैव समाज के दबे-कुचले वर्गों को न्याय दिलाने का प्रयास किया है। धनपुरी नगर के विकास और जनहित के मुद्दों को उन्होंने जिस गंभीरता से उठाया, उसी का परिणाम है कि आज नगर में विकास की जो तस्वीर दिखाई देती है, उसमें उनकी लेखनी का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं पत्रकार बृजवासी अग्रवाल ने कहा कि पंडित सनत कुमार शर्मा किसी परिचय या प्रशंसा के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने कर्म और संघर्ष से वह मुकाम हासिल किया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि लगभग चार-पाँच दशक पहले जब पत्रकारिता को लोग गंभीरता से नहीं जानते थे, तब श्री शर्मा ने पत्रकारिता की मशाल जलाकर समाज में जनजागरण का कार्य प्रारंभ किया था। उन्होंने कहा कि 'उस दौर में संसाधनों की कमी थी, लेकिन सनत कुमार शर्मा जी के भीतर समाज के प्रति सेवा और सच्चाई की भावना प्रबल थी। उन्होंने पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम माना। उनकी लेखनी ने अनेक लोगों को न्याय दिलाया और प्रशासन को जनता की समस्याओं से अवगत कराया। आज उनका 70वाँ जन्मदिन मनाना हम सभी के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। नगर पत्रकार परिषद के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद शमीम खान ने अपने उद्बोधन में वर्तमान समय की पत्रकारिता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज सोशल मीडिया के दौर में हर दूसरा व्यक्ति स्वयं को पत्रकार घोषित कर रहा है। पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों और मर्यादाओं से अनभिज्ञ लोग कैमरा और माइक्रोफोन लेकर समाज में भ्रम और भय का वातावरण उत्पन्न कर रहे हैं। ऐसे समय में पंडित सनत कुमार शर्मा जैसे वरिष्ठ पत्रकारों का अनुभव और आदर्श नई पीढ़ी को सही दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'सच्ची पत्रकारिता क्या होती है, यह सनत कुमार शर्मा जी ने अपने जीवन से सिद्ध किया है। उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से लोगों को न्याय दिलाने से लेकर युवाओं को रोजगार दिलाने तक की लड़ाई लड़ी है। उनकी पत्रकारिता में निष्पक्षता, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इस अवसर पर पत्रकार मुरलीधर धर त्रिपाठी, राजू अग्रवाल, एस.पी. सिंह, अतीक खान, नदीम खान सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। सभी ने पंडित सनत कुमार शर्मा के दीर्घ जीवन, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर सक्रिय सामाजिक योगदान की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएँ अर्पित कीं। समारोह का वातावरण आत्मीयता, सम्मान और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि पंडित सनत कुमार शर्मा जैसे वरिष्ठ पत्रकार समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनकी लेखनी आने वाली पीढ़ियों को सदैव सत्य, न्याय और जनसेवा का मार्ग दिखाती रहेगी।

---

## वीरता और राष्ट्रभक्ति के साथ किया जा रहा नगर का विकासः प्रिंस राठौर



**महाराणा प्रताप जयंती पर पावर हाउस चौराहे पर स्थापित होगी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा**

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

नगर में वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती के अवसर पर पावर हाउस चौराहे पर उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा स्थापना एवं चौराहे के सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर आज नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने कहाकि नगर में विरासत, राष्ट्रभक्ति और वीरता के साथ विकास कार्य किए जा रहे है। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं जिन्होंने मातृभूमि, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन संघर्ष, साहस और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की लंबे समय से मांग थी कि नगर के प्रमुख स्थल पर महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थापित की जाए, जिसे अब साकार किया जा रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सदैव राष्ट्रनायकों, महापुरुषों और भारत की गौरवशाली संस्कृति को सम्मान देने का कार्य कर रही है। महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगी। उन्होंने कहा कि नगर में विकास कार्यों के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित और सम्मानित करने का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिमा स्थापना स्थल पर आकर्षक सौंदर्यीकरण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाला कार्यक्रम भव्य एवं ऐतिहासिक बन सके।

---

# नीट परीक्षा रद्द होने के खिलाफ एनएसयूआई ने जताया विरोध

**सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज से मामले की न्यायिक जांच की मांग**

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और एनटीए अध्यक्ष प्रदीप जोशी के इस्तीफा की मांग**

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**



नीट परीक्षा रद्द होने के खिलाफ एनएसयूआई ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर विरोध जताया है। जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह विधायक हरि बाबू राय, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी, द्वारा नीट परीक्षा रद्द होने के खिलाफ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और एनटीए के अध्यक्ष प्रदीप जोशी के इस्तीफे की मांग की गई है। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है, कि देशभर में लगभग 22 लाख छात्र-छात्राएं प्रतिवर्ष नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन प्रतिवर्ष परीक्षा रद्द हो जाने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में अटक जाता है, जो छात्रों के हित में नहीं है। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी ने बताया कि नीट परीक्षा में हर वर्ग का छात्र शामिल होता है, लेकिन अमीर लोगों के बच्चों को अच्छे नंबर से पास करवाने के उद्देश्य से शिक्षा माफिया द्वारा प्रतिवर्ष नीट का पेपर लीक करवा दिया जाता है, और बाद में परीक्षा ही रद्द हो जाती है। हमारी मांग है कि अमीरों के अलावा जो बच्चे गरीब वर्ग से आते हैं और बड़ी मेहनत एवं लगन से नीट की साल भर तैयारी करते हैं, जब परीक्षा केंद्र पर पहुंचते हैं तो पता चलता है कि पेपर रद्द हो गया है यह छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य को खराब करता है, छात्र इस कारण से अवसाद में चले जाते हैं जिससे मेडिकल फील्ड में अच्छे डॉक्टर की कमी बनने की संभावना है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने कहा कि एक तरफ मोदी जी कहते हैं कि अमृतकाल चल रहा है और दूसरी ओर छात्रों और युवाओं की भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। विधायक हरी बाबू राय ने कहा इतना तो बच्चों का डाईपर लीक नहीं होता इतनी बार बीजेपी की सरकार में पेपर लीक हो चुका है।

---

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य मंत्री जायसवाल के पुत्र के विवाह समारोह में हुए शामिल

**अभिशंख एवं स्तुति जायसवाल के परिणय अवसर पर दिया शुभाशीष**

**सत्ता सुधार ■ शहडोल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल के सुपुत्र अभिशंख जायसवाल एवं पुत्रवधू स्तुति जायसवाल के पावन वैवाहिक बंधन मांगलिक अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगल आशीष प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से नवदंपति के सुखमय, समृद्ध एवं आनंदपूर्ण दाम्पत्य जीवन की कामना करते हुए कहा कि यह नवीन जीवन यात्रा प्रेम, विश्वास, सम्मान और अटूट साथ के पवित्र सूत्र से सदैव सुसज्जित रहे। उनके जीवन में सुख, शांति, वैभव, उत्तम स्वास्थ्य और उन्नति का प्रकाश निरंतर बना रहे तथा परिवार का आंगन सदैव खुशियों, सौभाग्य और मधुर संबंधों की सुगंध से महकता रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बिजुरी में आयोजित वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हुए और नवविवाहित दंपति को अपने स्नेहिल आशीर्वचनों से अभिसिंचित कर उज्ज्वल एवं मंगलमय भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राज्यमंत्री श्री जायसवाल एवं उनके परिवारजन से आत्मीय भेंट कर इस सुखद अवसर की खुशियां साझा कीं।

---

**कार्यक्रम** | **भव्य रूप से छह हजार स्क्वायर फीट परिसर में भगवान गोपेश्वर महादेव मंदिर का नवनिर्माण किया गया**

# गोपेश्वर महादेव मंदिर भगवान शिव और श्रीकृष्ण की भक्ति का अनूठा संगमः मिश्रा

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**



शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में गत दिनों पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अलावा महायज्ञ का आयोजन किया गया था। यहां पर भव्य रूप से छह हजार स्क्वायर फीट परिसर में भगवान गोपेश्वर महादेव मंदिर का नवनिर्माण किया गया है। गुरुवार को यहां पर कालोनीवासियों ने गोपेश्वर माहदेव का विशेष श्रृंगार किया। इस मौके पर दर्शन के लिए पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहाकि कालोनी में नव निर्मित भव्य मंदिर भगवान शिव और श्रीकृष्ण की भक्ति का अनूठा संगम है।

इस मौके पर उन्होंने यहां पर मौजूद विठलेश सेवा, कुबेरेश्वरधाम और संस्कार मंच की महिला मंडल का स्वागत करते हुए कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि परिवारों में महिला को घर की आध्यात्मिक शक्ति, लक्ष्मी और धर्म की रक्षक माना जाता है। पारंपरिक हिंदू परिवारों की अगर सबसे बड़ी खासियत देखी जाए तो वो है घर में महिलाओं की मौजूदगी और उनका गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव, हमारे समाज में स्त्रियों को हमेशा से ही देवी स्वरूप माना गया है। कहते हैं जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता स्वयं वास करते हैं।

इसी सोच के चलते भारतीय घरों में महिलाओं की भूमिका केवल खाना बनाने या घर संभालने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वे पूरे घर की आध्यात्मिक ऊर्जा की धुरी होती हैं। सुबह के समय तुलसी में जल डालना हो, रसोई में पहली रोटी गाय के लिए निकालना हो या घर के दरवाजे पर रंगोली बनाकर नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखना हो, यह सब काम महिलाएं बड़े प्रेम और श्रद्धा से करती हैं। इससे ना सिर्फ घर में सकारात्मक वातावरण बना रहता है, बल्कि बच्चों को भी शुरू से अच्छे संस्कार मिलते हैं। सच कहें तो महिलाएं ही अपने घरों में धर्म और परंपराओं को जीवित रखती हैं।

---

## ग्रामीणों को विधायक राय ने दी करोड़ों रुपए के निर्माणकार्यो की सौगात



**सीहोर।** बुधवार को विधायक सुदेश राय ने विधानसभा क्षेत्र का तुफानी दौरा किया। विधायक सुदेश राय ने विभिन्न निर्माणकायों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। हर गांव तक सड़क और हर घर तक विकास के संकल्प को विधायक सुदेश राय ने पूरा किया। ग्रामीणों से सीधे चर्चा कर निर्माणकायों और समस्याओं के निराकरण को लेकर विधायक सुदेश राय सीधे जनता से फीडबैक लिया। ग्रामीणों सरपंचों पचों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सुदेश राय का आत्मीयता के साथ स्वागत सम्मान कर करोड़ों रूपये के निर्माण कार्यो की सौगात देने पर हृदय से आभार व्यक्त किया। मुंगावली में विधायक सुदेश राय ने बुजुर्गो माता बहनों की विशेष उपस्थिति में 54 लाख 38 हजार रूपए से बनने वाले 2 कक्ष, 2 लैब, व बाउंड्रीवाल निर्माण और ग्राम सेमरादांगी से बरखेड़ा तक 356.08 लाख रुपए लागत के रोड निर्माण सहित अहमदपुर ग्राम पंचायत में 64.91 लाख रुपए से के 2 कक्ष, 2 लैब, व गेट का एवं श्यामपुर में 108.62 लाख रुपए लागत से बनने वाले 7 कक्ष, बाउंड्री वाल, शौचालय व रोड निर्माण का भूमिपूजन किया।

## ब्रीफ न्यूज़

### हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा में संशोधन

**हरदा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल-हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। यह संशोधन कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट की परीक्षाओं के दृष्टिगत किया गया है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश भी जारी किए गए है। साथ ही संशोधित परीक्षा कार्यक्रम को विद्यालय के सूचना पटल पर प्रमुखता से प्रदर्शित करने और संबंधित विद्यार्थियों को इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाने को कहा है। परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। नियमित, स्वाध्यायी एवं दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों की परीक्षाएं समान तिथि एवं समय पर संपन्न होंगी। विद्यार्थी संशोधित परीक्षा कार्यक्रम मंडल की वेबसाइट माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश पर भी देख सकते हैं। मंडल द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथियों में परिवर्तन किया गया है। अब 14 मई 2026 को आयोजित होने वाली कृषि, गृह विज्ञान एवं अकाउंटेंसी विषयों की परीक्षाएं 19 मई 2026 को होंगी। वहीं 21 मई को होने वाली गणित एवं मनोविज्ञान विषयों की परीक्षाएं अब 26 मई 2026 आयोजित की जाएंगी।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**हरदा।** प्रदेश में शासकीय कार्यप्रणाली में नवाचार, सुशासन और जनसेवा के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने जानकारी दी कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा उनके अधीन कार्यरत निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके नवाचार आधारित उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार 1 अप्रैल 25 से 31 मार्च 2026 की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रदान किये जायेंगे। ऐसे कार्य जिनसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सेवा प्रदाय व्यवस्था अथवा जनहित में सकारात्मक और प्रभावी परिवर्तन आया हो। ह्लमुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कारह्व के अंतर्गत नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन, शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, अधोसंरचना, सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण, रोजगार एवं आर्थिक विकास जैसे प्रमुख कार्यक्षेत्रों में किए गए नवाचारों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार की संख्या 15 होगी। प्रत्येक पुरस्कार के लिए 1 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। एक कार्यक्षेत्र में एक से अधिक शासकीय सेवक पात्र पाए जाने पर पुरस्कार राशि समान रूप से वितरित की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई किये जा सकेंगे। पुरस्कार से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश उपलब्ध है।

### गर्मी के मौसम को देखते हुए शहर की जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य

# जल संकट की चिंता दूर,अमाही तालाब में पर्याप्त पानी नपाध्यक्ष ने लिया जायजा



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

शहर को पेयजल उपलब्ध कराने वाले अमाही स्थित फिल्टर प्लांट का गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने निरीक्षण किया। गर्मी के मौसम को देखते हुए शहर की जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से उन्होंने मौके पर पहुंचकर जल स्तर और फिल्टर प्लांट की कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा की।

**तालाब में 12 फीट पानी, शहरवासी निश्चिंत रहें:** निरीक्षण के दौरान राहत भरी खबर सामने आई है। अध्यक्ष श्री मानोरिया ने बताया कि वर्तमान में अमाही तालाब में 12 फीट पानी उपलब्ध है। गौरतलब है कि अशोकनगर शहर की पूरी जलापूर्ति इसी तालाब पर निर्भर है।

**अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश:** प्लांट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित इंजीनियरों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया में कोई कोताही न बरती जाए। शहर के अंतिम छोर तक पर्याप्त दबाव के साथ पानी पहुँचाया जाए। लीकेज या तकनीकी खराबी होने पर तत्काल सुधार कार्य किया जाए। इस निरीक्षण से यह स्पष्ट हो गया है कि आने वाले दिनों में शहर में पानी की कोई किल्लत नहीं होगी। पर्याप्त जल स्तर होने से नगर पालिका प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

#### इनका कहना है

शहर की प्यास बुझाने के लिए अमाही तालाब में पर्याप्त जल है। तकनीकी दृष्टि से यदि तालाब में 8 फीट पानी भी रहे, तो पूरे शहर की जल व्यवस्था सुचारू रूप से चलाई जा सकती है। अभी हमारे पास 12 फीट पानी है, जो संतोष जनक स्थिति है।

**नीरज मानोरिया, अध्यक्ष नगर पालिका**

### 31 मजदूरों की उपस्थिति पर चल रहे हैं दो खेत तालाब निर्माण

**अशोक नगर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत देव खेड़ी में मनरेगा में लगातार फर्जीवाड़ा चल रहा है। ग्राम पंचायत में सरपंच, सचिव,रोजगार सहायक द्वारा मिलकर जमकर फर्जी वाड़ा किया जा रहा हैं। मनरेगा पोर्टल पर फर्जी काम, मजदूरों की प्रेजेंट लगाकर शासन की लाखों रुपए की राशि हड़प रहे हैं। गुरुवार को मनरेगा पोर्टल पर फर्जी दो काम चलाए जा रहे हैं,जिसके लिए 31 मजदूरों की उपस्थिति लगाई गई है। जिसमें खेत तालाब निर्माण कार्य सबरजीत के खेत पर तथा भगवान सिंह के खेत पर दर्शाए जा रहे हैं। जबकि मौके पर ना तो निर्माण कार्य चल रहा था और ना ही मजदूर काम कर रहे थे। इस तरह सरपंच सचिव रोजगार सहायक द्वारा मिलकर गरीब मजदूरों का हक छीनकर अपनी जेबें भरी जा रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर कोई भी अधिकारी जांच के लिए नहीं आता, सरपंच सेक्रेटरी मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। पंचायत में भारी भ्रष्टाचार चल रहा है। ग्रामीणों ने जिले के अधिकारियों से ग्राम पंचायत की जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक मनीष धाकड़ ने बताया कि तालाब निर्माण को 5-6 महीने हुए हैं, पूर्ण हो गए हैं। जब उनसे पूछा गया कि, जब निर्माण कार्य पहले पूर्ण हो गया है, तो वर्तमान में काम चला रहे हो। तो कहने लगे थोड़ा काम रह गया था अभी काम लगाया है। पिछले साल बरसात लग गई थी काम पूरा नहीं हो पाया था। जब उनसे पूछा गया की मौके पर ना तो कोई काम चल रहा था और ना ही कोई मजदूर काम करते हुए मिला, तो कहने लगे कि आप वहां पहुंचे ही नहीं होंगे वह तो टगर में है, और दोपहर 12:30 बजे से 3:00 तक काम बंद रहता है। जब उनसे कहा अभी तो 12:00 बजे हैं फिर भी कोई मजदूर नहीं है। इस तरह सरेआम झूठ बोलकर फर्जी वाड़े को जायज ठहराने की कोशिश की गई।

# एस.डी.एम. ने व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करने के दिए निर्देश

### मामले को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम हरदा ने वेयरहाउस का औचक निरीक्षण कर पूरी व्यवस्थाओं को देखा

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले के सुल्तानपुर वेयरहाउस में समर्थन मूल्य पर हो रही खरीदी में घोर अनियमितता और किसानों के हकहित से खिलवाड का मामला सत्ता सुधार ने अपने पिछले अंक 8 मई 2026 शुक्रवार में उजागर किया था। जिसको संज्ञान में लेते हुए एसडीएम हरदा ने वेयरहाउस का औचक निरीक्षण कर पूरी व्यवस्थाओं को देखा परखा यहां कमियां दिखी उस पर जम कर फटकार लगाते हुए व्यवस्थाओं को तत्काल चुस्त-दुरूस्त करने के निर्देश दिया।

**हेडपंप सुधारने के निर्देश:** वेयर हाउस परिसर में आने वाले किसानों की सुविधा के लिए हैडपंप सुधारने के निर्देश देने के साथ-साथ मटके के माध्यम से शीतल जल किसानों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए किसानों को भारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो ।

**खरीदी में पूरी पारदर्शिता बरतें:** एसडीएम श्री डेहरिया ने खरीदी प्रक्रिया का जायजा लिया और समर्थन मूल्य पर होने वाली खरीदी में पूरी पारदर्शिता बरतें ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो। समय सीमा में किसानों का भुगतान हो जाये इस पर विशेष जोर दिया जाये किसानों की परेशानी और दिक्कत को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर हाथ किया जाये।



खबर का असर

#### साफ-सफाई नियमित करने के निर्देश


सुल्तानपुर वेयरहाउस में घोर अव्यवस्था

सुधार सुधार की खबर को संज्ञान में लेते हुए साफ सफाई सहित हरेक बिंदुओं पर सख्ती से अमल करने का निर्देश दिया कि साफ-सफाई नियमित रूप किया जाये इसकी निगरानी की जाये। दोबारा शिकायत से जुड़े अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिया ताकि साफ सफाई नियमित रूप से किया जाए इसकी निगरानी की जाए दोबारा शिकायत मिलने पर दोस्तों खिलाफ पड़ा कार्वय की जाएगी ।

**सुरक्षा और बचाव के पुख्ता का इंतजाम:** किसने की सुरक्षा और बचाव के पुख्ता इंतजाम की जैन हर स्थिति में निपटाने की कार्य योजना बनाकर उसे पर अमल किया जाए गाइडलाइन के अनुसार सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए कर्मियों को सतपाल दो की व्यवस्था को सुधारने की कोई परेशानी ना हो।

#### छांव की व्यवस्था

तेजधूप को ध्यान में रखते छांव की व्यवस्था करें ताकि किसानों को इंतजाम करने में कोई दिक्कत ना हो किसानों के साथ अन्यथा न हो स्लाट बुकिंग के आधार पर पूरी खरीदारी करें। ऑनलाइन खरीदी के बाद बिल प्रस्तुत करें जिससे समय सीमा में भुगतान की कार्यवाही हो सके और भुगतान को लेकर किसानों को इधर-उधर न भटकना पड़े। एसडीएम श्री डेहरिया ने सख्त अल्टीमेटम दिया है कि दो बारा शिकायत मिलने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। कार्यवाही में से बचने के लिए शासन के आदेश का पालन करते हुए किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवायें।

#### वारदान की व्यवस्था करें

बादाम खत्म होने की जानकारी मिलने पर बदन की व्यवस्था तत्काल करें वरदान की वजह से खरीदी प्रभावित नहीं होनी चाहिए मैदान खत्म होने के पहले मांग प्रस्तुत किया जाए ताकि समय से पहले बदन उपलब्ध हो सके।

## दिल्ली से उठेगी जनजातीय अस्मिता और सांस्कृतिक चेतना की हुंकार

सत्ता सुधार ■ हरदा

देश की राजधानी दिल्ली का लाल किला मैदान 24 मई 2026 को भारतीय जनजातीय इतिहास के एक अभूतपूर्व अध्याय का साक्षी बनने जा रहा है। पहली बार भारत के कोने-कोने से 500 से अधिक जनजातियों के लगभग दो लाख से अधिक जनजातीय समाजजन एक मंच पर एकत्रित होकर अपनी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और दैवीय परम्पराओं के संरक्षण का संकल्प लेंगे।

यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन जनजातीय चेतना, अस्मिता और सांस्कृतिक स्वाभिमान का विराट उद्घोष होगा। इस भव्य जनजाति सांस्कृतिक समागम का आयोजन अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के नेतृत्व में जनजातीय सुरक्षा मंच के बैनर तले तू मैं - एक रक्त के उदघोष के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन उस समय हो रहा है जब वैश्वीकरण, बाजारवाद और सांस्कृतिक विघटन के दौर में जनजातीय समाज अपनी मूल पहचान, परम्पराओं और जीवन मूल्यों को सुरक्षित रखने के लिए संघर्षरत है।

भारत का जनजातीय समाज केवल एक सामाजिक वर्ग नहीं, बल्कि इस राष्ट्र की प्राचीनतम सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रतिनिधि है। जल, जंगल और जमीन के साथ सहअस्तित्व का जो दर्शन आज पूरी दुनिया पर्यावरण संरक्षण के नाम पर खोज रही है, वह जनजातीय जीवन पद्धति में सदियों से विद्यमान है। प्रकृति पूजा, सामूहिक जीवन, मातृशक्ति का सम्मान, लोकदेवताओं में आस्था और धरती के प्रति संवेदनशीलता जनजातीय संस्कृति की मूल आत्मा है। दिल्ली का यह समागम इस बात का प्रतीक बनेगा कि जनजातीय समाज अपनी परम्पराओं को केवल स्मृतियों में नहीं, बल्कि जीवन व्यवहार में जीवित रखना चाहता है।

यह आयोजन सांस्कृतिक प्रदर्शन भर नहीं होगा, बल्कि जनजातीय समाज की आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक अधिकार और सामाजिक अस्तित्व की राष्ट्रीय अभिव्यक्ति बनेगा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आने वाली जनजातियाँ अपने पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, वेशभूषा, वाद्ययंत्र, देवी-देवताओं की आराधना पद्धति तथा सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेंगी। यह विविधता भारत की उस सांस्कृतिक एकात्मता को प्रदर्शित करेगी जिसमें भिन्नता के भीतर भी एक साझा राष्ट्रीय आत्मा विद्यमान है। यह भी महत्वपूर्ण है कि जनजातीय समाज आज अपनी संस्कृति और परम्पराओं पर बढ़ते वैचारिक, धार्मिक और सांस्कृतिक दबावों को गंभीरता से महसूस कर रहा है।

## युवाओं-बच्चो के सपनों को नई उड़ान शिविर का शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ हरदा



मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का शुभारंभ उत्साह, ऊर्जा एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में खिलाड़ियों, युवाओं एवं अभिभावकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, पार्षद सुनील दुबे एवं रिटायर्ड ऑफिसर दिनेश चौधरी उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों को खेलों के माध्यम से अनुशासन, समर्पण एवं व्यक्तित्व विकास का संदेश दिया। ब्लॉक खेल समन्वयक हिनाअली खान ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं की खेल प्रतिभाओं को निखारना तथा उन्हें बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। शिविर में विभिन्न खेल विधाओं का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। इस अवसर पर खिलाड़ियों को खेल सामग्री भी वितरित की गई, जिसमें हर्डल, भाले, गोले, बैडमिंटन नेट, टेबल टेनिस सामग्री एवं शेल्टर चेयर शामिल रही। साथ ही चारखेड़ा के माँ रेवा क्लब को बॉलीवाल एवं नेट भी प्रदान किए गए। खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने खेल विभाग की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में मोहित तिवारी, अक्षय शांडिल्य, बैडमिंटन कोच गगन बोरसे, मलखम संघ से रोहित रहड़वा, अर्पण सांखला, निखत शाह, राष्ट्रीय खिलाड़ी दीप्ति गौर, पालकगण श्रीमती रीचा जैन, लोकेश गौर सहित अमित पालवे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सीईओ ने किया ग्राम पंचायतों का सघन दौरा,तेजी के निर्देश

सत्ता सुधार ■ हरदा



जिले की ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन ने किया। उन्होने ग्राम पंचायत रन्हाई कला में नल-जल योजना के संचालन की स्थिति देखी और हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होने आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों के पोषण, टीकाकरण और केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। वर्षा जल संचयन के लिए चल रहे रेनवाटर हार्वेस्टिंग कार्यों का भी जायजा लिया और मानसून से पहले इन्हें पूरा करने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत मसनगांव के ग्राम गांगला में पेयजल को लेकर सीईओ ने ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर चर्चा की।

ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को तत्काल समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होने ग्राम पंचायत कड़ोला में निमार्णाधीन नवीन पंचायत भवन अटल सेवा सदनह्व के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। सीईओ जोनाथन ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और भवन को अतिशीघ्र पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होने सभी ग्राम पंचायतों को ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत कचरा गाड़ी क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर पंचायत को कचरा मुक्त बनाना प्राथमिकता है।

## गिरफ्तार

# पुलिस की सतर्कता से नाबालिग युवती को किया सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली द्वारा तत्परता एवं सजगता का परिचय देते हुए एक युवती को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 13-14 मई की दरमियानी रात्रि में गश्त के दौरान सउनि दिनेश शर्मा को राजमाता चौराहे से रेलवे स्टेशन की ओर जाती एक युवक युवती संदिग्ध एवं घबराई हुई अवस्था में मिले। पूछताछ करने पर उक्त युवक ने अपना नाम जितेंद्र गुप्ता पुत्र लालजी गुप्ता निवासी प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश बताया, उक्त युवक नावालिग युवती को बहला फुसलाकर ले जा रहा था जिसके संबंध में पुलिस द्वारा उक्त नावालिग युवती के परिजनों को सूचना दी गई, जिस पर युवती के परिजन मौके पर पहुंचे। नावालिग युवती को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त युवक को आवश्यक पूछताछ हेतु थाना कोतवाली लाया गया, जहां जितेंद्र गुप्ता पुत्र लालजी गुप्ता निवासी प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया जाकर विधिवत कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त सराहनीय कार्य के लिए सउनि दिनेश शर्मा, प्रधान आरक्षक मुकेश बुनकर एवं संबंधित पुलिस स्टाफ की प्रशंसा करते हुए उन्हें पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है। साथ ही जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसी प्रकार सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### केज स्थापना एवं संचालन हेतु आवेदन 20 तक आमंत्रित

**हरदा।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा लागू की गई मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्य उद्योग नीति 2026 के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में केज स्थापना एवं संचालन के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये है। सहायक संचालक मत्स्य हरदा ने बताया कि योजना का उद्देश्य चयनित जलाशयों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करते हुए मत्स्य उत्पादन बढ़ाना एवं निजी निवेश को प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत केज एक्वाकल्चर, एक्वापोनिक्स, इंटीग्रेटेड फिश फार्मिंग, इको टूरिज्म एवं ग्रीन एनर्जी जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही फिश हैचरी, आइस प्लांट, कोल्ड स्टोरेज, फिश प्रोसेसिंग यूनिट एवं विपणन अधोसंरचना विकास हेतु बैंक ऋण , ब्याज अनुदान एवं तकनीकी सहायता भी प्रदान की जाएगी। इच्छुक निवेशक एवं उद्यमी आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित जिले के मत्स्य उद्योग विभाग कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है। योजना की विस्तृत जानकारी विभागी कार्यालय एवं वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

## युवा संगम में 103 आवेदको का प्राथमिक चयन हुआ



**हरदा।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरूवार को शासकीय आईटीआई में युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि मेले में 6 कम्पनियों ने भाग लेकर कुल 103 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर उन्हें ऑफर लेटर प्रदाय किया गया। इसमें 25 आवेदकों का अप्रेंटिसशिप हेतु चयन किया गया। मेले में 210 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### यातायात एसआई पर अभद्र व्यवहार और अवैध वसूली के आरोप, सौंपा ज्ञापन



**सागर।** बजरंग सेना के राष्ट्रीय महासचिव मिश्री चंद गुप्ता के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर यातायात विभाग में पदस्थ एसआई हेमंत पटेल के खिलाफ आक्रोश जताया। ज्ञापन में अधिकारी पर आम नागरिकों और वाहन चालकों के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा पद का दुरुपयोग कर कथित अवैध वसूली करने के आरोप लगाए गए हैं। बजरंग सेना के जिलाध्यक्ष इंजी. संदीप कोरी ने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी द्वारा यातायात जांच के नाम पर लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है, जिससे आम जनता में भय का वातावरण बन रहा है। संगठन का कहना है कि कई नागरिकों ने भी अधिकारी के व्यवहार को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। राष्ट्रीय महासचिव मिश्री चंद गुप्ता ने बताया कि यातायात नियमों के पालन के नाम पर वाहन चालकों के साथ सख्ती और दुर्व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआई हेमंत पटेल काली फिल्म लगे वाहनों पर कार्रवाई करते हैं, जबकि स्वयं उनके निजी वाहन में नियमों के विपरीत काली फिल्म लगी हुई है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जब इस संबंध में अधिकारी से सवाल किया गया तो उन्होंने कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा, 'जिससे जांच करवाना हो करवा लो, मैं किसी से नहीं डरता। बजरंग सेना ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारी के खिलाफ उचित वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। संगठन का कहना है कि पुलिस प्रशासन की गरिमा बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाना आवश्यक है।इस दौरान जिला महामंत्री बसंत सिंह ठाकुर, राहुल दुबे, राहुल लकी दुबे, विपिन पटेल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जगमोहन सिंह एड को झूठे मुकदमे को वापिस लेने मांग

**सागर।** शाहपुर नगर में दो गरीब व्यक्तियों की संदिग्ध मृत्यु/हत्या के मामले में निष्पक्ष जांच एवं समाजसेवी वरिष्ठ अधिवक्ता जगमोहन सिंह एडवोकेट पर दर्ज कथित झूठे प्रकरण को वापस लेने की मांग को लेकर लोधी क्षत्रिय समाज महासभा सागर के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक सागर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त किया गया। उन्होंने मामले की पुनः विवेचना एवं निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया।ज्ञापन में कहा गया कि शाहपुर नगर में हुई दो व्यक्तियों की संदिग्ध मौत को प्रारंभिक स्तर पर दुर्घटना बताकर मामले को दबाने का प्रयास किया गया, जबकि चश्मदीद गवाह के सामने आने के बाद मामला सुनियोजित हमला एवं हत्या की ओर संकेत करता है। ज्ञापन में शराब माफियाओं एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई।

### वन विभाग कर्मचारियों पर अभद्रता, मारपीट और रुपये मांगने के आरोप; पुलिस ने शुरू की जांच

# तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं से मारपीट और जातिसूचक गाली-गलौज का आरोप

सत्ता सुधार ■ सागर

जिले के देवरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम गौरझामर क्षेत्र में तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं और मजदूरों के साथ वन विभाग कर्मचारियों द्वारा कथित मारपीट एवं अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है।

पीड़ित महिलाओं ने गौरझामर थाने पहुंचकर आवेदन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरकोटी निवासी माया अहिरवार पति अशोक अहिरवार ने शिकायत में बताया कि गांव की करीब 10 से 15 महिलाएं एवं पुरुष जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। तेंदूपत्ता तोड़कर लौटते समय चोपड़ा क्षेत्र के पास वन विभाग के कर्मचारियों ने उन्हें रोक



लिया और कथित रूप से 4 हजार रुपये की मांग की। पीड़ितों का आरोप है कि वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपांकर सिंह, साजिया खान एवं सूरज जाटव उन्हें जबरन वन विभाग कार्यालय गौरझामर ले गए, जहां महिलाओं एवं मजदूरों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट की गई। महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया तथा डराने-धमकाने का प्रयास भी किया गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि गरीब मजदूर जंगल से तेंदूपत्ता तोड़कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, लेकिन वन विभाग के कुछ कर्मचारी ठेकेदारों के दबाव में आकर मजदूरों को प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़ित महिलाओं ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं गौरझामर थाना पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**एसडीओ ने नहीं उठाया फोन, डीएफओ बोले— जानकारी लेकर होगी कार्रवाई:** जब इस संबंध में एसडीओ रेखा पटेल से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं दक्षिण सागर के डीएफओ वरुण यादव ने कहा कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक बृज बिहारी पटेरिया ने उठाए सवाल

देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया ने कहा कि पीड़ित मजदूर उनके पास शिकायत लेकर पहुंचे थे। विधायक ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने वन परिक्षेत्र अधिकारी से जानकारी लेनी चाही तो उन्हें गुमराह किया गया और ठेकेदार के पक्ष में बात की गई। इसके बाद मजदूरों ने पुलिस थाने पहुंचकर संबंधित अधिकारी के खिलाफ आवेदन दिया।उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# प्रशिक्षण वर्ग अनुशासन, नवाचार और संगठन शक्ति का बनेगा उदाहरणः जैन

### कार्यकर्ताओं के सहयोग और सहभागिता से नया कीर्तिमान स्थापित करेगा प्रशिक्षण वर्गः श्याम तिवारी

#### प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ सागर

आगामी 17 एवं 18 मई को सागर में आयोजित होने वाले भाजपा के जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न व्यवस्था टोलियों के सदस्यों के साथ प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों, अनुशासन, आवास, भोजन, पंजीयन एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर बिंदुवार चर्चा की गई।बैठक में सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, संभागीय कार्यालय मंत्री डॉ. वीरेंद्र पाठक, प्रशिक्षण वर्ग टोली प्रभारी चैन सिंह ठाकुर, सह प्रभारी जगन्नाथ गुरैया, जिला महामंत्री चेतराम अहिरवार, सुमित यादव, मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखिया, मेघा दुबे, नीरज यादव, नीलम अहिरवार एवं अनिल तिवारी मंचासीन रहे।बैठक को सम्बोधित



करते हुए विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि संगठनात्मक ऊर्जा, अनुशासन और नवाचार का प्रेरणादायी केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी जी के नेतृत्व में प्रशिक्षण वर्ग में आने वाले कार्यकर्ताओं के लिए सर्वोत्तम व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जो संगठन की कार्यशैली, आत्मीयता और कार्यकर्ता-केंद्रित सोच को दर्शाती हैं।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए कहा कि जब व्यवस्थाएं उत्कृष्ट हों, तब सहभागिता भी उतनी ही प्रभावी, अनुशासित और प्रेरणादायी होनी चाहिए। विधायक श्री जैन ने कहा कि 'अनुशासन ही किसी भी प्रशिक्षण वर्ग की आत्मा होता है। बिना अनुशासन के संगठनात्मक प्रशिक्षण का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो सकता। 'विधायक श्री जैन ने प्रशिक्षण वर्ग में एक समय के भोजन हेतु 'घर के टिफिन' की अभिनव व्यवस्था को भारतीय पारिवारिक संस्कृति और संगठनात्मक आत्मीयता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पहल केवल भोजन व्यवस्था तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच एकात्म भाव, सहयोग और अपनत्व को और अधिक मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि यदि नगर के कार्यकर्ता अपने घरों से अतिरिक्त टिफिन लेकर आएंगे, तो बाहर से आने वाले कार्यकर्ताओं को परिवार जैसा स्नेह, अपनत्व और आत्मीय वातावरण मिलेगा। यह नवाचार पूरे प्रदेश में संगठनात्मक संस्कार और सामूहिक भावना का उदाहरण बनेगा।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी जी ने कहा कि आगामी प्रशिक्षण वर्ग केवल एक संगठनात्मक आयोजन नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। यह वर्ग कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, अनुशासन एवं दायित्वबोध से और अधिक सशक्त करेगा।बैठक में प्रशिक्षण वर्ग को ऐतिहासिक एवं अनुकरणीय बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सामूहिक प्रयास, अनुशासन एवं समर्पण से यह प्रशिक्षण वर्ग संगठनात्मक दृष्टि से पूरे प्रदेश में एक उल्लेखनीय, प्रेरणादायी एवं ऐतिहासिक उदाहरण बनेगा।

# 62 लीटर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, 2 लाख की नई बाइक जब्त

### अवैध शराब माफिया पर इस माह चौथी बड़ी कार्रवाई



सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

अवैध शराब माफिया पर इस माह में पुलिस की चौथी बड़ी कार्रवाई करते हुए टी आई अनूप यादव ने बताया कि वाहन चेकिंग और रोड पेट्रोलिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 62.280 लीटर अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 2 लाख रुपये कीमत की बिना नंबर प्लेट की पल्सर बाइक भी जब्त की है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आगासौद की ओर से दो युवक पल्सर बाइक से बोरी में भरकर अवैध शराब बीना ला रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस ने माउंट लिटेरा जी स्कूल के सामने ग्राम मुड़िया नायक रोड पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर बाइक चालक भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। वहीं पीछे बैठा युवक खेतों की ओर भाग निकला। पकड़े गए आरोपित ने अपना नाम प्रथम अग्निहोत्री (18) निवासी खिरिया वार्ड बीना बताया, जबकि फरार आरोपित की पहचान कनकटा उर्फ बिट्टू उर्फ केशव पटेल निवासी बीना के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान बोरी में रखे सात कार्टूनों से 346 पाव शराब बरामद हुई, जिनकी कुल कीमत 30 हजार 850 रुपये बताई गई है।पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# निर्मल ज्योति हायर सेकेण्ड्री स्कूल का बीना शहर में टॉप परीक्षा परिणाम रहा, शाला परिवार का गौरवमयी पल



सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

निर्मल ज्योति हायर सेकेण्ड्री स्कूल बीना का टॉप परीक्षा परिणाम रहा। 2025 - 26 में कक्षा 12 वी में संस्था के 74 बच्चों ने परीक्षा देकर शत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर अभिभावको एवं शहर बीना का नाम बढाकर गौरान्वित किया।वाणिज्य संकाय में यमानुरू हिमावर्षनी ने 97% प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया विज्ञान संकाय में छात्रा हीर सुंदरानी ने 93% प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही वही गाणित संकाय में छात्रा आकांक्षा रोज टोप्पो ने 88% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही है।

74 छात्र छात्राओं में से 13 छात्रायें ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये एवं 41 बच्चों ने 80% से अंक प्राप्त किये। योगा विषय में शिक्षक हरिओम ठाकुर के निर्देशन में 6 बच्चों ने 100 में से 100 अंक लाकर हम सभी को गौरान्वित किया।इस अवसर शाला प्रबंधक सिस्टर अंजली प्राचार्य सिस्टर थेरेस, उपप्रचार्य सिस्टर लिंडा, सिस्टर हेन्सा, पी. आर. ओ.निरंजन गौतम वाणिज्य संकाय की कक्षा प्रभारी नवनीत कौर एवं विज्ञान संकाय कक्षा प्रभारी मनोज श्रीवास्तव, शिक्षक घनश्याम सेन, पारूल राय, शोभना संतलाल, गोविंद पंजवानी, सिध्दार्थ कुमार, गौरव नामदेव, रचना राजपूत एवं अन्य शिक्षक शिक्षकाओं ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नगरीय निकाय मतदाता सूची पुनरीक्षण 2026 हेतु स्टैंडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ सागर

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकाय मतदाता सूची पुनरीक्षण 2026 के संबंध में आज दिनांक 14/05/2026 को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने की।

बैठक में आयोग द्वारा निर्धारित मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन, दावा-आपत्ति प्राप्त करने, उनके निराकरण तथा अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन तक की समस्त कार्यवाही से उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को अवगत कराया गया। श्री रावत ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से बी.एल.ए. (बूथ लेवल एजेंट) नियुक्त करने की अपील



करते हुए कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु सभी का सहयोग आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया की महत्वपूर्ण आधारशिला है। निर्वाचन पर्यवेक्षक (स्थानीय निर्वाचन) ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की निगरानी व्यवस्था एवं पारदर्शिता संबंधी पहलुओं पर जानकारी दी। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया 2026 को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में रामेश्वर नामदेव शैलेन्द्र सिंह तोमर, रामचरण लंबरदार, एस.पी. चौधरी ,इंजी. डी.के. सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला मास्टर ट्रेनर (प्राध्यापक), मनीष सक्सेना (व्याख्याता), परमानंद सेन (प्रशिक्षण अधिकारी) निर्वाचन पर्यवेक्षक (स्थानीय निर्वाचन) सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी छात्रावास अपनी निर्धारित क्षमता से कम पर संचालित नहीं होना चाहिए

# क्षमता से कम न चलें छात्रावास, शत-प्रतिशत सीटों पर हों प्रवेशः कलेक्टर

सत्ता सुधार ■ सागर

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावासों की कार्यप्रणाली को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी छात्रावास अपनी निर्धारित क्षमता से कम पर संचालित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जितनी सीटें स्वीकृत हैं, वे सभी भरी रहें, ताकि पात्र छात्रों को शासन की योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल सके। इस बैठक में जिले के सभी छात्रावासों के अधीक्षक और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने एक-एक कर छात्रावासों की वर्तमान स्थिति, छात्र संख्या और वहां उपलब्ध



सुविधाओं की समीक्षा की।कलेक्टर ने निर्देश दिये कि आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी सीट खाली न रहे।अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों के ऑनबोर्डिंग और प्रवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। जो छात्रावास निजी भवनों में संचालित हैं, उनके रेंट एग्रीमेंट (किरायानामा) और अनुबंधों को समय पर पूरा करने के भी निर्देश दिए।कलेक्टर ने छात्रावासों में साफ-सफाई, पौष्टिक भोजन, पेयजल और निर्बाध विद्युत आपूर्ति पर विशेष जोर दिया। पेयजल गुणवत्ता के लिए पीएचई विभाग के माध्यम से जल के नमूनों की जांच कराने के निर्देश भी दिए गए ताकि छात्रों के स्वास्थ्य से कोई समझौता न हो।जाति प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन कार्य को एसडीएम स्तर से हल कराने कहा गया।

श्रीमती पाल ने स्पष्ट किया कि छात्रावासों के संचालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्थापना और अन्य प्रशासनिक कार्यों में होने वाले विलंब को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।इस समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही आवासीय योजनाएं अपने पूर्ण सामर्थ्य के साथ जमीनी स्तर पर प्रभावी हों।

# रजाखेड़ी बजरिया में निर्माणाधीन टीन शेड का विधायक ने किया निरीक्षण



**सागर।** नगर पालिका परिषद मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत रजाखेड़ी बजरिया में निर्माणाधीन टीन शेड कार्य का गुरुवार को नरयावली विधायक प्रदीप लारिया एवं नगर पालिका परिषद मकरोनिया अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार ने निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री लारिया एवं नपा अध्यक्ष श्री अहिरवार ने भीषण गर्मी में किसानों, सब्जी विक्रेताओं और व्यापारियों को हो रही परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कार्य में तेजी लाकर टीन शेड निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीन शेड बनने से आमजन, व्यापारियों और किसानों को बेहतर एवं व्यवस्थित सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर सीएमओ पवन शर्मा, पार्षदगण, एल्डरमैन, भाजपा पदाधिकारी तथा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### श्रीराम कथा का आयोजन 15 से 23 मई तक



**जौरा।** शहर में श्री राम कथा का आयोजन आज 15 मई से 23 मई तक किया जा रहा है कथा का आयोजन शहर के स्थिति अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित होगी। आज पुराना जौरा स्थित श्री राम मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पर पहुंचेगी। श्रीराम कथा का आयोजन अयोध्या से पधारे श्री श्याम सुंदर दास जी महाराज के मुखारविंद से भक्तों को श्रवण कराई जाएगी। कथा का समय दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक रखा गया है। कथा का आयोजन श्रीराम कथा अग्रसेन भक्त मंडल के तत्वाधान में कराई जा रही है और महिला पुरुषों के लिए अलग से बैठने की भी व्यवस्था की गई है।

### विद्युत शिविर में हुआ समस्याओं का निराकरण

**जौरा।** विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए जौरा में पुराने अस्पताल प्रांगण में विद्युत शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सहायक यंत्री पीएस यादव, कनिष्ठ यंत्री मुकेश कुमार मिश्रा मौजूद रहे। इस शिविर में नया कनेक्शन नाम परिवर्तन, बिजली कनेक्शन विच्छेदन गलत या अधिक बिल मीटर रीडिंग संबंधी शिकायत, मीटर का बंद होना, स्मार्ट मीटर संबंधित शिकायत, वोल्टेज कम अधिक होना, डुप्लीकेट बिल जैसी समस्याओं के समाधान के लिए 38 शिकायती आवेदन विद्युत उपभोक्ता द्वारा दिए गए। जिनमें से मौके पर ही 36 शिकायतों का निराकरण कर शिकायतकर्ता उपभोक्ताओं को संतुष्ट किया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के आलापुर एवं सांकरा मैं भी विद्युत शिवरो का आयोजन किया गया। कल 16 मई को नगरीय क्षेत्र के इस्लामपुरा रोड पर स्थित टाउन हॉल में समस्याओं के निराकरण के लिए भी शिविर लगाया जाएगा।

### पुष्पेन्द्र जादौन जिला कांग्रेस मनोनीत किया गया

**मुरैना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के अनुमोदन उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर द्वारा मुरैना जिले के



अंतर्गत जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमे सबलगढ़ निवासी पुष्पेन्द्र सिंह जादौन को जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। श्री जादौन ने अपने मनोनयन पर जिला व प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि संगठन ने उन्हें जो जिमेदारी सौपी है वे उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए पार्टी के लिए कार्य करेंगे। श्री जादौन के मनोनयन पर जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ता सहित ईष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई दी है।

### ट्रांसफार्मर फुंकने से लोग परेशान, विभाग ने नहीं बदले

**झुंडपुरा।** कस्बे में पिछले पंद्रह दिनों के दौरान 4 ट्रांसफार्मर फुंक जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली आपूर्ति ठप होने से जहां आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी बाधित हो रही है।

### निगम महापौर एवं आयुक्त पर लगाए रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोप

# गली-गली में शोर है, महापौर चोर है, कांग्रेस ने नगर निगम दफ्तर पर फोड़े मटके

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर में पेयजल, सीवर, सड़क और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर गुरुवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता महादेव नाका स्टेशन रोड से रैली निकालते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'गली-गली में शोर है, महापौर चोर है' के नारे लगाए और महिला कार्यकर्ताओं ने दूषित पानी की समस्या को लेकर निगम कार्यालय के बाहर मटके फोड़कर विरोध जताया।

प्रदर्शन में क्षेत्रीय विधायक दिनेश गुर्जर सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी और महिला नेत्रियां मौजूद रहीं। कार्यकर्ताओं ने हाथों में झंडे और सिर पर मटके लेकर एमएस रोड से नगर निगम तक मार्च निकाला। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया



कि नगर निगम में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी हो रही है। उन्होंने कहा कि महापौर को नियम विरुद्ध दो-दो सरकारी आवास आवंटित किए गए हैं, जिनकी जांच कर तत्काल आवास खाली कराए जाएं और सरकारी धन की भरपाई कराई जाए। कांग्रेस ने शहर की बदहाल सड़कों, बंद नालियों और दूषित वातावरण को लेकर भी निगम प्रशासन को घेरा।

नेताओं का कहना था कि करोड़ों रुपये की लागत से बना सीवर प्रोजेक्ट पूरी तरह विफल हो चुका है और अब चंबल वाटर प्रोजेक्ट भी निर्माण मानकों और टेंडर नियमों की अनदेखी के चलते विफलता की ओर बढ़ रहा है। इसके बावजूद नगर निगम और जिला प्रशासन शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि शहर की अधिकांश स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, पेयजल सप्लाई दूषित हो चुकी है और हैंडपंप खराब पड़े हैं, जिससे नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि निगम में महापौर, आयुक्त और इंजीनियरों की मिलीभगत से 71 लाख रुपये के भुगतान को बढ़ाकर 98 लाख 50 हजार रुपये तक कर दिया गया, जो भ्रष्टाचार का बड़ा उदाहरण है। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि दूसरे विभागों से आए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को संरक्षण देकर अधिकारी बनाया जा रहा है, जबकि निगम के मूल कर्मचारियों की उपेक्षा की जा रही है। नेताओं ने कहा कि सब्जी मंडी की समस्याओं को लेकर पूर्व में ज्ञापन और चेतावनी देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मंडी क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या से लगातार हादसे हो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने नगर निगम सीमा के भीतर संचालित टोल टैक्स प्लाजा को भी मुद्दा बनाया। नेताओं ने कहा कि यह प्रदेश का एकमात्र ऐसा टोल प्लाजा है जो नगर निगम सीमा के अंदर स्थित है, जिससे शहरवासियों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। कांग्रेस ने टोल प्लाजा को नगर निगम सीमा से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की। अंत में कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो शहर जिला कांग्रेस कमेटी उग्र आंदोलन करेगी।

# पुलिस की नाक के नीचे जोरो से फल फूल रहा जुए और सट्टे का कारोबार

### शहर से गांव तक फैला नेटवर्क

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले में इन दिनों जुआ और सट्टे का अवैध कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। हालात यह है कि शहर के प्रमुख बाजारों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक खुलेआम जुए के फड़ संचालित हो रहे हैं, लेकिन पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही। इससे आम लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार शहर के कई इलाकों में शटर बंद कर अंदर बड़े स्तर पर जुआ खिलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित थाना पुलिस को इन गतिविधियों की पूरी जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे जुआ संचालकों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सक्रिय जुआरियों का नेटवर्क

केवल शहर का कोतवाली क्षेत्र ही नहीं, बल्कि अन्य थाना क्षेत्रों में भी जुए का कारोबार तेजी से फैल रहा है। फाटक के बाहर बड़ोखर इलाके में देर रात तक जुआरियों की महफिल सजने की जानकारी सामने आ रही है। यहां बाहरी क्षेत्रों से भी लोग पहुंचकर दांव लगा रहे हैं। महाराजपुर क्षेत्र में बड़े स्तर पर अवैध गतिविधियों के संचालन की चर्चा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां लंबे समय से जुए और सट्टे का खेल चल रहा है। छेरा और विलगांव जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी जुए के फड़ सक्रिय बताए जा रहे हैं। गांवों में इस तरह की गतिविधियों से युवाओं पर गलत असर पड़ने की चिंता जताई जा रही है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि जब चिन्हित स्थानों पर खुलेआम जुआ संचालित हो रहा है, तो पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं कर रही। लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि आखिरकार इन अवैध कारोबारियों को संरक्षण कौन दे रहा है।

स्थानीय निवासियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि जिले में चल रहे जुए और सट्टे के अड्डों पर तत्काल छापेमारी कर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही ऐसे अवैध कारोबार को संरक्षण देने वाले जिम्मेदार लोगों की भी जांच कर उनके खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं।



### जीवाजी गंज बना जुए का बड़ा ठिकाना

शहर के व्यस्त और प्रमुख क्षेत्र जीवाजी गंज में देर रात तक जुए के फड़ सजने की चर्चाएं हैं। बताया जा रहा है कि दुकानों के शटर गिराकर अंदर लाखों रुपए का दांव लगाया जा रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि इस गतिविधि से आसपास का माहौल खराब हो रहा है और असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ गई है।

### पालिका बाजार बना जुआरियों और शराबियों का अड्डा, प्रशासन मौन

शहर का हृदय स्थल कहा जाने वाला फालका बाजार इन दिनों अपनी व्यावसायिक पहचान खोकर असामाजिक तत्वों की शरणस्थली बनता जा रहा है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों का आरोप है कि यहाँ दिन के उजाले में जुआ और शाम ढलते ही शराब की महफिलें जमना अब आम बात हो गई है। हैरानी की बात यह है कि जहाँ दिनभर ग्राहकों की भीड़ होनी चाहिए, वहाँ दोपहर 12 बजे से ही जुआरियों का जमावड़ा शुरू हो जाता है। बाजार की गलियों पर सरेआम हार-जीत की बाजी लगाते जुआरी देखे जा सकते हैं।

# भात कार्यक्रम में आई 7 वर्षीय मासूम की हत्या

### दोनों हाथ बंधे मिलने से सनसनी




**मुरैना।** जिले के चिनौनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामलाल का पुरा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। भात कार्यक्रम में अपने परिवार के साथ आई 7 वर्षीय मासूम बालिका की अपहरण कर हत्या कर दी गई। मासूम का शव गांव के पास मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सबसे चैंकाने वाली बात यह रही कि बच्ची के दोनों हाथ बंधे हुए बताए जा रहे हैं, जिससे उसके साथ किसी अमानवीय घटना की आशंका भी जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। जानकारी के अनुसार 7 वर्षीय तनु जाटव पुत्री बल्लू जाटव निवासी ग्राम इटोरा अपने पिता एवं अन्य परिजनों के साथ बुधवार को ग्राम रामलाल का पुरा में आयोजित भात कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा, जिसके बाद सभी लोग घर में सो गए। बताया जा रहा है कि तनु भी अपने पिता के पास सो रही थी। परिजनों के अनुसार रात करीब 3 बजे के आसपास कोई अज्ञात व्यक्ति बच्ची को उठाकर ले गया। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो तनु बिस्तर पर नहीं मिली। बच्ची के अचानक गायब होने से परिवार में हड़कंप मच गया और परिजन उसकी तलाश में जुट गए। काफी खोजबीन के बाद गांव के समीप उसका शव बरामद हुआ।

मासूम का शव मिलने की खबर फैलते ही गांव में भारी भीड़ जमा हो गई। घटना से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# देवगढ़ पुलिस ने अवैध रेत परिवहन करते दो आरोपी पकड़े

### पुलिस ने जब्त वाहन की कीमत करीब 7 लाख रुपये बताई

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले में अवैध रेत खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत देवगढ़ थाना पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए अवैध रेत से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जब्त वाहन की कीमत करीब 7 लाख रुपये बताई है। जानकारी के अनुसार देवगढ़ थाना प्रभारी जयपाल सिंह को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम गुढा चम्बल क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जांच की गई, जिनमें अवैध रूप से रेत भरी हुई पाई गई। पुलिस द्वारा आरोपियों से रेत परिवहन के वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने मौके से दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



देवगढ़ थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 53/26 के तहत धारा 303(2), 317(5) बीएनएस, धारा 18(1) म.प्र. खनिज अवैध परिवहन एवं भंडारण निवारण अधिनियम 2006 तथा धारा 4/21 खान अधिनियम 1952 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। अग्रिम कार्रवाई के लिए वन विभाग को भी सूचना दे दी गई है।

# समर कैंप के माध्यम से बच्चों का विकास और आत्मविश्वास बढ़ता हैः शारदा

सत्ता सुधार ■ मुरैना

ग्लोबल हाइट्स स्कूल में आयोजित समर कैंप का उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य समापन हुआ। 01 मई से प्रारंभ हुए इस कैंप में विद्यार्थियों ने राइफल शूटिंग, आर्चरी, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस एंड म्यूजिक सहित विभिन्न 'लर्न विद फन' गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि शारदा सोलंकी रहीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कैंप बच्चों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र यादव, डॉ. योगेंद्र यादव, दीवान सिंह यादव एवं प्रोफेसर नागेन्द्र सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रतिभागी विद्यार्थियों को मेडल एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय संचालक महेंद्र सिंह यादव एवं प्राचार्य अखिल श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

**गिरफ्तारी** संवेदनशीलता को देखते हुए फरार अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया था

# सिहोनियां पुलिस ने डेढ़ लाख के सोने के आभूषण सहित चोर को पकड़ा



सत्ता सुधार ■ मुरैना

थाना सिहोनियां पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत के सोने के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए फरार अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया था। साथ ही थाना प्रभारी सिहौनियां अतुल सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार को संदेही सोनू बघेल निवासी ईश्वरीपुरा मानपुर को पकड़कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 1 सोने की लर, 1 सोने का मंगलसूत्र एवं 1 सोने की मर्दानी अंगूठी, कुल मशरूका कीमत करीब 1,50,000 रूपए बरामद कर जब्त किए। उल्लेखनीय है कि फरियादी सुरेश बरेठा पुत्र पंचम सिंह बरेठा ने थाना सिहौनियां में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25-26 अप्रैल 2026 की दरम्यानी रात उसके माता-पिता घर के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिहौनियां में अपराध क्रमांक 39/26 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से चोरी की वारदात का खुलासा होने पर क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारंभ



**मुरैना।** जिला फुटबॉल संघ द्वारा पुलिस फुटबॉल ग्राउंड पर 13 मई से 19 मई 2026 तक जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20 एवं ओपन वर्ग के खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। प्रतिदिन शाम 5 बजे से मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक दिनेश सिंह गुर्जर ने किया। इस अवसर पर कुलदीप सिंह यादव, ऐदल सिंह कंसाना एवं बृजेश जादौन सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का टॉस कराया। उद्घाटन मुकाबला नाइट ईगल फुटबॉल क्लब और क्रिस्टल एफसी के बीच खेला गया, जो 3-3 गोल की बराबरी पर समाप्त हुआ। नाइट ईगल की ओर से आदित्य सिंह तोमर, अनुज बघेल और रुद्र प्रताप सिंह तोमर ने गोल किए, जबकि क्रिस्टल एफसी की ओर से अमन ने दो एवं अरविंद ने एक गोल किया। आदित्य सिंह तोमर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कार्यक्रम में जिला फुटबॉल संघ के पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक गोपाल श्रीवास्तव, द्वारा मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड 10-11 सेक्टर बी इंडस्ट्रियल एरिया गोविंदपुरा भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित एवं तृतीय तल, सी ब्लॉक, मानसरोवर काम्पलेक्स भोपाल से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-अभिषेक शर्मा*, मोबाईल न. 6261052058, सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा । आर एन आई नम्बर-एमपीएचआईएन/2017/72467, मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, प्रतियां बुक कराने एवं एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें-जाहिद हुसैन-9826278877, ई मेल- sattasudharbpl@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।0755-4002626, 4939910

सत्ता सुधार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी जिलों के मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा भर्ती परीक्षा में किसी तरह की कोई गड़बड़ी की आशंका न रहे, इसके पूरे इंतजाम किए जाएं।



# आंधी-तूफान से मौत का 'शतक'

## उत्तरप्रदेश के भदोही में 18 और प्रयागराज में 17 की गई जान



## सबसे ज्यादा वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर मंडल में टूटा कहर

- बारिश व आंधी के कारण सड़कों पर आवाजाही प्रभावित रही
- टिनशेड के साथ 50 फीट उड़ा युवक,100 मीटर दूर खेत में गिरा

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के कारण पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए, जिससे कई जगह बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। आंधी-पानी की चपेट में आने से अलग-अलग जिलों में 104 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। सबसे ज्यादा वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर मंडल में लोगों की मौत हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मकान और टीन शेड उड़ गए। वहीं, फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। तेज बारिश और धूल भरी आंधी के कारण सड़कों पर आवाजाही प्रभावित रही। कई जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। मरने वालों में भदोही में 18, मिर्जापुर में 15, प्रयागराज में 17, प्रतापगढ़ और बरेली में 4-4, फतेहपुर में 10, उन्नाव और बदायूं में 6-6, सीतापुर, रायबरेली, चंदौली, कानपुर देहात, हरदोई और संभल में दो-दो, कौशांबी, शाहजहांपुर, सोनभद्र और लखीमपुरखीरी में एक-एक लोग शामिल हैं। वहीं बरेली में 90 की रफ्तार में चली आंधी में टिन शेड के साथ 50 साल का युवक करीब 50 फीट हवा में उड़ गया। वह 100 मीटर दूर खेत में गिरा। उसका हाथ टूट गया। अस्पताल में इलाज के बाद युवक को घर भेज दिया गया।

### पेड़ गिरने से 22 ट्रेन फंसी रहीं

आंधी की वजह से दिल्ली-हावड़ा रूट करीब डेढ़ घंटे के लिए बाधित हो गया। फतेहपुर में पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई। इससे कानपुर होकर आने-जाने वाली करीब 22 ट्रेनें प्रभावित हुई। शाम छह बजे ट्रेनों का संचालन शुरू हो सका। प्रयागराज-जौनपुर रेल खंड पर थरवई और सरायचंडी रेलवे स्टेशन के बीच गेट नंबर आठ-सी पर एक भारी-भरकम पेड़ अप और डाउन दोनों रेल लाइनों पर गिर गया, जिसके चलते इस व्यस्त रूट पर ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से ठप हो गया। लखनऊ और प्रतापगढ़ रूट पर भी आंधी का असर पड़ा।



**सीएम ने कहा-24 घंटे में दो मुआवजा -** इधर,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बेमौसम बारिश, आंधी और बिजली गिरने से हुए नुकसान पर पीड़ितों को मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को राहत पहुंचाने का काम 24 घंटे के अंदर पूरा किया जाए। सीएम ने मृतकों के शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। सीएम ने सभी जिलाधिकारियों समेत अन्य विभागों के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

**सोनभद्र में आंधी में फंसे विधायक -** सोनभद्र में आंधी-तूफान के दौरान रामगढ़-पनूगज मार्ग पर पेड़ गिरने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। इसी दौरान जाम में विधायक भूपेश चौबे भी फंस गए। स्थिति को देखते हुए विधायक खुद सड़क पर उतर आए और लोगों के साथ मिलकर पेड़ की डालियां हटाने में जुट गए। स्थानीय लोगों ने भी उनका सहयोग करते हुए रास्ता साफ कराने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर प्रशासनिक टीम भी मौके पर पहुंची और पेड़ को हटवाकर सड़क पर आवागमन बहाल कराया। पेड़ हटने के बाद वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी, जिससे लोगों को जाम से राहत मिली।

### अगले 5 दिन का मौसम

- **15 मई:** पूरे प्रदेश में तेज धूप निकलेगी। आसमान साफ रहेगा। पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।
- **16 मई:** आसमान साफ रहेगा और तेज धूप से गर्मी बढ़ेगी। रात में भी गर्मी का एहसास होगा। कुछ इलाकों में लू चलेगी।
- **17 मई:** पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। आंधी-बारिश का कोई अलर्ट नहीं है।
- **18 मई:** पूर्वी और पश्चिमी यूपी में मौसम साफ रहेगा। लू चलने से गर्मी बढ़ेगी।
- **19 मई:** पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ेगी। लू चलने के आसार हैं। ज्यादातर जिलों का तापमान 40 डिग्री पार करेगा।

# जनहानि को हम शून्य तक पहुंचाने में होंगे सफल

## गाजियाबाद में अलंकरण समारोह में ली परेड की सलामी, केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने एनडीआरएफ जवानों के देखे करतब




### एनडीआरएफ के जवान तैयार रहें

गृहमंत्री शाह ने कहा-भारत में कई प्राकृतिक आपदाएं आईं। हमने उड़ीसा और गुजरात का भूकंप देखा। हिंद महासागर की सुनामी हो या कोई बड़ी आपदा। हर चुनौती से निपटने के लिए हमेशा एनडीआरएफ के जवान तैयार रहे। उन्होंने डटकर इसका सामना किया और लोगों की जान बचाई। इनकी वजह से जानमाल का कम नुकसान हुआ।

सत्ता सुधार ■ गाजियाबाद

एनडीआरएफ देश की जनता को आपदा से बचाने के लिए मजबूती से काम कर रहा है। आने वाले समय में जनहानि को हम शून्य तक पहुंचाने में सफल होंगे। एनडीआरएफ ने 8500 से अधिक अपने जवान प्रशिक्षित करने का काम किया है। 10 लाख से ज्यादा नागरिकों को आपदा बचाव का प्रशिक्षण दिया है। जान माल का नुकसान कितना काम कर सकते हैं इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम लोग काम कर रहे हैं। ये बातें गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को गाजियाबाद में कही। वह यहां एनडीआरएफ के अलंकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने परिसर में रुद्राक्ष का पौधा भी लगाया। खुली जीप से निरीक्षण किया। उसके बाद बैठकर एनडीआरएफ जवानों के करतब देखे। उनके अदम्य साहस की तारीफ की।

**परेड का निरीक्षण किया-** गृहमंत्री अमित शाह सुबह साढ़े 9 बजे के करीब गाजियाबाद पहुंचे। यहां वह एनडीआरएफ राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। एनडीआरएफ के महानिदेशक पीयूष कुमार आनंद ने उनका स्वागत किया। इसके बाद खुली जीप से एनडीआरएफ के डीजी ने अमित शाह को परेड का निरीक्षण कराया। इस दौरान परेड के लिए अलग-अलग टोलिया रंग-बिरंगे ड्रेस में नजर आई। परेड का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया।

## कानपुर की चकरपुर मंडी में भीषण आग लगी

**कानपुर।** कानपुर के सचेंडी स्थित चकरपुर सब्जी मंडी में गुरुवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। आग की शुरुआत चबूतरा नंबर-6 स्थित एक आढ़त से हुई और देखते ही देखते उसने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि 44 दुकानें धू-धू कर जलने लगीं। मौके पर मौजूद आढ़तियों ने पहले खुद आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें बढ़ती देख दुकानों को छोड़कर जान बचाकर भागना पड़ा। करीब 50 फीट ऊपर तक आग की लपटें देखी गईं। महिमा फ्रूट कंपनी के मालिक मनोज ने कहा- फायर ब्रिगेड सूचना के 1 घंटे बाद आई। हमारे 1 हजार कैरेट अनार जल गए हैं। करीब 15 लाख का नुकसान हुआ है। मंडी समिति के पास आग से बचाव के कोई इंतजाम नहीं हैं। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, पहले दो दमकल गाड़ियों को भेजा गया, लेकिन आग की गंभीरता को देखते हुए बाद में 12 फायर टेंडर मौके पर लगाए गए। करीब तीन घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। कोई जनहानि नहीं हुई। चबूतरा नंबर-6 पर स्थित मुन्ना ब्रदर्स की फल आढ़त में दोपहर अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग आसपास की दुकानों तक पहुंच गई। मंडी में रखी प्लास्टिक की कैरेट के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। हालात ऐसे हो गए कि आग की लपटें करीब 40 से 50 फीट तक ऊंची दिखाई देने लगीं, जिन्हें दूर से भी देखा गया।

# दिल्ली में सीएम योगी की गृहमंत्री शाह से मुलाकात



## विभागों के बंटवारे और 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद राजनीतिक सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। एक घंटे चली इस बैठक में नए मंत्रियों को विभाग आवंटन और 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। गृह मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर इस भेंट की पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में विभागों के बंटवारे पर अंतिम फैसला हो गया है। 10 मई को हुए विस्तार में छह नए चेहरों को मंत्री बनाया गया था, जबकि दो राज्य मंत्रियों को कैबिनेट रैंक दी गई। चार दिन बाद भी विभाग न मिलने से अटकलें तेज थीं, जो अब शाह-योगी बैठक के बाद लगभग सुलझ गई हैं।

### सामाजिक समीकरणों पर सरकार का पूरा फोकस

इस बार विभागों का बंटवारा केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मिशन-2027 को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। भूपेंद्र सिंह चौधरी के माध्यम से पश्चिमी यूपी के जाट मतदाताओं को साधने, मनोज पांडेय (सपा छोड़कर आए) के जरिए ब्राह्मण समुदाय को जोड़ने और कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर व कैलाश राजपूत जैसे नए मंत्रियों के माध्यम से दलित तथा पिछड़े वर्गों में सरकार की पैठ बढ़ाने की रणनीति है। जानकारों का मानना है कि योगी और शाह ने नए मंत्रियों को ऐसे विभाग देने पर सहमति जताई है, जिनसे वे अपने समुदाय और क्षेत्र में भाजपा की छवि को और मजबूत कर सकें। यह बैठक 2027 के चुनावी समीकरणों को साधने की दिशा में अहम कदम है। विभागों की घोषणा जल्द होने की संभावना है, जिसके बाद योगी सरकार पूरे दम पर चुनावी तैयारियों में जुट जाएगी।

# अपर्णा के पति प्रतीक को ससुर ने दी मुखाग्नि



- भावुक बेटी ने पापा प्रतीक को दी अंतिम विदाई
- सपा प्रमुख ने चिता पर लकड़ी रखी, प्रणाम किया
- फूट-फूटकर रोईं पत्नी अपर्णा, परिवार रहा मौजूद

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक गुरुवार दोपहर पंचतत्व में विलीन हो गए। लखनऊ में पत्नी अपर्णा यादव के पिता यानी प्रतीक के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने राजधानी लखनऊ के बैकुंठधाम में मुखाग्नि दी। अखिलेश ने भाई की चिता पर लकड़ी रखी और अंतिम प्रणाम किया। प्रतीक की दोनों बेटियां भी श्मशान घाट पर मौजूद थीं। दोनों ने भी पिता की चिता पर लकड़ी रखी। इससे पहले, प्रतीक की अंतिम यात्रा निकाली गई। शिवपाल के बेटे आदित्य ने शव को कंधा दिया। प्रतीक एनिमल लवर थे। शव वाहन पर उनकी डॉग्स और बंदर के साथ वाली तस्वीर लगाई गई। प्रतीक का बुधवार सुबह 6 बजे 38 साल की उम्र में निधन हुआ था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह कार्डिएक अरेस्ट बताई गई। उनके शरीर पर 6 चोटें पाई गईं, जो मौत से पहले लगी थीं। इनमें 3 चोटें 7 दिन पुरानी और 3 चोटें एक दिन पुरानी थीं। उनका विसरा सुरक्षित रखा गया है।

## ट्रक में जा घुसी स्कार्पियो, एक ही परिवार के चार की मौत

**बांदा।** जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। एक स्कॉर्पियो गैस सिलिंडर लदे ट्रक से जा भिड़ी। हादसे में स्कॉर्पियो के चालक सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। वहीं, एक 20 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवती को कानपुर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि सभी मृतक और घायल आजमगढ़ के रामगढ़ के रहने वाले एक ही परिवार के सदस्य हैं, जो कबरई जा रहे थे।







